राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 136 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


जमशेदपुर के मॉल में हुई फायरिंग मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

## 734 करोड़ के जीएसटी घोटाले में चार ठिकानों पर छापेमारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रवर्तन निदेशालय की रांची टीम ने 734 करोड़ रुपये के कथित जीएसटी घोटाले से जुड़े मामले में बुधवार सुबह झारखंड और पश्चिम बंगाल में एक साथ छापेमारी की। जांच एजेंसी ने जमशेदपुर के तीन और पश्चिम बंगाल के चार ठिकानों पर कार्रवाई की। यह कोलकाता के कारोबारी शिव कुमार देवड़ा और अन्य आरोपियों से जुड़े मामले की जांच का हिस्सा है। इडी की टीम ज्ञान चंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल, उनके अकाउंटेंट संजय पारेख और संबंधित लोगों के ठिकानों पर पहुंची। जांच में पता चला कि बिना असली माल की सप्लाई के ऐसी कंपनियों से इनवाइस लिए गए, जिनका अस्तित्व नहीं था। इन फर्जी इनवाइस से नकली जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेने का आरोप है। छापेमारी के दौरान क्क टीमें दस्तावेज, कारोबारी रिकॉर्ड और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर रही हैं। अब तक क्या मिला, इसकी आधिकारिक जानकारी क्क ने नहीं दी है।

# केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में छह प्रमुख रबी फसलों की एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने किसानों और देश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। इसके साथ ही तीन बड़ी योजनाओं के लिए कुल 2,79,157 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। रबी विपणन सीजन 2027-28 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 25 रुपये बढ़ाया गया है। अब गेहूं का एमएसपी 2,610 रुपये प्रति क्विंटल होगा। यह वृद्धि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करेगी। कैबिनेट ने रबी फसलों की मूल्य नीति के लिए 90,962 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। यह राशि रबी विपणन सीजन 2027-28 के लिए निर्धारित की गई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कृषि लागत व मूल्य आयोग (सीएसीपी) द्वारा छह प्रमुख रबी फसलों के लिए एमएसपी की अनुशंसा की गई है। गेहूं की अनुमानित उत्पादन लागत 1,264 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है जबकि इसके लिए सीएसीपी द्वारा

### 2.79 लाख करोड़ रुपये की तीन योजनाओं को मंजूरी



अनुशंसित एमएसपी 2,610 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। वहीं सरसों की अनुमानित उत्पादन लागत 3,367 रुपये प्रति क्विंटल है और इसका अनुशंसित एमएसपी 6,613 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। उन्होंने बताया कि मसूर दाल की उत्पादन लागत 3,854 रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले अनुशंसित एमएसपी 7,390 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है जबकि चने की अनुमानित उत्पादन लागत 3,751 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है, जिसके लिए अनुशंसित एमएसपी 5,958 रुपये प्रति क्विंटल है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि जौ की उत्पादन लागत 1,447 रुपये प्रति क्विंटल है और इसका अनुशंसित एमएसपी 2,286 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है जबकि कुसुम की अनुमानित उत्पादन लागत 4,810 रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले एमएसपी 7,215 रुपये प्रति क्विंटल अनुशंसित किया गया है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय पीएम धारा योजना से संबंधित है। पीएम धारा (डेवलपिंग हार्मोनाइज्ड एंड एक्सलरेटेड रिन्यूएबल एनर्जी एक्सेस) के लिए 1,86,405 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। यह योजना नवीकरणीय ऊर्जा तक पहुंच बढ़ाने में सहायक होगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के लिए भी मंजूरी मिली है। इस सिस्टम के लिए 1,790 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

## झारखंड में सिपाही भर्ती की तैयारी तेज

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में पुलिस सिपाही नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की कवायद तेज हो गई है। राज्य में जिला और पुलिस इकाइयों में सिपाही संवर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों से विस्तृत रिक्ति विवरण मांगा है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश के बाद अब पहले चरण में कुल रिक्त पदों के 50 प्रतिशत पदों पर नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। इसके लिए सभी जिलों और इकाइयों को रोस्टर क्लियरेंस के आधार पर रिक्तियों का सही आंकड़ा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि सिपाही संवर्ग के रिक्त पदों का विवरण तैयार करते समय नियमित रिक्तियों के साथ बैकलॉग रिक्तियों को भी शामिल किया जाए। साथ ही आरक्षण कोटिवार रिक्तियों का स्पष्ट ब्योरा देना अनिवार्य होगा। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड के पत्रांक 15/पी-01/2026-2461 के आलोक में सिपाही संवर्ग की नियुक्ति दो चरणों में करने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीडीओ को सोशल मीडिया पर गोली मारने की धमकी

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड में कार्यरत प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मदन कुमार सुमन को इंटरनेट मीडिया पर गोली मारने की कथित धमकी मिली है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने 'ममता यादव' नाम की इंटरनेट मीडिया आईडी से यह धमकी दी है। धमकी मिलने के तुरंत बाद बीडीओ सह सीओ मदन कुमार सुमन ने स्पष्ट किया है कि मामले की गहन जांच कराई जा रही है। यदि जांच में सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से धमकी देने की बात सच साबित होती है तो प्रशासन दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगा।

### गोलीकांड में घायल रोहित की मौत

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में चंद्रपुरा डीवीसी कॉलोनी के पश्चिमपल्ली में हुए चर्चित गोलीकांड में गंभीर रूप से घायल रोहित सिन्हा की बुधवार तड़के रांची के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही इस सनसनीखेज हत्याकांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। वारदात के दिन ही रोहित के पिता नरेश सिन्हा और मां रेणु देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी। पिछले 13 दिनों से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे रोहित की मौत के बाद अब इस पूरे मामले में नया मोड़ आ गया है।

### स्कूटी-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के घाघरा रोड स्थित उरांव छात्रावास के पास एक स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में 18 वर्षीय एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान चंडाली गांव निवासी भीम कुमार बैगा के रूप में हुई है, जो स्कूटी चला रहा था। वहीं घायलों में बाइक सवार अनुज कुमार साहू, अनिल कुमार, राम प्रकाश महतो और स्कूटी सवार वर्धन मिंज व संजीव कुमार शामिल हैं।

### ट्रकों की ओवरटेकिंग में गयी पान विक्रेता की जान

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** धनसार थाना क्षेत्र के मनईटांड़ में मंगलवार रात दो ट्रकों के बीच ओवरटेकिंग के दौरान साइकिल सवार पान विक्रेता सुरेश चौरसिया की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। करीब 11 घंटे तक लोग मुआवजा और नियोजन की मांग को लेकर सड़क पर जमे रहे। बुधवार को धनसार थाना परिसर में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बातचीत हुई। इसमें मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपए देने पर सहमति बनी।

# गिरिडीह में मिला तांबा का विशाल भंडार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी प्रखंड अंतर्गत बरगंडा क्षेत्र में भूगर्भीय सर्वेक्षण के दौरान उच्च गुणवत्ता वाले तांबा अयस्क के विशाल भंडार की पुष्टि हुई है। राज्य सरकार के भूतत्व विभाग और भारत सरकार के उपक्रम एमईसीएल ने सर्वेक्षण पूरा करके अपनी विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है। भूवैज्ञानिकों ने बरगंडा के आसपास लगभग एक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में इस खजाने की खोज की है। एमईसीएल के रिकॉर्ड में भी गिरिडीह के बरगंडा ब्लॉक के लिए कॉपर की जी-2 स्तर की जनरल एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट दर्ज है। वर्ष 2018 में भूवैज्ञानिकों को गिरिडीह के बरगंडा समेत चार गांवों की जमीन के नीचे तांबा अयस्क होने की जानकारी मिली थी। हजारीबाग स्थित प्रयोगशाला ने प्रारंभिक जांच में सतह के नमूनों से तांबा, जस्ता और सीसा के अंश खोज निकाले। परियोजना प्रमुख तथा छोटानागपुर के उप निदेशक कुणाल कौशल के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने तीन स्थानों पर गहरी ड्रिलिंग की। उच्च कोटि का तांबा अयस्क मिलने पर राज्य सरकार ने भारत सरकार के उपक्रम एमईसीएल को अंतिम सर्वेक्षण का जिम्मा सौंपा। हाल ही में एमईसीएल ने



अपनी विस्तृत सर्वे रिपोर्ट राज्य सरकार को दे दी है। एमईसीएल की आधिकारिक रिपोर्ट सूची में बरगंडा कॉपर ब्लॉक की जी2 स्तर की रिपोर्ट भी उपलब्ध है। ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1923 में पूर्वी सिंहभूम के मुसाबनी में तांबे की खदान खोजी थी। स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने अपने सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड को मुसाबनी में खनन तथा मऊभंडार में उसके प्रसंस्करण की जिम्मेदारी सौंपी। अंग्रेजों ने औपनिवेशिक काल में गिरिडीह के बरगंडा में भी तांबा मिलने के शुरुआती संकेतों के बाद काम शुरू किया था लेकिन वे इसे पूरा नहीं कर सके। देश में मध्य प्रदेश के बालाघाट और राजस्थान के खेतरी के बाद अब गिरिडीह में तांबे का भंडार मिलना राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डेटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के कारण तांबे की वैश्विक मांग तेजी से बढ़ी है। विशेषज्ञ संस्थाओं के अनुसार एक उन्नत एआई डेटा सेंटर बनाने में लगभग 50,000 टन तांबे की खपत होती है। भारी मांग के कारण पिछले तीन वर्षों में तांबे की कीमत में 75 प्रतिशत का उछाल आया है। अक्तूबर 2023 में एक लाख रुपये में मिलने वाला तांबा अब पौने दो लाख रुपये में मिल रहा है। भारत के मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में तांबे की कीमत करीब 1,400 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। हालिया बाजार आंकड़ों में भी एमसीएक्स पर तांबे का भाव करीब 1,400 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास दर्ज हुआ है। झारखंड सरकार के भूतत्व निदेशक कुमार अमिताभ के अनुसार विभाग सर्वे रिपोर्ट का अध्ययन करके आगे की कार्ययोजना तैयार करेगा।

## नवजात की मौत पर अस्पताल में हंगामा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चतरा।** जिले के टंडवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार रात करीब 10 बजे एक नवजात शिशु की मौत के बाद उसके परिजनों और स्थानीय निवासियों ने जोरदार हंगामा किया। हरिनगर गांव निवासी मजदूर प्रमोद भुइयां की पत्नी ने मंगलवार शाम अस्पताल में एक बेटे को जन्म दिया था। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही और समय पर वाहन उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया। लोगों ने टंडवा के चिकित्सा प्रभारी सुदीप कुमार पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि प्रसव संपन्न होने के बाद अस्पताल कर्मियों ने महिला को बेड देने के बजाय बाहर कुर्सी पर बैठा दिया। जब नवजात शिशु की हालत बिगड़ने लगी तो डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। परिजनों ने दावा किया कि स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दो एंबुलेंस मौजूद थी फिर भी प्रबंधन ने समय पर वाहन उपलब्ध नहीं कराया। परिजनों के अनुसार सही समय पर इलाज और एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने के कारण ही बच्चे की मौत हुई। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में इकट्ठा होकर जमकर प्रदर्शन किया। मामले में चतरा के सिविल सर्जन डॉ. सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सा प्रभारी पर लगाए गए सभी आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया। सिविल सर्जन ने कहा कि प्रसूता महिला की गर्भावस्था के दौरान पहले कभी जांच या अल्ट्रासाउंड नहीं हुआ था। नवजात जन्म से ही गंभीर रूप से अस्वस्थ था और डॉक्टरों ने उसे बचाने का पूरा प्रयास किया।

## झारखंड आंदोलनकारियों ने किया चक्का जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारियों की पेंशन समेत विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर राज्यव्यापी बंद का पलामू में व्यापक असर दिखा। सुबह करीब सात बजे सैकड़ों आंदोलनकारी मेदिनीनगर के रेड़मा चौक पर जमा हुए और सड़क पर बैठकर चारों ओर का आवागमन ठप करा दिया। देखते ही देखते रेड़मा चौक से गुजरने वाली प्रमुख सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। ट्रक, बस, चारपहिया और ऑटो समेत किसी भी वाहन को आगे नहीं बढ़ने दिया गया। स्कूल बसें भी जाम में फंस गयीं जिसके बाद कुछ स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। आंदोलन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जाम के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई और कई लोगों को दूसरे रास्तों से अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। शहर थाना की पुलिस मौके पर मौजूद रही। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंद्रधन महतो ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में आंदोलनकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है लेकिन राज्य गठन के वर्षों बाद भी उन्हें सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से लगातार आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन अब आंदोलनकारी आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं।

## गंगा के उफान से रेलवे ट्रैक पर खतरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**साहिबगंज।** गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच साहिबगंज जिले के मालदा रेल मंडल अंतर्गत साहिबगंज-तालझारी रेलखंड पर महाराजपुर स्टेशन के समीप तेज कटाव से रेल परिचालन पर संकट गहरा गया है। झुंझरी पुल के पोल संख्या 219/32 के पास कटाव की धार रेलवे ट्रैक से महज 20 से 30 मीटर की दूरी तक पहुंच गई है। स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए दो पैसेंजर ट्रेनों को अगले आदेश तक रद्द कर दिया है जबकि छह एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन दुमका होकर कराने का निर्णय लिया है। खतरे की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों की टीम मोटर ट्रॉली से कटाव स्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ट्रैक की सुरक्षा के लिए रेलवे ने तत्काल कटावरोधी कार्य शुरू कर दिया है। मालगाड़ियों के माध्यम से बड़ी मात्रा में बोल्डर गिराकर पिचिंग का काम युद्धस्तर पर कराया जा रहा है ताकि कटाव को रेलवे लाइन की ओर बढ़ने से रोका जा सके। रेलवे के अनुसार साहिबगंज-रामपुरहाट पैसेंजर और जमालपुर-रामपुरहाट पैसेंजर ट्रेन को अगले आदेश तक पूरी तरह रद्द कर दिया गया है। वहीं किऊल-मालदा एक्सप्रेस का परिचालन साहिबगंज स्टेशन तक ही सीमित रहेगा। यह ट्रेन साहिबगंज से आगे मालदा नहीं जाएगी। साहिबगंज-बरहरवा रेलखंड के ट्रैफिक इंस्पेक्टर नितिश कुमार के अनुसार छह ट्रेनों को दुमका होकर डायवर्ट किया गया है। इनमें जमालपुर-हावड़ा एक्सप्रेस, गया-हावड़ा एक्सप्रेस और भागलपुर-रांची वनांचल एक्सप्रेस की अप और डाउन सेवाएं शामिल हैं। ट्रेनों के रद्द और मार्ग परिवर्तित होने से दैनिक यात्रियों के साथ लंबी दूरी के यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। यात्रियों को ट्रेनों की स्थिति की जानकारी देने के लिए स्टेशनों पर हेल्प डेस्क सक्रिय कर दिए गए हैं। रेलवे प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### रोलर ने अधेड़ को रौंदा

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के काठो मोड़ स्थित पुल के समीप बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पारही केनाटोली निवासी सत्येन्द्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई।

### मध्यान भोजन खाने से बिगड़ी 48 छात्रों की तबीयत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मरकच्चो प्रखंड में मध्यान भोजन खाने के बाद 48 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। जामु के हरिजन टोला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में यह घटना हुई। पेट दर्द होने के बाद बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को विद्यालय में 62 बच्चे उपस्थित हुए थे। उनके लिए मध्यान भोजन में चावल, दाल और आलू-सोयाबीन की सब्जी बनाई गई थी। शिक्षकों के अनुसार मध्यान भोजन खाने के कुछ ही मिनट के बाद सभी बच्चे अचानक से पेट दर्द से कराहने लगे और देखते ही देखते दर्द से बेचैन बच्चे जमीन पर लोटने लगे। इधर बच्चों को इस स्थिति में देखकर विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीण अलग-अलग वाहनों के माध्यम से आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो पहुंचाया।

# जंगल और वन्यजीवों का संरक्षण वन विभाग की प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से झारखंड वन विभाग की ओर से दो अक्टूबर से वन्यजीव सप्ताह मनाया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को फॉरेस्ट हेडक्वार्टर में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य प्राणी संजीव कुमार सहित विभाग के अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वन्यजीव सप्ताह के दौरान राजधानी रांची के साथ-साथ राज्य के सभी जिलों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें पेंटिंग प्रतियोगिता, साइकिलिंग कार्यक्रम, बाइक रैली और जागरूकता अभियान प्रमुख हैं। कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को वन्यजीवों और जंगलों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य प्राणी संजीव कुमार ने कहा कि



जंगल और वन्यजीवों का संरक्षण वन विभाग की प्राथमिकता है। सीमित संसाधनों के बावजूद विभाग लगातार इस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि वन कर्मियों की कमी जैसी चुनौतियां हैं लेकिन उपलब्ध संसाधनों के साथ संरक्षण कार्य जारी है। उन्होंने पक्षियों के संरक्षण को लेकर भी जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए पक्षियों को सुरक्षित रखने और उनके संरक्षण के लिए भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। वन्यजीव सप्ताह के दौरान मानव और वन्यजीवों के बीच बेहतर समन्वय तथा संरक्षण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा। विभाग का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि जंगल और वन्यजीवों का संरक्षण पर्यावरणीय संतुलन के साथ-साथ मानव जीवन के लिए भी जरूरी है।



# डीएमएफटी योजनाओं की प्रगति की उपायुक्त ने की समीक्षा

**लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने एवं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** उपायुक्त हेमन्त सती ने बुधवार को डीएमएफटी के अंतर्गत संचालित एवं क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, लघु सिंचाई, भवन प्रमंडल, जलपथ विभाग सहित अन्य तकनीकी विभागों द्वारा क्रियान्वित परियोजनाओं के साथ-साथ एनआरईपी, जिला परिषद एवं पुरानी योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डीएमएफटी के वार्षिक प्लान की ऑडिट से संबंधित जानकारी भी ली। उपायुक्त ने कहा कि अब से डीएमएफटी के तहत संचालित कार्यों की जेईवार समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के क्रम में कुछ कार्यस्थलों पर योजनाओं की प्रगति के लिए मजिस्ट्रेट एवं




पुलिस बल की आवश्यकता की जानकारी दी गई। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत आधारभूत संरचनाओं एवं विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण में बुनियादी आवश्यकताओं एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण बालू, बजरी, सीमेंट सहित अन्य निर्माण सामग्रियों के उपयोग तथा संरचनाओं को वॉटरप्रूफ रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही, ताकि निर्माण कार्य मजबूत, गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ हो सके। बैठक में जिला परिषद की योजनाओं एवं पुरानी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बड़कागांव में गुणवत्तापूर्ण बोरवेल कराते हुए हाउस-टू-हाउस कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित जूनियर अभियंता को दिया। वहीं, उप विकास आयुक्त को मनरेगा के तहत शॉकपिट उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को डीएमएफटी एवं अन्य योजनाओं के तहत लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त श्री हेमन्त सती के अलावे उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज तिवारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं जूनियर अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएवी हजारीबाग में हिंदी पखवाड़ा के तहत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** डीएवी पब्लिक स्कूल, हजारीबाग में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, सम्मान एवं रुचि विकसित करने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को एक सशक्त मंच प्रदान करना था। हिंदी पखवाड़ा के दौरान कहानी वाचन, काव्य पाठन, निबंध लेखन, संभाषण प्रतियोगिता एवं हिंदी साहित्य प्रश्नोत्तरी जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा एवं सृजनात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कहानी वाचन प्रतियोगिता में अनिकेत तिवारी, कुमार रिषभ, अनिका श्री एवं ऋषभ ने सराहनीय प्रदर्शन किया। काव्य पाठन प्रतियोगिता में अदिति बक्शी, सुहानी झा, काशवी, लक्षिता, अंश एवं शिकायना ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। संभाषण प्रतियोगिता में आरुषि, शानवी एवं हिमांशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रीना, नीतेश साहू, अस्तित्व सिंह, राज कुमार, तनिष्क एवं पीयूष ने अपनी लेखन प्रतिभा का परिचय दिया तथा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। इस



अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ह्लहिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और विरासत का अभिन्न अंग है।ह्व उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में भाषा के प्रति आत्मीयता विकसित करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास, संप्रेषण कौशल एवं रचनात्मक सोच को भी सुदृढ़ करती हैं। प्राचार्य ने विद्यालय के हिंदी विभाग के प्रयासों की भी सराहना की तथा कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के सार्थक मंच उपलब्ध कराने से उनकी प्रतिभा को उचित दिशा मिलती है और उनमें अपनी भाषा एवं साहित्य के प्रति गौरव की भावना विकसित होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पचम्बा में दुगार्पूजा की तैयारियों का बजा बिगुल, बनी आयोजन की रूपरेखा

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पचम्बा सार्वजनिक दुर्गा स्थान में इस वर्ष दुगार्पूजा को भव्य और व्यवस्थित स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में पचम्बा समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग जुटे और पूजा से लेकर मेला, सुरक्षा, साफ सफाई व भीड़ प्रबंधन तक की तैयारियों पर विस्तार से मंथन किया गया।



बैठक में सर्वसम्मति से संजय कुमार कंधवे को अध्यक्ष और दीपक साह को सचिव चुना गया। समिति में प्रमोद कंधवे और पवन कंधवे को उपाध्यक्ष, जबकि सूरज यादव, सुंदर पांडेय और महादेव पांडेय को उपसचिव की जिम्मेदारी दी गई। अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों के बीच भी अलग अलग जिम्मेदारियां बांटने को लेकर चर्चा हुई। पिछले वर्ष के आय व्यय का रखा गया हिसाब बैठक में वर्ष 2025 की दुगार्पूजा के आय व्यय का पूरा ब्यौरा उपस्थित लोगों के समक्ष रखा गया। खर्च का विवरण सामने आने के बाद लोगों ने आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव भी दिए। मेले में चप्पे चप्पे पर नजर रखेंगे वालंटियर इस बार मेले में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है। मेला परिसर के विभिन्न हिस्सों में वालंटियरों की तैनाती की योजना बनाई गई है। ये वालंटियर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने, आवागमन सुचारू रखने और किसी भी तरह की अव्यवस्था की स्थिति में सहयोग करेंगे।समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि दुगार्पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पचम्बा पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए पूजा और मेले की सभी व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त किया जाएगा। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। बैठक में मौजूद लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### वार्ड 21 में फॉरवर्ड ब्लॉक की कमेटी गठित, जमीन-आवास के मुद्दे पर आंदोलन का ऐलान

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 के माथाडीह में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की बैठक आयोजित कर स्थानीय कमेटी का गठन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण करने की घोषणा की। इस दौरान भूमिहीनों को जमीन, जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास और नगर निगम क्षेत्र में बुनियादी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया। पूर्व जिला परिषद सदस्य सह पार्टी के जिला संयोजक राजेश यादव ने संगठन में



शामिल होने वाले लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि पूरा नगर निगम क्षेत्र विभिन्न जनसमस्याओं से जूझ रहा है। नगर निगम का दायरा तो बढ़ा दिया गया, लेकिन नागरिकों को जरूरी बुनियादी सुविधाएं अब भी पर्याप्त रूप से नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में ऐसे गरीब परिवार हैं, जो पीढ़ियों से यहां निवास कर रहे हैं, लेकिन आज भी जमीन और आवास जैसी मूलभूत जरूरतों से वंचित हैं। राजेश यादव ने आरोप लगाया कि आसपास की कथित सीसीएल की खाली जमीन पर जरूरतमंद गरीब परिवारों का वाजिब हक बनता है, लेकिन इसके बजाय जमीन की लूट की जा रही है। उन्होंने स्थानीय लोगों से जमीन, पक्का आवास और नगर निगम से अनिवार्य नागरिक सुविधाएं हासिल करने के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की अपील की। पार्टी नेता की अपील के बाद बैठक में मौजूद लोगों ने संगठन से जुड़ने की घोषणा की और सर्वसम्मति से 17 सदस्यीय वार्ड कमेटी का गठन किया। कमेटी में विजय कोल को अध्यक्ष तथा सिंटू कुमार दास को सचिव चुना गया। इसके अलावा तीन अन्य सहयोगी पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। नवगठित कमेटी ने घोषणा की कि आगामी 10 अक्टूबर को जुलूस निकालकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा जाएगा। बैठक में विकास कोल, टिको दास, मतलु दास, टीपू दास, सूरज भुइयां, मनोहर दास, राजेश दास, गंगाधर दास, बुधन कोल, दशरथ दास, मनोज दास, टिंकू कुमार, दिनेश कोल, शांति देवी, उर्मिला देवी, सुंदरी देवी, मीना देवी, हलिया देवी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने किया गैस सिलेंडर चोरी मामले का खुलासा, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** कोर्रा थाना पुलिस ने घर से पांच गैस सिलेंडर चोरी के मामले का उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर चोरी गए दो इंडेन गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। वहीं, घटना में प्रयुक्त अपाची मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, 12 सितंबर 2026 को वादी राजीव रंजन के लिखित आवेदन के आधार पर उनके घर से पांच गैस सिलेंडर चोरी होने की शिकायत पर कोर्रा थाना कांड संख्या 168/26, दिनांक 12.09.2026, धारा 331(3)/305 बीएनएस के तहत अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध



मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल कुन्दन कुमार मलहार, पिता स्वर्गीय मनोज कुमार मलहार, निवासी सिन्दुर, थाना कोर्रा, हजारीबाग को उसके घर से विधिवत गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए दो गैस सिलेंडर बरामद किए गए। साथ ही घटना में प्रयुक्त अपाची मोटरसाइकिल संख्या खल02इळ-1453 को जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में उक्त घटना के अलावा यूएचएस विद्यालय, सिन्दुर, हजारीबाग में दो अन्य साथियों के साथ चोरी की घटना को अंजाम देने की बात भी बताई है। आरोपी की निशानदेही पर उसके अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। बरामद सामग्रीः अपाची मोटरसाइकिल 01, इंडेन गैस सिलेंडर 02, गिरफ्तार अभियुक्तः कुन्दन कुमार मलहार, पिता स्वर्गीय मनोज कुमार मलहार, निवासी सिन्दुर, थाना कोर्रा, जिला हजारीबाग।

# गिरिडीह उपचुनाव : भाजपा के चार नामों पर मंथन, किसे मिलेगा टिकट?

**निर्भय शाहबादी, दिनेश यादव, सुरेश साव और प्रो. विनीता के नाम चर्चा में; क्षेत्रीय समीकरण और संगठनात्मक सक्रियता पर टिकी निगाहें**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा के संभावित प्रत्याशी के रूप में फिलहाल चार नामों की चर्चा राजनीतिक गलियारों में जोर पकड़ रही है। इनमें निर्भय शाहबादी, दिनेश यादव, सुरेश साव और प्रो. विनीता के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं। पार्टी के भीतर संभावित दावेदारों को लेकर अलग अलग स्तर पर चर्चा जारी है। टिकट के अंतिम निर्णय में क्षेत्रीय राजनीतिक समीकरण, संगठन के प्रति सक्रियता, स्थानीय पकड़ और पार्टी नेतृत्व की रणनीति जैसे पहलुओं को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, भाजपा की ओर से अभी तक किसी नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में चारों नामों को लेकर चल रही चचार्ओं के बीच अंतिम फैसला पार्टी नेतृत्व के निर्णय पर निर्भर करेगा। उपचुनाव की घोषणा और प्रत्याशी चयन के साथ ही गिरिडीह की राजनीतिक तस्वीर और अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन और अपराध नियंत्रण का एसपी ने दिया निर्देश

**फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान और कोयला परिवहन क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाने पर जोर**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने बुधवार को बड़कागांव थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव अमित आनंद, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न संचिकाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लंबित कांडों, वारंट एवं कुर्की की समीक्षा करते हुए इनके शीघ्र निष्पादन का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। थाना क्षेत्र में फरार चल रहे



अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को भी कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने अवैध मादक पदार्थ से संबंधित लंबित मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा नशे के खिलाफ आम लोगों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। एनटीपीसी एवं अन्य सहयोगी कोल माइंस क्षेत्रों में, जहां खनन एवं परिवहन का कार्य होता है, लगातार गश्ती जारी रखने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि लूट, चोरी, डकैती सहित अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसके अलावा अवैध बालू, कोयला एवं अन्य प्रकार की तस्करी पर रोक लगाने, क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अनुसंधान के लिए लंबित सभी कांडों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निष्पादन तथा संगठित अपराध की घटनाओं पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

# विभावि में अवकाश प्राप्त शिक्षकों के सम्मान में समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के तत्वावधान में तीन वरीय अवकाश प्राप्त प्राध्यापकों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। डॉ सीवी रमन विज्ञान भवन के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार ने की। इस अवसर पर जुलाई और अगस्त 2026 में अवकाश प्राप्त करने वाले हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार गुप्ता तथा डॉ केदार सिंह एवं जंतु विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ किशोर कुमार गुप्ता को भावभीनी विदाई दी गई।




कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के सचिव डॉ गोविंद झा के स्वागत संबोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ एच एन सिन्हा, डॉ एसके अग्रवाल, डॉ सरोज कुमार सिंह, डॉ कौशलेंद्र कुमार, प्रोफेसर तनवीर यूनुस, डॉ गंगानन्द सिंह, डॉ राजकुमार चौबे, डॉ सुबोध कुमार सिंह 'शिवगीत', डॉ सुनील कुमार दुबे, डॉ विनीता बनकीरा ने सभा को संबोधित कर अवकाश प्राप्त शिक्षकों के साथ के स्वर्णिम अनुभवों को साझा किया। यह भी तय हुआ कि जिन शिक्षकों के अवकाश के उपरांत सम्मान समारोह का आयोजन नहीं हो सका है उनके सम्मान में भी विशेष समारोह का आयोजन किया जाएगा। अपने उदगार में अवकाश प्राप्त शिक्षक डॉ कृष्ण कुमार गुप्ता, डॉ केदार सिंह एवं डॉ किशोर कुमार गुप्ता ने संघ के पुनः सक्रिय होने पर खुशी जताई। अपने-अपने सेवा जीवन में सहयोग के लिए सभी साथियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त शिक्षकों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। तीनों शिक्षकों को चीकू के दुर्लभ पौधे भेंट किए गए।

# नोटिस मिलने के बाद ऑनलाइन अपलोड करें जरूरी दस्तावेज, ऐसे चेक करें स्टेटस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** किसी सरकारी सेवा अथवा आवेदन के संबंध में नोटिस प्राप्त होने के बाद संबंधित आवेदक को निर्धारित समय-सीमा के भीतर मांगे गए दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। इसके लिए संबंधित विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर आवेदन से जुड़ी प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। नोटिस में दिए गए आवेदन अथवा संदर्भ संख्या के आधार पर पोर्टल पर लॉगिन कर आवेदन की स्थिति (ट्रैक एप्लीकेशन स्टेटस ) देखी जा सकती है। यदि दस्तावेज जमा करने का विकल्प उपलब्ध है तो उसमें मांगे गए दस्तावेज निर्धारित प्रारूप और आकार के अनुसार अपलोड कर सेव /सबमिट करना होगा। दस्तावेज अपलोड करने के बाद अंतिम रूप से आवेदन जमा होने की पुष्टि करना जरूरी है। ऑनलाइन दस्तावेज जमा करने के बाद आवेदक अपने एप्लीकेशन /रिफरेन्स नंबर के माध्यम से आवेदन की प्रगति भी देख सकते हैं। आवेदन स्वीकृत हुआ है, लंबित है या किसी दस्तावेज की कमी के कारण आपत्ति दर्ज की गई है, इसकी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध हो सकती है।

# आजसू पार्टी में शामिल हुए सैकड़ों जनप्रतिनिधि व समाजसेवी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची/हजारीबाग ब्यूरो।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े सुनील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में वार्ड सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। 29 सितंबर 2026 को रांची में आयोजित कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की मौजूदगी में सभी ने पार्टी की सदस्यता लेकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि वे लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर कार्य करते रहे हैं। आजसू पार्टी के साथ जुड़कर वे आगे भी जनता और समाज के हित में सक्रिय भूमिका निभाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के सुप्रीमो एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, केंद्रीय सचिव सह सदर विधानसभा प्रभारी सिद्धार्थ शंकर राय,



केंद्रीय महासचिव संजय मेहता, केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सुदेश कुमार महतो ने नवागंतुक सदस्यों से पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। वहीं केंद्रीय सचिव सह सदर विधानसभा प्रभारी सिद्धार्थ शंकर राय ने कहा कि सदर विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने के बाद लगातार बड़ी संख्या में लोग आजसू पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही कटकमदाग क्षेत्र में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के पार्टी से जुड़ने की संभावना है। सुनील कुमार पाण्डेय के साथ वार्ड सदस्य मो. आलम, रितेश कुमार, नेहा कुमारी, सोनम कुमारी, जीतू कुमार, पंचायत समिति सदस्य मो. इसराफील, उपमुखिया अवधेश कुशवाहा, आशीष बाबू, श्रवण कुशवाहा, चंदन यादव, अजय पाण्डेय, पवन जिगर पाण्डेय, विकास कुशवाहा, मोंटी राणा, मुकेश ठाकुर, आशीष ओझा, बबलू कुमार साव, मो. शाहिद, संजू कुमार, विशाल प्रजापति, सत्यप्रकाश पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, मो. सुलेमान, राहुल मेहरा, संजय ठाकुर, रंजीत कुमार, बबिता देवी आदि शामिल थे।

# योगीटांड़ में बन रहा 50 हजार लीटर क्षमता का डेयरी प्लांट, डीसी ने परखी निर्माण की गुणवत्ता

**डीएमएफटी से ₹3.45 करोड़ की परियोजना, ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को मिलेगा बेहतर बाजार और मजबूत संग्रहण व्यवस्था**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** योगीटांड़ में निमार्णाधीन डेयरी प्लांट के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं होगा। बुधवार को उपायुक्त रामनिवास यादव ने निमार्णाधीन प्लांट का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यकारी एजेंसी को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्लांट से जुड़ी विभिन्न आधारभूत संरचनाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परियोजना के सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरे हों और निर्माण के दौरान गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए।डीएमएफटी से 3.45 करोड़ से अधिक की परियोजना जिले में दुग्ध



संग्रहण, विधायन और विपणन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से ₹345.41 लाख यानी ₹3 करोड़ 45 लाख 41 हजार की परियोजना प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को संगठित दुग्ध संग्रहण व्यवस्था से जोड़ना, दूध के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना और उत्पादकों को उनके दूध का लाभकारी मूल्य दिलाने की दिशा में आधारभूत व्यवस्था को मजबूत करना है। 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले प्लांट की तैयारी झारखंड सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच हुए समझौते के तहत झारखंड मिल्क फेडरेशन (जेएमएफ) द्वारा संस्थागत दुग्ध संग्रहण के साथ मेधा दूध एवं दुग्ध उत्पादों के विपणन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में एनडीडीबी के टर्नकी आधार पर गिरिडीह में 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी प्लांट की स्थापना की प्रक्रिया जारी है। प्लांट के तैयार होने से ग्रामीण क्षेत्रों में दूध संग्रहण, सुरक्षित भंडारण और विधायन की व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। साथ ही स्थानीय दुग्ध उत्पादकों को संगठित बाजार से जोड़ने और उनके उत्पाद के बेहतर विपणन में भी मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान एनडीडीबी के डीजीएम के.एस. पटेल, मेधा के महाप्रबंधक पवन मारवाहा, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि और परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा, वृद्धाश्रम में विशेष शिविर लगाने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में एसआईआर के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। बैठक के दौरान फॉर्म-6, फॉर्म-6ए, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 से संबंधित अद्यतन प्रगति की विधानसभा क्षेत्रवार समीक्षा की गई। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, प्रविष्टियों में सुधार तथा अन्य संबंधित प्रक्रियाओं के लिए प्राप्त आवेदनों की स्थिति, उनके सत्यापन, प्रसंस्करण एवं लंबित मामलों की जानकारी ली गई। उपलब्ध प्रगति के अनुसार 05 अगस्त 2026 से 29 सितंबर 2026 तक जिले में फॉर्म-6 के कुल 49,612 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं दावा एवं आपत्ति से संबंधित फॉर्म-7 के कुल 569 आवेदन तथा फॉर्म-8 के कुल 55,626 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में इन आवेदनों के निष्पादन की स्थिति एवं लंबित मामलों के कारणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के तहत मतदाताओं को प्राप्त हो रहे नोटिसों की सुनवाई एवं संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों से विधानसभा क्षेत्रवार सुनवाई, दस्तावेजों के सत्यापन तथा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि SIR के तहत प्राप्त नोटिसों के मामलों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप सुनवाई एवं दस्तावेजों का विधिवत सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी पात्र मतदाता को अनावश्यक कठिनाई न हो तथा प्रत्येक मामले में उपलब्ध अभिलेखों एवं दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधारने अथवा हटाने से संबंधित फॉर्म-6, 6ए, 7 एवं 8 भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 है। इस क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों एवं दावा-आपत्तियों की प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने तथा लंबित मामलों के निष्पादन में आवश्यक तेजी लाने को कहा गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री के. रवि कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर-2026 के तहत संचालित सभी गतिविधियों में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से आवेदनों के सत्यापन, नोटिस की सुनवाई, दस्तावेजों की जांच एवं मतदाता सूची में आवश्यक प्रविष्टियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक महत्वपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं विश्वसनीय बनाना है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी पूरी गंभीरता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता, सभी निर्वाची पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, के.रवि कुमार ईसाई मिशनरी द्वारा संचालित अनाथालय 'प्रेमदान' पहुंचे। यहां उन्होंने निवास कर रही महिलाओं एवं सेविकाओं से एसआईआर के तहत फॉर्म भरने एवं मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान में रह रहे बच्चों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों की पहचान एवं आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित प्रक्रिया को नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में पात्रता प्राप्त करने पर उन्हें आवश्यक नागरिक एवं निर्वाचन संबंधी सुविधाएं प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

## पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर, कर्मियों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। प्रखंड की सभी पंचायतों के पंचायत भवन परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों एवं पर्यवेक्षकों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। चिकित्सकीय दल ने कचरा प्रबंधन व साफ-सफाई कार्य में जुटे कर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। साथ ही कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करने और परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर स्वच्छता में जुटे कर्मियों की सेहत की निगरानी कर उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। कर्मियों व पर्यवेक्षकों ने इस पहल को उपयोगी बताते हुए कहा कि नियमित जांच से समय पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान और समुचित इलाज संभव हो सकेगा। स्वच्छता पर्यवेक्षक रौशन कुमार ने बताया कि अभियान के तहत पंचायतों में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में यह शिविर लगाकर सभी कर्मियों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित कराई गई।

# स्वस्थ जीवनशैली ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला : अरुण ऋषि स्वर्गीय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू**। पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) द्वारा कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के बीच स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अरन्या भवन में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अरुण ऋषि स्वर्गीय ने स्वास्थ्य, शरीर के महत्व तथा दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली स्वस्थ आदतों के संबंध में विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम में पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.के. सहगल, स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रेनू सहगल, जीएम (प्रोजेक्ट) बिष्णु दत्ता दाश, जीएम (एफएम) प्रशांत पाटिल, जीएम (ऑपरेशन) अरुण कुमार सिंह, जीएम (कमिशनिंग) आर.के. निरंजन सहित पीवीयूएनएल के कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अरुण ऋषि स्वर्गीय ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ जीवन के लिए दैनिक जीवनशैली में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने शरीर की कार्यप्रणाली को समझने, नियमित दिनचर्या अपनाने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने पर जोर दिया। वार्ता के दौरान उन्होंने एक्यूप्रेशर के विभिन्न बिंदुओं, भोजन एवं दिनचर्या से संबंधित आदतों तथा शारीरिक गतिविधियों के महत्व के बारे में जानकारी दी। नियमित रूप से पैदल चलने तथा नंगे पैर चलने जैसी गतिविधियों के संबंध में अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। इसके अलावा, उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली के लिए विभिन्न सरल तकनीकों एवं दैनिक अभ्यासों के बारे में भी बताया, जिन्हें व्यक्ति अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं को ध्यानपूर्वक सुना और वक्ता द्वारा बताए गए सरल उपायों एवं तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। वार्ता का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ कर्मचारियों और उनके परिवारों को अपनी दैनिक जीवनशैली में सकारात्मक एवं स्वस्थ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का समापन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के संदेश के साथ हुआ।

## मतदाता सूची पुनरीक्षणः मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवादाता**। समाहरणालय सभागार में बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (झारखंड) के. रवि कुमार की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने अधिकारियों को पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया। जिले में 05 अगस्त से 29 सितंबर 2026 तक फॉर्म-6 के 49,612, दावा-आपत्ति से संबंधित फॉर्म-7 के 569 और फॉर्म-8 के 55,626 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में विधानसभा क्षेत्रवार इन आवेदनों के निष्पादन, लंबित मामलों तथा नोटिसों की सुनवाई और दस्तावेज सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि फॉर्म-6, 6A, 7 एवं 8 भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 है। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता को अनावश्यक परेशानी न हो और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए सूची को त्रुटिरहित व अद्यतन बनाया जाए। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता, सभी निर्वाची व सहायक निर्वाची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रफीगंज (औरंगाबाद)**। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत बुधवार को रफीगंज प्रखंड की कोटवारा पंचायत में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वच्छता कर्मियों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता व्यवस्था को और सशक्त बनाना रहा। शिविर का संचालन कोटवारा पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार ने किया। इसमें विभिन्न पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. बरजेश कुमार और एमओ आकाश रंजन ने स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं कर्मियों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान नारायण कुमार, संटू कुमार, बिना कुमारी, मोहम्मद मूसा, रामकुमार यादव, रणधीर कुमार, रामेश्वर चौधरी, मदन कुमार, मोहम्मद मेराज, संजू कुमार एवं अरविंद कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# एसडीओ और डीपीआरओ ने कक्षा में पहुंचकर परखी छात्रों की पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद**। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग निदेशानुसार जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत "उन्नत शिक्षा–उज्ज्वल भविष्य" कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 14 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) में 30 सितंबर 2026 को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नामित वरीय पदाधिकारियों ने संबंधित विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं के उपयोग एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण का जायजा लिया। राज्य सरकार द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में चयनित विद्यालयों को सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में विकसित किया गया है। इन विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ये विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकें। औरंगाबाद जिले में अनुग्रह इंटर कॉलेज (गेट स्कूल), औरंगाबाद, देवांशी उच्च विद्यालय, सुंदरगंज (बारुण), उच्च विद्यालय, चरण महादेवा (नवीनगर), उच्च विद्यालय, डुमरी (कुटुंबा), राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय (देव), उच्च विद्यालय, बेरी (मदनपुर), रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय, रफीगंज, उच्च विद्यालय, रुकुंडी (गोह), उच्च विद्यालय, पथरौर (हसपुरा), राष्ट्रीय उच्च विद्यालय, दाउदनगर, उच्च विद्यालय, ओबरा, अनुग्रह कन्या उच्च विद्यालय, औरंगाबाद, टाउन इंटर विद्यालय, औरंगाबाद तथा राजकीयकृत उच्च विद्यालय, जम्होर को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया गया है।

# नकल अभिनय प्रतियोगिता आयोजित करेगी कांस्यकार पंचायत समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। कांस्यकार पंचायत समिति की बैठक जितेन्द्र कुमार कांस्यकार की अध्यक्षता में मंगलवार को शिव मन्दिर कसेरा टोली में हुई। निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नकल अभिनय प्रतियोगिता मंच का आयोजन किया जाएगा। जो दो, तीन व चार अक्टूबर को शाम पांच से रात्रि 10 बजे तक होगा। पांच अक्टूबर को सभी चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में धीरज गुप्ता, महेश कांस्यकार, संजय उर्फ दुखन कांस्यकार, अमनाथ कांस्यकार, गुड्डू कांस्यकार, गणेश कांस्यकार, आदित्य कांस्यकार, कुंदन कांस्यकार, रितिक कांस्यकार, जैकी कांस्यकार, संजय कुमार, गोविंद, छोटू, सूरज उपस्थित रहे। धीरज कसेरा ने बताया कि पूर्वजों के द्वारा दिया गया अमुल्य धरोहर जितिया संस्कृति है। श्री कसेरा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बाहर से आये हुए अतिथि भक्तों द्वारा संतान प्राप्ति हेतु मन्नत पूरा होने पर जीमूतवाहन गोसाईं के चौरा (ओखली) के पास सोने ,चांदी व पीतल के दिपक जलाते है। माताएं रात्रि में नृत्य करने वाले नृतक को अपने आंचल पर नृत्य

# सड़क के अभाव में 2 किमी के बदले 10 किमी का चक्कर, ग्रामीणों ने की निर्माण की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर बसे कदियाही समेत दर्जनों गांवों के ग्रामीण आज भी पक्की सड़क सुविधा से वंचित हैं। सीधा संपर्क मार्ग न होने के कारण ग्रामीणों को ओबरा प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए करीब 9 से 10 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इस गंभीर समस्या को लेकर कदियाही गांव के समाजसेवी जितेंद्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर आवेदन सौंपा और सड़क निर्माण की मांग की। मुख्यमंत्री को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि पक्की सड़क के अभाव में आम ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। खासकर बरसात के मौसम में आवागमन की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई सीधे तौर पर प्रभावित होती है। उन्होंने ओबरा थाना मोड़ से झांझु बिगहा, कदियाही, भुइयां बिगहा होते हुए देवरिया और कुरमा नरेश हॉल्ट तक पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग रखी है। इस सड़क के बनने से कदियाही के अलावा सोनहुली, हेमजा, रतवार, अदमा और कदियाही खुर्द सहित दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सीधा लाभ मिलेगा। आवेदन पर मुख्यमंत्री स्तर से संज्ञान लेते हुए मामले को सीएम डैशबोर्ड पर अपलोड भी किया गया था। इसके बावजूद करीब तीन माह बीत जाने के बाद भी धरातल पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी निराशा है। उन्होंने विभाग से शीघ्र कार्य शुरू कराने की मांग की है।

# जीमूतवाहन भगवान समेत कई देवताओं को किया आमंत्रित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर जिउतिया लोक उत्सव से जुड़ी एक से एक अनूठी परंपरा है। कसेरा टोली चौक पर पूरी व्यवस्था का इंतजाम कांस्यकार पंचायत समिति करती है। यहां एक अनूठी परंपरा है। बजाप्ता वैवाहिक कार्यक्रम की तिथि तय होती है, आमंत्रण पत्र प्रकाशित किया जाता है। चिरंजीवी जितवाहन गोसाई परिणय आयुष्मति मल्यवती कुमारी की शादी के कार्यक्रम का इसमें विवरण है। इससे सबसे पहले भगवान जीमूतवाहन को आमंत्रित किया जाता है और उसके बाद तमाम देवताओं का आवाहन कर आमंत्रित किया जाता है। धीरज कसेरा ने बताया कि कार्ड सबसे पहले जितिया मंदिर पर उसके बाद ठाकुरबाड़ी, शिवाला पर विभिन्न देवताओं को निमंत्रण चढ़ाया जाता है। इसके बाद कांस्यकार पंचायत समिति परिवार के सभी घरों एवं मुहल्ले के सभी जाति के घरों में जाकर निमंत्रण पत्र (शादी कार्ड) दिया जाता है। जिसमें हल्दी से रंगा हुआ सोपाड़ी व चावल (अच्छत) इत्यादि के साथ दिया जाता है। इस बार प्रकाशित निमंत्रण पत्र में वधू पक्ष का पता जगदीशपुर भोजपुर दिया गया है। इसकी वजह पूछने पर धीरज कसेरा ने बताया कि पूर्वजों के समय से ही ऐसा चल रहा है कि वधू पक्ष में उनका पता किसी दूसरे शहर का दिया जाता है। इससे संपर्क के जो लोग उस शहर में रहते हैं उनको आमंत्रित भी किया जाता है। उन लोगों को भी दाउदनगर से आत्मीय लगाव महसूस होता है। यह दो शहरों के बीच संबंध जोड़ने का सार्थक प्रयास है। उन्हें आमंत्रित भी किया जाता है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण) का कार्यालय, धनबाद, दिनांक: 26.09.2026**

**क्रम संख्या** 1, **ई–निविदा संख्याः** ECR-DCE-DHN-03-26-27, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि** : कोडरमा–तिलैया नई B.G.रेल लाइन परियोजना से संबंधित कोडरमा (Ch. 64.500) से खेरौन्ध (यार्ड को छोड़कर) (Ch. 24.00) के बीच के सेक्शन को चालू करने से जुड़े शेष कार्य एवं सेक्शन खुलने के बाद इसके रखरखाव के कार्य (18 महीने)।, **कार्य का लगभग लागत (रूपये में):** Rs. 81,06,82,748.81/-**ब्याने की राशि (रूपये में):** ब्याने की राशि (रूपये में) **http://www.ireps.gov.in** पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समयः** ई–निविदा बंद होने की तारीख 23.10.2026 को 15:00 बजे तक ई–निविदा खुलने की तारीख 23.10.2026 को 17.30 बजे से, **बेवसाईट का विवरणः http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

नोटः– **(i)** हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी।, **(ii)** प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** अवलोकन करें।, **(iii)** डाक/कूरियर/फैक्स या हाथ से भेजा गया कोई भी ई–निविदा स्वीकार नही किया जाएगा। निविदा की ऐसी सभी मैन्युअल प्रस्तुति, चाहे वह फर्म के लेटर पैड पर हो या समय पर प्राप्त हो, स्वीकार नहीं की जाएगी। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज और पूरी जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप–मुख्य अभियन्ता (निर्माण)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/1026/सीओएन डीएचएन/सीओएनएसटी/टी/26–27/52


# दुर्गोत्सव से पहले धनबाद की बदहाल सड़कों ने बढ़ाई चिंता, 50 से अधिक पंडालों के संपर्क मार्ग खस्ताहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**धनबाद**। दुर्गा पूजा नजदीक आते ही शहर में करीब 200 स्थानों पर पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी बीच नगर निगम की सर्वे रिपोर्ट ने श्रद्धालुओं की चिंता बढ़ा दी है। रिपोर्ट के अनुसार, 50 से अधिक पूजा पंडालों तक पहुंचने वाली संपर्क सड़कें खस्ताहाल हैं और जगह-जगह गड्ढों व जलजमाव की समस्या बनी हुई है। निगम की रिपोर्ट के मुताबिक पॉलिटेक्निक रोड, झारखंडी, चानुडीह, मंडल बस्ती, ठाकुरकुल्ही, बारामुड़ी और लाबर्नी बेरा सहित भूली के विभिन्न ब्लॉक, झरिया, कतरास तथा सिंदरी अंचल के पूजा मार्गों पर गड्ढे मिले हैं। बारिश के पानी से भरे इन रास्तों पर दोपहिया, ऑटो और छोटे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे पूजा के दौरान भीषण जाम की आशंका है। नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने बताया कि कनीय अभियंताओं की स्थलीय सर्वे रिपोर्ट के आधार पर खराब सड़कों की मरम्मत के निर्देश दे दिए गए हैं। पूजा से पूर्व सभी गड्ढों को दुरुस्त कर लिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा न हो। उधर, गया पुल मार्ग पर लगातार बह रहे नाले के पानी के कारण सड़क बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही है। पथ निर्माण विभाग के अनुसार, जलजमाव के चलते मरम्मत टिकाऊ साबित नहीं हो पा रही है। इसके अलावा सरायढेला के पास बलियापुर बाईपास सड़क मरम्मत का टेंडर हो चुका है, जबकि अन्य सड़कों के टेंडर में संवेदकों की कम रुचि के बावजूद विभाग पूजा से पहले तात्कालिक पैचवर्क कराने का दावा कर रहा है।

# कोयले की कमी से संकट में धनबाद का कोक उद्योग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। कोयलांचल की औद्योगिक पहचान में कभी अहम स्थान रखने वाला कोक उद्योग आज गंभीर संकट से गुजर रहा है। धनबाद इंडस्ट्री एंड कॉमर्स एसोसिएशन की 93वीं वार्षिक आम बैठक में उद्योग की मौजूदा स्थिति को लेकर उद्यमियों ने चिंता जताई। उनका कहना है कि कोयले की नियमित और उचित कीमत पर उपलब्धता नहीं होने से हार्ड कोक उद्योग लगातार कमजोर होता जा रहा है। उद्यमियों के अनुसार, धनबाद और उसके आसपास की करीब 90 कोक इकाइयां बंद हो चुकी हैं या उन्हें डिस्मेंटल किया जा चुका है। इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ा है और करीब 25 हजार मजदूरों के बेरोजगार होने तथा पलायन का दावा किया गया है। धनबाद इंडस्ट्री एंड कॉमर्स एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक में कोक उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने अपनी समस्याएं सामने रखीं। बैठक में कोयले की उपलब्धता, कीमत और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर सरकार, कोल इंडिया और बीसीसीएल की नीतियों पर सवाल उठाए गए।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल–57–26, दिनांक 28.09.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल: आसनसोल मंडल के तहत प्रमुख लोड सेंटर पर 3 फेज स्मार्ट मीटर का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 89,77,510.10, **बयाना राशि :** रु. 1,79,600/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य के लिए समापन अवधि :** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 30.10.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps. gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-274/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–471, दिनांक** 28.09.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–471, कार्य का नाम :** "एईएन/भागलपुर के अधीन भागलपुर–दुमका खंड में टिकानी, धौनी, बाराहाट और बारापलासी स्टेशनों के उन्नयन के साथ–साथ प्लेटफॉर्म सतह एवं सर्कुलेशन एरिया के सुधार एवं अन्य यात्री सुविधाओं" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 47,84,409.71, **बयाना राशि :** रु. 95,700/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा करने की तिथि और समय :** दिनांक 12.10.2026 से 26.10.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पट: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। MLD-209/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## महिला का पीछा करने के आरोप में युवक की धुनाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को महिला का लगातार पीछा करने के आरोप में लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया। आजाद पार्क के पास लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवक को भीड़ के कब्जे से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गया शहर के बीएन झा रोड स्थित आजाद पार्क के पास बुधवार को स्थानीय लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया। आरोप है कि युवक पिछले तीन दिनों से एक महिला का लगातार पीछा कर रहा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, युवक के व्यवहार से महिला परेशान थी। उस पर अन्य लड़कियों का भी पीछा करने का आरोप लगाया गया। इसके बाद लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी।

## युवक का शव बरामद

**मुजफ्फरपुर।** रामपुर हरि थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव में बुधवार सुबह सड़क किनारे संदिग्ध स्थिति में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। करीब एक घंटे की जांच-पड़ताल के बाद मृतक की पहचान मीनापुर प्रखंड के पुनर्वास गांव निवासी मुन्ना पासवान के 22 वर्षीय पुत्र चुन्नू कुमार के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, चुन्नू कुमार मंगलवार शाम मेला देखने गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। इसी दौरान बुधवार सुबह सड़क किनारे उसका शव मिलने की सूचना मिली। शव मिलने की खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मृतक टी-शर्ट और जींस पहने हुए था। उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। परिजनों और स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि उसके साथ मौजूद कुछ लोगों ने उसकी हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंका होगा। हालांकि, पुलिस ने अभी हत्या की पुष्टि नहीं की है।

## तटबंध टूटा, इलाके में फैला पानी



**मुजफ्फरपुर।** जिले में गंडक नदी के उफान और लगातार बढ़ते जलस्तर के बीच पारू प्रखंड क्षेत्र के जयमल डूमरी में गंडक नदी का पुराना तटबंध अचानक टूट गया। तटबंध टूटने के बाद नदी का पानी तेजी से नए इलाकों में फैलने लगा, जिससे ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। तटबंध टूटने के बाद इलाके में जलभराव और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। पानी के तेज बहाव के कारण ग्रामीण अपने मवेशियों, खाने-पीने की सामग्री और जरूरी सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुट गए हैं। लोगों को निचले इलाकों से निकलकर ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है घटना की सूचना मिलते ही मुजफ्फरपुर के डीएम कुमार गौरव दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तटबंध पर रहकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को पूरी तरह मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग की टीम मौके पर अलर्ट मोड में काम कर रही है। अधिकारियों ने टूटे तटबंध की जल्द मरम्मत के निर्देश दिए हैं। विभाग के अभियंता कटाव रोधी सामग्री और बालू की बोरियों की मदद से तटबंध को मजबूत करने तथा पानी के फैलाव को रोकने के प्रयास में जुटे हैं।

## दस वारंटी धराये

**नवादा।** न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के निष्पादन को लेकर अकबरपुर थाना पुलिस ने बुधवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में एक साथ दबिश देकर 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेजा गया। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंटों के निष्पादन को लेकर विशेष अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटियों में अकबरपुर निवासी संदीप कुमार उर्फ गुड्डू, पिता शम्भू शरण प्रसाद, बकसंडा निवासी नीरज सिंह, पिता कृवज सिंह एवं रौशन प्रताप सिंह, पिता नरेश सिंह, अलखडीहा निवासी धर्मेंद्र यादव एवं शुगवा यादव, दोनों पिता गाजो यादव, रामदेव मोड़ निवासी दिनेश राम, पिता देवकी राम, कंदुआ निवासी नारायण राजवंशी, पिता सुदामा राम, पंचरुखी कोठी निवासी रणबीर तिवारी, पिता नागेश्वर तिवारी तथा बलिया बुजुर्ग निवासी कन्हैया कुमार एवं राहुल कुमार, दोनों पिता त्रिवेणी सिंह शामिल हैं।

## पेड़ से लटकी मिली महिला की लाश



**शेखपुरा।** जिले के हथियावां थाना क्षेत्र में टाटी नदी किनारे मंगलवार देर शाम आम के पेड़ से साड़ी के सहारे लटकती एक अज्ञात महिला की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के 24 घंटे बाद भी मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने आसपास के करीब एक दर्जन गांवों के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। कारे गांव में एक महिला के लापता होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसके परिजनों को भी शव की पहचान के लिए बुलाया। हालांकि, परिजनों ने मृतका को पहचानने से इनकार कर दिया। ऐसे में पुलिस के सामने अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि महिला कौन थी और टाटी नदी किनारे इस सुनसान जगह तक कैसे पहुंची। साइबर डीएसपी ज्योति कुमारी ने प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या बताया है। वहीं, घटनास्थल पर शव की स्थिति को लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं। थानाध्यक्ष वैभव कुमार के अनुसार, महिला ने जो साड़ी पहन रखी थी, उसी से फंदा बनाया गया था। साड़ी का एक हिस्सा उसके शरीर पर भी लिपटा हुआ था।

## पार्किंग शुल्क में बदलाव

**राजगीर।** राजगीर घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए नालंदा वन प्रमंडल की इंटीग्रेटेड पार्किंग व्यवस्था राहत लेकर आई है। वाइल्ड लाइफ जू सफारी समेत वन क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर लागू इस व्यवस्था के तहत पर्यटकों को अलग-अलग जगह पार्किंग शुल्क देने की जरूरत नहीं होगी। एक ही टिकट पर निर्धारित अवधि तक चार प्रमुख स्थलों पर वाहन पार्क करने की सुविधा मिलेगी। जयप्रकाश उद्यान (जेपी पार्क), वेणुवन और सोन भंडार परिसर में इंटीग्रेटेड पार्किंग सिस्टम लागू किया है। इसका उद्देश्य पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के साथ पर्यटकों को बार-बार शुल्क भुगतान और टिकट लेने की परेशानी से निजात दिलाना है। इस व्यवस्था के तहत पर्यटक चारों पार्किंग स्थलों में से किसी एक स्थान पर निर्धारित शुल्क जमा कर इंटीग्रेटेड पार्किंग टिकट प्राप्त कर सकते हैं। यह टिकट आठ घंटे तक वैध रहेगा। इस अवधि में पर्यटक निर्धारित नियमों के तहत जू सफारी, जेपी पार्क, वेणुवन और सोन भंडार में अपने वाहन की पार्किंग सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। यानी एक ही भ्रमण के दौरान अलग-अलग पर्यटन स्थलों पर जाने पर दोबारा पार्किंग शुल्क नहीं देना होगा।

## लाखों लोग चचरी पुल के भरोसे

**अररिया।** अररिया-किशनगंज सीमा को जोड़ने वाली बकरा नदी के पड़रिया घाट पर बहुप्रतीक्षित पुल के पुनर्निर्माण की कवायद पूरी तरह अधर में लटकी हुई है। विगत 18 जून 2024 को उद्घाटन से ठीक पहले पहली मानसूनी बारिश में ताश के पत्तों की तरह ढहे इस पुल का मलबा आज भी व्यवस्था की विफलता की गवाही दे रहा है। हादसे के बाद विभागीय स्तर पर दिल्ली और हैदराबाद की उच्चस्तरीय विशेषज्ञ जांच टीमों का दौरा हुआ, जिन्होंने जल्द काम शुरू करने का भरोसा दिया था। हालांकि, साल 2026 बीतने को है लेकिन धरातल पर निर्माण की एक ईंट भी नहीं रखी जा सकी। जांच फाइलों में सिमटने के कारण इलाके के करीब दो लाख लोग रोजमर्रा की आवाजाही के लिए नारकीय स्थिति झेल रहे हैं। इस पुल के न बनने से सिकटी, कुसाकांटा, फारबिसगंज और पलासी प्रखंड के दर्जनों गांवों का सीधा संपर्क कटा हुआ है। हाल ही में बकरा नदी के जलस्तर में हुई अप्रत्याशित वृद्धि से ग्रामीणों द्वारा बनाया गया।

### थम नहीं रही छेड़खानी की घटनाएं

# कपल से बदसलूकी, वीडियो वायरल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बिहार के जमुई, समस्तीपुर, बांका और किशनगंज के बाद गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र में घूमने गए एक युवक-युवती के साथ कथित बदसलूकी का मामला सामने आया है। महुआडीह गांव के पास पहाड़ी इलाके में कुछ युवकों द्वारा कपल को घेरकर गाली-गलौज, मारपीट और परेशान करने का आरोप लगाया गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गुरुआ थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक सोमवार दोपहर अपनी एक दोस्त के साथ शेरघाटी थाना क्षेत्र के महुआडीह स्थित पहाड़ी के पास घूमने पहुंचा था। आरोप है कि इसी दौरान कुछ युवकों ने दोनों को रोक लिया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ युवक दिखाई दे रहे हैं, जो कपल के साथ बहस करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

पीड़ित पक्ष की ओर से आरोप लगाया गया है कि युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट भी की। इतना ही नहीं, काफी देर तक दोनों को वहां रोके जाने की बात भी सामने आ रही है। आरोप है कि युवकों ने उनकी गाड़ी की चाबी छीन ली। इसके अलावा गाड़ी के टायर की हवा निकालने और प्लग निकालने की बात भी वीडियो में सुनाई देने का दावा किया जा रहा है।

घटना के बाद सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर इलाके में चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि कुछ युवक आर्यन नाम से सोशल मीडिया आईडी और ग्रुप चलाते हैं। वायरल वीडियो भी इसी नाम से जुड़े एक ग्रुप से सामने आने की बात कही जा रही है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है और न ही वीडियो में दिख रहे सभी लोगों की पहचान सार्वजनिक की गई है।

## एक महीना बंद रहेगा फतुहा-दनियावां मार्ग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** फतुहा-दनियावां मार्ग से आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिए जरूरी खबर है। धोवा/कोल्हर नदी पर बने पुल के एक्सपेंशन ज्वाइंट की मरम्मत के कारण यह मार्ग अगले 30 दिनों तक बंद रहेगा। मरम्मत कार्य के दौरान वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित रहेगी।

यातायात पुलिस ने इस दौरान वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय कर दिया है। पटना से बिहारशरीफ और नवादा जाने वाले वाहन चालकों को अब बदले हुए रूट से जाना होगा। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे बंद मार्ग की ओर जाने के बजाय निर्धारित वैकल्पिक रास्ते का इस्तेमाल करें। धोवा/कोल्हर नदी पर बने पुल के एक्सपेंशन ज्वाइंट की मरम्मत का काम किया जाना है। मरम्मत कार्य को सुरक्षित तरीके से पूरा कराने के लिए मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

# बैंक लूट की आंच पहुंची बिहार, संदिग्ध हिरासत में

### 24 सितंबर को बैंक खुलते ही घुस गए थे हथियारबंद बदमाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित केनरा बैंक में हुई करीब 33 करोड़ रुपये की लूट के मामले में जांच का तार समस्तीपुर से जुड़ता नजर आ रहा है।

मामले की जांच कर रही झारखंड एसआईटी और एसटीएफ की टीम ने बुधवार को स्थानीय पुलिस के सहयोग से समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र और अंगारघाट इलाके में छापेमारी की। इस दौरान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के बोरिया गांव से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। उसे पूछताछ के लिए झारखंड ले जाया गया है। हालांकि, समस्तीपुर पुलिस ने कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

बताया जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सर्विलांस से मिले इनपुट के आधार पर झारखंड पुलिस की टीम समस्तीपुर पहुंची। जांच टीम को आशंका है कि बैंक लूट में शामिल गिरोह के कुछ सदस्यों का समस्तीपुर से संपर्क या यहां आना-जाना रहा है। इसी आधार पर विभूतिपुर और अंगारघाट के अलावा जिले के अन्य संभावित ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है।

जमशेदपुर के गोलमुरी थाना क्षेत्र के मस्जिद रोड स्थित केनरा बैंक शाखा में 24 सितंबर की सुबह पांच हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोला था।

बारिश के बीच रेनकोट और अन्य सामान से खुद को ढके बदमाश बैंक में दाखिल हुए और सुरक्षा गार्ड व बैंककर्मियों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया।

विरोध करने पर गार्ड के साथ मारपीट भी की गई। इसके बाद बदमाशों ने बैंक के चेस्ट और लॉकर को निशाना बनाकर नकदी और सोना लूट लिया।

## 102 किलो गांजे की खेप के साथ तस्कर धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मधुबनी पुलिस ने 102 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 51 लाख रुपये बताई गई है।

एसएसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि मधवापुर थाना की गश्ती टीम को बुधवार रात गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि ब्रह्मपुरी गांव से एक चार पहिया वाहन में गांजा ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर गश्ती टीम ब्रह्मपुरी गांव के पास एनएच पर पहुंची और वाहन जांच शुरू की।

इसी दौरान एक कार तेज रफ्तार में आती दिखाई दी। पुलिस को देखते ही चालक ने वाहन घुमाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान बासोपट्टी, मधुबनी निवासी बिनोद कुमार यादव, पिता स्व. लट्ठा यादव



के रूप में हुई है।

पुलिस ने कार की डिक्की और सीट के नीचे प्लास्टिक की पन्नी में सील किए गए गांजे के कुल आठ पैकेट बरामद किए। तौल करने पर गांजे का कुल वजन 102 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने कार और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

मामले में मधवापुर थाना कांड संख्या 183/26, दिनांक 30 सितंबर 2026 के तहत धारा 8/20(बी)(ii)(सी) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ कर गांजा तस्करी से जुड़े अन्य सुराग जुटाए जा रहे हैं।

## घायल की इलाज के दौरान मौत

**बेरमो।** झारखंड के बोकारो जिले के चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के पश्चिमीपल्ली में 17 सितंबर की देर शाम हुई गोलीबारी में घायल 30 वर्षीय रोहित सिन्हा की बुधवार सुबह रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही इस वारदात में मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। इससे पहले हथियारबंद अपराधियों की अंधाधुंध फायरिंग में डीवीसी के सेवानिवृत्त कर्मचारी नरेश सिन्हा और उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी। रोहित सिन्हा की मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। बुधवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके परिजन विपिन सिन्हा ने रोहित की मौत की पुष्टि की है। वारदात 17 सितंबर की शाम करीब सात से आठ बजे के बीच हुई थी। उस समय क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी। इसी दौरान हथियारबंद अपराधियों ने नरेश सिन्हा के घर पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोली लगने से नरेश सिन्हा और उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# गंगा के उफान से रेलवे ट्रैक पर बढ़ा खतरा

### दो ट्रेनें रद्द, छह हुई डायवर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच साहिबगंज जिले के मालदा रेल मंडल अंतर्गत साहिबगंज-तालझारी रेलखंड पर महाराजपुर स्टेशन के समीप तेज कटाव से रेल परिचालन पर संकट गहरा गया है। झुंझरी पुल के पोल संख्या 219/32 के पास कटाव की धार रेलवे ट्रैक से महज 20 से 30 मीटर की दूरी तक पहुंच गई है। स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए दो पैसेंजर ट्रेनों को अगले आदेश तक रद्द कर दिया है, जबकि छह एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन दुमका होकर कराने का निर्णय लिया गया है।

खतरे की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों की टीम मोटर ट्रॉली से कटाव स्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ट्रैक की सुरक्षा के लिए रेलवे ने तत्काल कटावरोधी कार्य शुरू कर दिया है। मालगाड़ियों के माध्यम से बड़ी मात्रा में बोल्डर गिराकर पिचिंग का काम युद्धस्तर पर कराया जा रहा है, ताकि कटाव को रेलवे लाइन की ओर बढ़ने से रोका जा सके।

रेलवे के अनुसार, साहिबगंज-रामपुरहाट पैसेंजर और जमालपुर-रामपुरहाट पैसेंजर ट्रेन को अगले आदेश तक पूरी तरह रद्द कर दिया गया है। वहीं, किऊल-मालदा एक्सप्रेस का परिचालन साहिबगंज स्टेशन तक ही सीमित रहेगा। यह ट्रेन साहिबगंज से आगे मालदा नहीं जाएगी।

साहिबगंज-बरहरवा रेलखंड के ट्रैफिक इंस्पेक्टर नितिश कुमार के



अनुसार, छह ट्रेनों को दुमका होकर डायवर्ट किया गया है। इनमें जमालपुर-हावड़ा एक्सप्रेस, गया-हावड़ा एक्सप्रेस और भागलपुर-रांची वनांचल एक्सप्रेस की अप और डाउन सेवाएं शामिल हैं। ट्रेनों के रद्द और मार्ग परिवर्तित होने से दैनिक यात्रियों के साथ लंबी दूरी के यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। यात्रियों को ट्रेनों की स्थिति की जानकारी देने के लिए स्टेशनों पर हेल्प डेस्क सक्रिय कर दिए गए हैं। रेलवे प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## राजनीति में सक्रिय होंगी श्वेता शर्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री सह गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू की पत्नी श्वेता शर्मा अपने पति की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए तैयार हैं। वह गिरिडीह विधानसभा का उपचुनाव लड़ेंगी। झामुमो के नेताओं और कार्यकर्ताओं से सहयोग और साथ मांगा है। झारखंड के शिक्षा मंत्री रहे सुदिव्य कुमार सोनू का निधन 5 और 6 सितंबर 2026 की मध्यरात्रि में गिरिडीह के मर्सी अस्पताल में हार्ट अटैक के बाद हुआ था। उनका द्वादशा एवं श्राद्धकर्म 17 सितंबर 2026 (गुरुवार) को गिरिडीह के हरसिंगरायडीह स्थित उत्सव उपवन में हुआ। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री, विधायक और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। सोनू के निधन के कारण गिरिडीह विधानसभा में अब उपचुनाव होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपचुनाव में सोनू की पत्नी श्वेता शर्मा को झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ाने का संकेत दिया है। इसके बाद दिवंगत मंत्री की पत्नी सक्रिय हो गई हैं।

# दुष्कर्म कांड के दोनों आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय के एक होटल में महिला के साथ दुष्कर्म, जानलेवा हमला एवं वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वीडियो वायरल होने और एफआईआर के बाद एक आरोपित विक्रम कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपित रोहिति कुमार फरार चल रहा था।

पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर धावा बोल रही थी। इसी क्रम में पुलिस को पता चला कि रोहित नेपाल भागने की तैयारी में है। इसके बाद उसकी तलाश तेज कर दी गई। समस्तीपुर के मोहिउद्दीननगर से उसे गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे लेकर बेगूसराय लौट रही थी।

रास्ते में उसने पेशाब लगने की बात कही, जैसे ही गाड़ी की रफ्तार धीमी हुई, वह कूद गया। इसमें उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। इसके बाद बछवारा

### नेपाल भागने की फिराक में थे

पीएचसी में उसका इलाज कराया गया। रोहित भगवानपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर वार्ड संख्या चार निवासी उपेंद्र सहनी का पुत्र है। वहीं विक्रम कुमार लोहियानगर के अरुण सहनी का पुत्र है। दोनों आरोपित रिश्ते में साला-बहनोई हैं।

सोमवार की शाम पीड़िता ने नगर थाना पहुंचकर एफआईआर कराई थी। उसने आरोप लगाया कि लोन दिलाने के बहाने युवक उसे ब्लू डायमंड होटल ले गया। वहां दूसरा युवक भी पहुंच गया। दोनों ने चाकू का भय दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो भी बना लिया। बाद में उसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी मनीष ने कार्रवाई शुरू की। इसके बाद दोनों आरोपितों को दबोचा गया।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद सिंह के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को विद्यालय परिवार एवं प्रखंड के नियमित शिक्षकों की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को सम्मानित करते हुए उनके लंबे सेवाकाल को याद किया और उनके स्वस्थ, सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक राज कुमार राय ने की। वक्ताओं ने कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को लगातार लाभ मिला शिक्षकों ने उनके साथ बिताए कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि दिनेश प्रसाद सिंह का सहयोगी व्यवहार और मार्गदर्शन विद्यालय परिवार के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहा। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों की शिक्षा एवं अनुशासन पर भी विशेष ध्यान दिया। शिक्षकों ने कहा कि उनके सेवानिवृत्त होने से विद्यालय परिवार को उनकी कमी महसूस होगी।

# जल जमाव से फूटा लोगों का गुस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मठिया के पास नाली निर्माण नहीं होने और जलजमाव की समस्या से नाराज मोहल्लेवासियों का बुधवार को गुस्सा फूट पड़ा।

आक्रोशित लोगों ने सड़क पर आगजनी कर आरा-सासाराम मुख्य मार्ग और आरा-मोहनिया हाईवे को जाम कर दिया। इससे दोनों मार्गों पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई।

सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब तीन घंटे से मार्ग पर परिचालन बाधित रहने से राहगीरों और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में कई वाहन फंसे रहे।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि इलाके में नाली का निर्माण नहीं होने के कारण बारिश होते ही जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को घरों से निकलने और आने-जाने में परेशानी होती है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। नाली निर्माण और जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग कई बार संबंधित अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। इससे नाराज होकर लोगों ने बुधवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने अनाईठ मठिया के समीप सड़क पर आगजनी कर यातायात रोक दिया। प्रदर्शन के कारण आरा-सासाराम मुख्य मार्ग के साथ आरा-मोहनिया हाईवे पर भी वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई।

जाम की सूचना मिलने के बाद नवादा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर सड़क से हटाने का प्रयास किया।

## कर्मनाशा खतरे के निशान से उपर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** गंगा और कर्मनाशा के बढ़ते जलस्तर ने एक बार फिर बक्सर जिले के तटवर्ती और दियारा क्षेत्रों में बाढ़ की चिंता बढ़ा दी है। बक्सर में गंगा का जलस्तर बुधवार शाम तीन बजे 59.12 मीटर पहुंच गया, जो चेतावनी बिंदु से महज 20 सेंटीमीटर नीचे है। पिछले चार दिनों में गंगा का जलस्तर करीब ढाई मीटर बढ़ चुका है। हालांकि, राहत की बात यह है कि प्रयाग और वाराणसी में जलस्तर घटने लगा है और बक्सर में भी वृद्धि की रफ्तार तीन सेंटीमीटर से घटकर करीब एक सेंटीमीटर रह गई है।

दूसरी ओर चौसा में कर्मनाशा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर 60.75 मीटर पहुंच गया है, जो निर्धारित खतरे के निशान से 36 सेंटीमीटर अधिक है।

केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार बक्सर में बाढ़ के बाद गंगा का जलस्तर घटते हुए 56.81 मीटर तक पहुंच गया था। इसके बाद समुद्री तूफान के प्रभाव से हुई भारी वर्षा और ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में पानी बढ़ने के कारण नदी के जलस्तर में दोबारा तेजी से वृद्धि शुरू हुई।

मंगलवार शाम बक्सर में जलस्तर 58.69 मीटर था, जो बुधवार सुबह आठ बजे 59.03 और सुबह 10 बजे 59.07 मीटर पहुंच गया। इसके बाद वृद्धि की रफ्तार और धीमी हुई तथा शाम तीन बजे जलस्तर 59.12 मीटर दर्ज किया गया।

ऊपरी इलाकों से मिल रहे संकेत बक्सर के लिए फिलहाल राहत देने वाले हैं। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार प्रयाग और वाराणसी में गंगा का जलस्तर अब घटने लगा है, जबकि गाजीपुर में अभी वृद्धि जारी है। मौजूदा प्रवृत्ति को देखते हुए गुरुवार तक बक्सर में भी जलस्तर बढ़ने की रफ्तार थमने और इसके बाद पानी घटने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, चेतावनी बिंदु के बेहद करीब पहुंच चुके जलस्तर को देखते हुए तटवर्ती इलाकों में निगरानी जरूरी हो गई है। इधर, चौसा में कर्मनाशा नदी की स्थिति अधिक गंभीर है। केंद्रीय जल आयोग के चौसा बेस स्टेशन पर बुधवार शाम चार बजे नदी का जलस्तर 60.75 मीटर दर्ज किया गया।

# सैकड़ों घरों में घुसा गंडक का पानी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर/सीतामढ़ी।** नेपाल में गंडक नदी के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा और वाल्मीकिनगर बैराज से पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण गंडक नदी पूरे उफान पर है। गंडक नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि की वजह से लालगंज प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ का संकट गहराने लगा है। केशोपुर और पीड़ापुर गांवों में नदी का पानी प्रवेश कर जाने से करीब 200 घर प्रभावित हुए हैं। वहीं, खजौली गांव में दो स्थानों पर बांध से पानी का रिसाव होने और पीड़ापुर स्थित रिंग बांध पर दबाव बढ़ने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। प्रभावित लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई है।

नेपाल में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण पिछले दो-तीन दिनों से वाल्मीकिनगर बैराज से गंडक नदी में लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ तटवर्ती इलाकों में पानी फैलने लगा है। इसका असर अब लालगंज प्रखंड के गंडक नदी के किनारे बसे इलाकों में भी दिखने लगा है।

केशोपुर और पीड़ापुर में घरों तक पानी पहुंचने से लोगों को आवागमन और दैनिक जरूरतें पूरी करने में परेशानी हो रही है। खजौली गांव में दो स्थानों पर बांध से पानी के रिसाव की सूचना मिलने से आसपास के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई। वहीं, पीड़ापुर स्थित रिंग बांध पर भी पानी का दबाव बढ़ रहा है।

ग्रामीणों को आशंका है कि समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रभावित लोगों का कहना है कि गांवों में पानी प्रवेश करने के बावजूद राहत एवं बचाव कार्य शुरू नहीं होने से उनकी परेशानी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लेने, जरूरतमंदों को भोजन और पेयजल उपलब्ध कराने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही, बांधों की लगातार निगरानी करने और रिसाव को जल्द बंद करने की अपील की है।

**सीतामढ़ी से संवाददाता के अनुसार** सुरसंड के भिट्ठामोड़-चोरोत एनएच 227 पर ढाई फीट पानी का तेज बहाव शुरू हो गया है। इस जलजमाव और तेज धार के कारण वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सुरसंड की दिवारी मतौना पंचायत के सीमियाही गांव में रातो नदी के तटबंध का निर्माण कार्य अधूरा है। तटबंध अधूरा होने से नदी में अचानक उफान आने के कारण पानी सीमियाही गांव के आसपास के इलाकों में फैल गया है।

# सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़, किसानों की समृद्धि का आधार : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। अपने अध्ययन दौरे के क्रम में मालदीव पहुंचे बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिस्कोमान बिहार-झारखंड की वार्षिक आमसभा को ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि किसानों और ग्रामीण समाज को संगठित एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिस्कोमान बिहार और झारखंड में कार्यरत प्रमुख बहुराज्यीय सहकारी संस्थाओं में शामिल है। कृषि आदानों की उपलब्धता, उर्वरक वितरण, किसान सेवा केंद्र, गोदाम और शीतगृह के माध्यम से संस्था किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सहकारिता को नई गति देने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया है। 'सहकार से समृद्धि' के लक्ष्य के तहत पैक्स के कंप्यूटरीकरण, बहुउद्देशीय पैक्स, सहकारी भंडारण, कृषि विपणन और सहकारी संस्थाओं के आधुनिकीकरण पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी सहकारिता को प्राथमिकता दी जा रही है और हजारों पैक्स को डिजिटल एवं बहुउद्देशीय गतिविधियों से जोड़ा गया है। पैक्स के माध्यम से साझा सेवा केंद्र, उर्वरक वितरण, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, बैंकिंग सेवाएं और भंडारण जैसी गतिविधियों का विस्तार हो रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने बिस्कोमान को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात व्यवस्था से जोड़ने को किसानों के उत्पादों के लिए व्यापक बाजार उपलब्ध कराने का अवसर बताया। उन्होंने संस्था से पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, आधुनिक तकनीक और किसान-केंद्रित सेवाओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने पदाधिकारियों, कर्मचारियों, सदस्यों और किसानों को वार्षिक आमसभा की शुभकामनाएं देते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## लहेरियासराय स्टेशन पर नमो भारत एवं जोगबनी-दानापुर इंटरसिटी का ठहराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 94803/94804 जयनगर-पटना - जयनगर नमो भारत रैपिड रेल एवं गाड़ी संख्या 13211/13212 जोगबनी-दानापुर-जोगबनी इंटरसिटी एक्सप्रेस का समस्तीपुर मंडल के लहेरियासराय स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। 2 अक्तूबर 2026 से गाड़ी संख्या 94803 जयनगर-पटना नमो भारत रैपिड रेल 06.28 बजे लहेरियासराय पहुंचेगी तथा यहां से 06.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी जबकि गाड़ी संख्या 94804 पटना-जयनगर नमो भारत रैपिड रेल 21.38 बजे लहेरियासराय पहुंचेगी तथा यहां से 21.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 5 अक्तूबर 2026 से गाड़ी संख्या 13211 जोगबनी-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 10.01 बजे लहेरियासराय पहुंचेगी तथा यहां से 10.03 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी जबकि गाड़ी संख्या 13212 दानापुर-जोगबनी इंटरसिटी एक्सप्रेस 10.43 बजे लहेरियासराय पहुंचेगी।

# जदयू की नीतियों से प्रेरित होकर लोग पार्टी से जुड़ रहे : मंत्री श्रवण कुमार

### जदयू में शामिल हुए विनोद कुमार एवं दीपक कुमार को मंत्री श्री कुमार ने दिलायी सदस्यता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार की उपस्थिति में समाजसेवी विनोद कुमार एवं दीपक कुमार ने मंगलवार को जदयू की सदस्यता ग्रहण की। दोनों नेताओं ने सर्वमान्य नेता एवं विकास पुरुष नीतीश कुमार की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर जदयू में शामिल होने का निर्णय लिया है। मौके पर मंत्री श्री कुमार ने दोनों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि जदयू की विचारधारा, सुशासन, विकास और सामाजिक न्याय की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए साथियों के जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा जनसेवा के कार्यों को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। श्रवण कुमार ने दोनों नवागंतुकों का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की विचारधारा के अनुरूप जनता के बीच सक्रिय रहकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधान परिषद के मुख्य सचेतक संजय सिंह उर्फ गांधीजी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अंजुम आरा, प्रदेश महासचिव अनिल कुमार, बासुदेव कुशवाहा तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# इंडी एलायंस की बैठक हारे हुए नेताओं का मिलन समारोह : ऋतुराज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। भाजपा के राष्ट्रीय संकुल प्रकोष्ठ के सह-संयोजक ऋतुराज सिन्हा ने इंडी एलायंस की बैठक पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने इस बैठक को जनता से नकारे और हारे हुए नेताओं का मिलन समारोह करार दिया है। सिन्हा ने विपक्ष के इस गठबंधन को बिना किसी नीति और विजन का कुनबा बताया।

ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि इस बैठक का देश या लोक-नीति से कोई सरोकार नहीं है। यह सिर्फ कांग्रेस के डूबते जहाज को सहारा देने और राहुल गांधी के विफल नेतृत्व को राजनीतिक ऑक्सीजन देने की एक और हताश कोशिश है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जब भी चुनाव नजदीक आता है, यह गठबंधन जनता के बीच जाने के बजाय अपनी नाकामी छुपाने का बहाना ढूंढने लगता है। विपक्ष चुनाव आयोग की संवैधानिक 'विशेष गहन संशोधन' प्रक्रिया और ईवीएम पर रोना रोने की अग्रिम बुकिंग कर लेता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मान्य लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बदनाम करना अब विपक्ष का स्थायी एजेंडा बन चुका है। भानुमति के इस कुनबे में राजद के तेजस्वी यादव भी अपनी बची-खुची सियासी जमीन तलाश रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि जिनके पास अपने राज्य के विकास के लिए कोई विजन नहीं बचा, वे अब दिल्ली में बैठकर देश सुधारने का ढोंग कर रहे हैं। तेजस्वी यादव की राजनीति केवल तुष्टिकरण के भरोसे टिकी है और यह बैठक बिहार में उनकी खिसकती साख को बचाने का आखिरी मौका मात्र है। उन्होंने अंत में कहा कि न तो कांग्रेस के पास कोई स्पष्ट नीति है और न ही इंडी अलायंस में शामिल राजद जैसी क्षेत्रीय पार्टियों के पास कोई सही नीयत। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासवाद को चुन चुकी है और विपक्ष की इस नकारात्मक व अवसरवादी 'बहानेबाजी की सियासत' को सिरे से खारिज कर दिया है। जनता इंडी एलायंस के डूबते जहाज पर कभी भरोसा नहीं करेगी।

## बिहार के 483 कॉलेजों में ग्रेजुएशन कोर्स में शामिल होंगे एआई से जुड़े नए विषय



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम को लागू कराने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके मद्देनजर राज्यपाल और कुलाधिपति सैयद अता हसनैन द्वारा पाठ्यक्रम के प्रारूप को तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की कमेटी बनाने का निर्देश दिया गया है। बिहार लोक भवन के एक अधिकारी के मुताबिक आने वाले समय में सभी 483 अंगीभूत कालेजों में एआई एंड डाटा साइंस, रोबोटिक्स एंड आईओटी तथा बीएससी-एआई या बीसीए-एआई जैसे विषय पाठ्यक्रम के हिस्से होंगे। इसके अलावा विशेषज्ञों की कमेटी कई नए विषयों को पढ़ाने के लिए सुझाव देगी। राज्यपाल सचिवालय के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि देश के नामचीन प्रोफेशनल यूनिवर्सिटीज के सिलेबस के आधार पर जो पाठ्यक्रम का प्रारुप तय होगा। उसी के आधार पर विश्वविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग समेत अन्य एआई डिग्री पाठ्यक्रम को लागू किया जाएगा। स्नातक स्तर पर बीटेक, बीसीए, बीएससी और स्नातकोत्तर संकाय में एमटेक का सिलेबस एआई पर फोकस होगा। इसमें क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा माइनिंग और विजुअलाइजेन, बिग डेटा एनालिटिक्स, इंटेलिजेंट रोबोटिक्स, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क और इंट्रोडक्शन टू एआई जैसे विषय एआइ पाठ्यक्रम में शामिल किए जाएंगे।

# बिहार के दो जिले बनेंगे टेक्सटाइल हब

### उद्योगों के नेटवर्क और रोजगार के अवसर का रास्ता साफ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई पहल कर रही है। निवेश को बढ़ावा देने के लिए इंवेस्टर्स से जुड़ी कई योजनाएं लाई जा रही है। ऐसे में राज्य के दो जिलों को टेक्सटाइल हब बनाने की तैयारी है। मुजफ्फरपुर और भागलपुर में उद्योगों को स्थापित किया जाएगा। इससे युवाओं के लिए उनके ही जिले में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। मुजफ्फरपुर में लेदर, फुटवियर और टेक्सटाइल आधारित पार्क विकसित किया जा रहा है जबकि भागलपुर सिल्क उद्योग को आधुनिक टेक्सटाइल और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से जोड़ रहा है। मुजफ्फरपुर के महबल में 62.17 एकड़ इलाके में मेगा लेदर और फुटवियर एक्सेसरीज पार्क विकसित किया जा रहा है। यहां बैग, फुटवियर, लेदर और टेक्सटाइल से जुड़े उत्पादन यूनिट्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक टेक्सटाइल पार्क में हाई स्पिरिट कमर्शियल वेंचर्स की 43 हजार वर्गफुट की मॉडर्न उत्पादन यूनिट शुरू की गई है। मुजफ्फरपुर के बेला इंडस्ट्रियल एरिया और महबल में इंडस्ट्रियल शेडों की संख्या बढ़ाई जा रही है। सिल्क सिटी के रूप में पहचान रखने वाला भागलपुर अब टेक्सटाइल के साथ बैग, फुटवियर और होजरी निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल इंडस्ट्रियल यूनिट्स स्थापित करना नहीं बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, कौशल विकास और सहायक उद्योगों का नेटवर्क तैयार करना भी है। मुजफ्फरपुर की भौगोलिक स्थिति और भागलपुर की पारंपरिक टेक्सटाइल पहचान को देखते हुए इन दोनों औद्योगिक केंद्रों से बिहार के साथ पड़ोसी राज्यों और नेपाल-भूटान जैसे बाजारों तक तैयार उत्पाद पहुंचाने की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। गया के डोभी में विकसित हो रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) के पहले फेज को अक्टूबर के मध्य तक चालू करने का लक्ष्य है। बिहटा में विकसित ड्राईपोर्ट राज्य में तैयार होने वाले उत्पादों को देश के प्रमुख समुद्री बंदरगाहों और वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

## बिहार स्कूल परीक्षा बोर्ड की नई पहल : 2026 की परीक्षा के दस्तावेज डीजीलॉकर पर उपलब्ध कराने की योजना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार स्कूल परीक्षा बोर्ड ने 2026 में होने वाली कक्षा 10 और 12 की परीक्षाओं से संबंधित दस्तावेजों को डीजीलॉकर पर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस पहल के तहत छात्र अपने अंक पत्र और प्रमाण पत्र डिजिटल रूप में प्राप्त कर सकेंगे। बिहार स्कूल परीक्षा बोर्ड द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार 2026 की परीक्षाओं के अंक पत्र और प्रमाण पत्र जल्द ही डीजीलॉकर पर उपलब्ध होंगे। एक बार दस्तावेज जारी होने के बाद छात्र उन्हें इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक्सेस कर सकेंगे। दस्तावेज उपलब्ध होने के बाद छात्र उन्हें अपने डिजिटल खातों में देख और सुरक्षित रूप से स्टोर कर सकेंगे। डिजिटल दस्तावेजों की उपलब्धता छात्रों के लिए उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने में सहायक होगी। डीजीलॉकर पर स्टोर किए गए दस्तावेजों को जब भी आवश्यकता हो, एक्सेस किया जा सकता है। इससे दस्तावेजों के खोने, क्षति या प्रामाणिकता से संबंधित समस्याओं को कम किया जा सकेगा। कक्षा 10 और 12 के अंक पत्र और प्रमाण पत्र छात्रों की आगे की पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। ये दस्तावेज उच्च शिक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्तियों, नौकरी के आवेदन और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक हो सकते हैं। डिजिटल प्रारूप में दस्तावेज होने से छात्रों को उन्हें आवश्यकतानुसार आसानी से एक्सेस करने में मदद मिलेगी।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में मना जश्न

### संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा के संस्थान पहुंचते ही छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों में उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



जंदाहा/वैशाली। मुंबई में आयोजित 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टिट्यूट अवार्ड शो 2026' में बेस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ 2026 सम्मान प्राप्त करने के बाद कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा के संचालक एवं संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा के संस्थान पहुंचते ही छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। डॉ. आनंद रंजन झा के पहुंचने पर संस्थान में विद्यार्थियों और स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद मुंबई से प्राप्त अवार्ड ट्रॉफियों और सम्मान-पत्रों का अनबॉक्सिंग किया गया। अवार्ड को सामने देखकर विद्यार्थियों और कर्मचारियों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरा संस्थान कुछ समय के लिए उत्सव एवं सेलिब्रेशन के माहौल में बदल गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अवार्ड ट्रॉफियों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और डॉ. आनंद रंजन झा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। संस्थान के सदस्यों ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान केवल संचालक की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का सम्मान है। गौरतलब है कि मुंबई में आयोजित समारोह में डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए 'बेस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ 2026' सम्मान से सम्मानित किया गया था। समारोह में मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर सोनू शर्मा, मोटिवेशनल स्पीकर शशिश कुमार तिवारी तथा हैलो डिजिटल इंडिया के निदेशक अमजद साठे सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। डॉ. आनंद रंजन झा ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान पूरी कैरियर मिशन टीम और विद्यार्थियों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का उत्साह ही उन्हें शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## पूर्व मध्य रेल ने किया मात्र 182 दिनों में 100 मिलियन टन का माल लदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल ने माल लदान के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 01 अप्रैल से 29 सितंबर, 2026 तक मात्र 182 दिनों में 100.41 मिलियन टन माल लदान किया गया। यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में किये गये लदान से 5.17 मिलियन टन अधिक है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 01 अप्रैल से 29 सितम्बर, 2025 तक 95.24 मिलियन टन माल लदान किया गया था। वहीं, पिछले वित्तीय वर्ष में 100 मिलियन टन का आंकड़ा 10 अक्टूबर, 2025 को अर्थात 193 दिनों में हासिल किया गया था। इस प्रकार पूर्व मध्य रेल ने इस वर्ष 100 मिलियन टन का आंकड़ा 11 दिन पहले ही पार कर लिया है। माल लदान में हुई यह वृद्धि पूर्व मध्य रेल द्वारा बेहतर परिचालन प्रबंधन, मालगाड़ियों की सुचारू आवाजाही तथा ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही बेहतर माल परिवहन सुविधाओं को दर्शाती है। पूर्व मध्य रेल द्वारा माल लदान में निरंतर वृद्धि के लिए लोडिंग क्षमता के बेहतर उपयोग, मालगाड़ियों की औसत गति में सुधार, परिचालन दक्षता बढ़ाने तथा रेल परिवहन को अधिक सुविधाजनक एवं प्रतिस्पर्धी बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल की यह उपलब्धि भारतीय रेल के माल परिवहन को सुदृढ़ करने तथा देश की अर्थव्यवस्था के विकास में रेल की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# स्वास्थ्य मंत्री की अपील, स्वस्थ और टीबी मुक्त बिहार बनाएं

### लोक भवन में 'टीबी मुक्त बिहार' पर उच्चस्तरीय संगोष्ठी आयोजित, राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बिहार लोक भवन, पटना में बुधवार को 'टीबी मुक्त बिहार' विषय पर उच्चस्तरीय विचार-विमर्श संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी में टीबी की समय पर पहचान, जांच एवं उपचार, मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, नई उपचार तकनीकों और जनभागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। मरीजों को उपचार बीच में नहीं छोड़ने के लिए प्रेरित करने तथा उनकी जरूरतों के अनुरूप बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। टीबी से स्वस्थ हो चुके लोगों और फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार बिहार को टीबी मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने राज्यपाल के मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 10 जून 2026 को अधिवेशन भवन में आयोजित 'टीबी मुक्त बिहार' कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा दिए गए सुझावों से विभाग को लाभ मिला था। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि टीबी की जांच एवं उपचार की सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। अगमकुआं, पटना स्थित यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केंद्र सहित दरभंगा, भागलपुर और आईजीआईएमएस, पटना में जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। पावापुरी में केंद्र निर्माणाधीन है। पीएमसीएच, आईजीआईएमएस, एसकेएमसीएच, डीएमसीएच, जेएलएनएमसीएच और एएनएमएमसीएच में ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के नोडल केंद्र स्थापित किए गए हैं। अन्य सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में भी ऐसे केंद्र स्थापित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 38 जिलों में जिला टीबी केंद्र संचालित हैं।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ में राजभाषा पखवारा का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता डा. सनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना द्वारा की गई। इस अवसर पर समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र कुमार यादव, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद, भारत मौजूद थे। समारोह का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ गणमान्य द्वारा पंचदीप प्रज्ज्वलन के साथ ही प्रीति पराशर, फिजियोथेरेपी चिकित्सक द्वारा श्रीगणेश वंदना गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. सनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक द्वारा गृह मंत्री, भारत सरकार का संदेशवाचन, डा. सुजीत कुमार चौधरी, उप चिकित्सा अधीक्षक द्वारा श्रम मंत्री, भारत सरकार का संदेशवाचन, दीपक कुमार, सहायक निदेशक (वित्त) द्वारा श्रम सचिव, भारत सरकार का संदेशवाचन एवं उमेश प्रसाद, उप निदेशक (राजभाषा प्रभारी) द्वारा महानिदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम का संदेशवाचन किया गया। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र कुमार यादव ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि हिंदी को आज साहित्य से आगे ले जाने की आवश्यकता है। हिंदी को ज्ञान ही नहीं, विज्ञान की भाषा, शासन और प्रशासन की भाषा, न्याय और न्यायालय की भाषा बनाने की आवश्यकता है, तभी भारत के आंगन में नवान्न का उत्सव होगा और हिंदी की तुलसीदल पल्लवित होंगे। डा. सनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक द्वारा भी अध्यक्षीय भाषण में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ में पदस्थ सभी अधिकारियों / चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यालय कार्य हिन्दी में ही करने की अपील की गई और कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल को निरंतर विकासोन्मुख करने पर बल दिया गया। समारोह के दूसरे सत्र में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा पुरस्कार / प्रमाण पत्र वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उमेश प्रसाद, उप निदेशक (राजभाषा प्रभारी), डा. सुजीत कुमार चौधरी, उप चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी), दीपक कुमार, सहायक निदेशक (वित्त) भी मंच पर उपस्थित थे। इस दौरान अनिल कुमार, प्रधान निजी सचिव द्वारा हास्य कविता से श्रोताओं का मनोरंजन किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान प्रस्तुति के साथ हुआ। विदित हो कि शिवशंकर सिंह, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी एवं नवीन कुमार यादव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने पूरे पखवाड़ा एवं समापन कार्यक्रम को एक अनुपम एवं उत्कृष्ट आयाम दिया। समारोह में मंच संचालन अनिल कुमार, प्रधान निजी सचिव द्वारा किया गया।

## विद्युत भवन, पटना में टीडीएस/टीसीएस प्रावधानों एवं अनुपालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। आयकर विभाग द्वारा विद्युत भवन, पटना में टीडीएस/टीसीएस विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अरविंद कुमार ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीडीएस/टीसीएस से संबंधित कर प्रावधानों की बेहतर समझ विकसित करना, कर अनुपालन को सुदृढ़ करना तथा वित्तीय कार्यप्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आयकर आयुक्त के. एल. कनक ने टीडीएस/टीसीएस से जुड़े महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इससे दैनिक कार्यालयी कार्य में कर अनुपालन एवं वित्तीय कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने टीडीएस/टीसीएस की आवश्यकता एवं महत्व, कर अनुपालन की प्रक्रिया, पारदर्शिता तथा वित्तीय प्रक्रियाओं से संबंधित विभिन्न प्रावधानों एवं व्यावहारिक विषयों पर प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को टीडीएस/टीसीएस प्रावधानों के सही अनुपालन, वित्तीय लेन-देन में आवश्यक सावधानियों तथा कर संबंधी प्रक्रियाओं को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों की अकाउंट्स और फाइनेंस प्रशाखाओं के साथ क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

# बी.डी. कॉलेज में अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन

### रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज ने 3 स्वर्ण व 2 रजत पदकों के साथ जीती ओवरऑल चैंपियनशिप, बी.डी. कॉलेज रहा उपविजेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। बी.डी. कॉलेज, पटना के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर-महाविद्यालय बॉक्सिंग (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 2026-27 का बुधवार को बी.डी. कॉलेज परिसर में भव्य एवं सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रिंग में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन, जोश, अनुशासन और खेल भावना ने पूरे आयोजन को रोमांचक बना दिया। पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज ने कुल 3 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक अर्जित कर ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। मेजबान बी.डी. कॉलेज, पटना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण एवं 2 रजत पदकों के साथ रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। आरकेडी कॉलेज के लिए पुरुष वर्ग में 90+ किग्रा तथा 70-75 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण पदक और 47-50 किग्रा में रजत पदक प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में 48-51 किग्रा में स्वर्ण तथा 51-54 किग्रा में रजत पदक हासिल किया गया। अन्य मुकाबलों में सी.ओ.सी. कॉलेज ने पुरुष 51-54 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। टी.पी.एस. कॉलेज के खिलाड़ी ने 47-50 किग्रा, एस.यू. कॉलेज हिलसा के खिलाड़ी ने 50-60 किग्रा, नालंदा कॉलेज के खिलाड़ी ने 50-55 किग्रा, ए.एन. कॉलेज के खिलाड़ी ने 60-65 किग्रा तथा एस.जी.जी.एस. कॉलेज के खिलाड़ी ने 65-70 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग में अरविंद महिला कॉलेज की खिलाड़ी ने 60-65 किग्रा में स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि 45-48 किग्रा वर्ग में रजत पदक प्राप्त हुआ। विभिन्न वजन वर्गों में अन्य महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम : प्रो. दिवाकर प्रसाद समापन समारोह को संबोधित करते हुए बी.डी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, धैर्य और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।

# संपादकीय

## क्या दिल्ली में अब भी सुरक्षित नहीं हैं महिलाएं?

दिल्ली-एनसीआर में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते यौन अपराधों और प्रशासनिक विफलता पर सुप्रीम कोर्ट के स्वतः संज्ञान व जवाबदेही तय करने को लेकर अहम टिप्पणियां की हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जो काम सरकार को खुद करना चाहिए, उसके बारे में या तो अदालतें याद दिलाती हैं या फिर आम जनता को सड़क पर उतर कर आंदोलन करना पड़ता है। यह किसी भी सरकार के लिए शर्मिंदगी का मामला होना चाहिए कि आए दिन 'सब ठीक है' के सरकारी दावे के बरक्स ऐसी घटनाएं हो रही होती हैं, जो कानून-व्यवस्था की लाचारगी को ही दिखाती हैं।दिल्ली में चौकसी के तमाम दावों के बावजूद महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा मे कमी नहीं आ रही है, तो यह प्रशासनिक तंत्र की नाकामी ही है। शायद यही वजह है कि दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सामूहिक बलात्कार की कई घटनाओं के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और प्रशासनिक तंत्र को कठघरे में खड़ा किया है।दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को हाल के दिनों में दिल्ली में सामने आए बलात्कार के कई मामलों का स्वत~ संज्ञान लिया। इनमें एक पार्क में सामूहिक बलात्कार और चलती बस के अंदर नाबालिग के खिलाफ यौन हिंसा की घटना भी शामिल हैं। अदालत ने साफतौर पर दर्ज किया है कि दिल्ली-एनसीआर में यौन हिंसा की घटनाएं कानून लागू करने वाली एजंसियों की ओर से बुनियादी सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक व्यवस्थित विफलता को रेखांकित करती हैं।कहीं भी जब जघन्य अपराधों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जाती है, तो इसका मतलब यही होता है कि वहां शासन-प्रशासन हालात को संभालने में नाकाम है और इसका खमियाजा आखिरकार साधारण जनता को उठाना पड़ता है। दिल्ली में जब वर्ष 2012 में चलती बस में निर्भया के बलात्कार और उसकी बर्बर हत्या का मामला सामने आया था, तब समूचे देश में आक्रोश फैल गया था।व्यापक आंदोलन के बाद जस्टिस जेएस वर्मा समिति ने महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा पर विस्तृत सिफारिशें दी थीं। तब समाज में दिखी जागरूकता और सरकार की सक्रियता से यह उम्मीद बंधी थी कि कम से कम आने वाले वक्त में महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित कराया जा सकेगा। हकीकत यह है कि उस त्रासद घटना के बाद भी न तो महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा में कमी आई, न ही सरकार या पुलिस की कार्यशैली में कोई खास बदलाव दिखा।ऐसी हर वारदात के बाद अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जैसी सरकारी औपचारिक घोषणाएं होती रहीं, लेकिन आज भी हालत यह है कि आए दिन दिल्ली-एनसीआर में सामूहिक बलात्कार जैसी जघन्य वारदात की खबरें अक्सर आती रहती हैं।इस संबंध में शीर्ष अदालत ने ठीक कहा है कि सामूहिक बलात्कार के मामलों में जवाबदेही तय करना जरूरी है।

**भारत में उपलब्ध टैलेंट एवं श्रम के भरोसे विश्व की कई बड़ी कम्पनियों के बीच आज भारत में विशाल वैश्विक योग्यता केंद्रों (जीसीसी) की स्थापना करने की होड़ सी लग गई है। ब्रिटेन में फार्मा के क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनी - एस्ट्रा जेनेका ने चेन्नई में एक विशाल वैश्विक योग्यता केंद्र की स्थापना की है। बैंक ऑफ अमेरिका ने अपना सबसे बड़ा बैक ऑफिस कार्यालय पुणे में स्थापित किया है, इस बैंक के पूरे विश्व में बैक ऑफिस में कार्य कर रहे 11,000 कर्मचारी इस केंद्र का ब्रेन बन गए हैं। अमेरिका के सबसे पुराने वित्तीय संस्थानों में से एक बैंक ओफ न्यूयॉर्क, मेलोन ने पुणे एवं चेन्नई में वैश्विक योग्यता केंद्रों की स्थापना की है।**

# भारत चल पड़ा है नई औद्योगिक क्रांति के पथ पर

( प्रह्लाद सबनानी )

इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत आज केवल पुर्जों को इकट्ठा कर उत्पाद बनाने का कार्य करने तक सीमित नहीं है बल्कि इस क्षेत्र में उच्चस्तरीय उत्पादों का निर्माण भी करने लगा है। 6 वर्षों में मोबाइल कम्पोनेंट में घरेलू वैल्यू एडीशन लगभग 20 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

भारत में आज एक नई औद्योगिक क्रांति प्रारम्भ हो चुकी है, यह विचार अमेरिका की एक जानी मानी निवेश बैंक- जेफ्रीज ने व्यक्त किये हैं। भारत में, विशेष रूप से डाटा केंद्र स्थापित करने के उद्देश्य से करोड़ों अमेरिकी डॉलर का निवेश होता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत में डाटा केंद्र स्थापित करने पर केंद्र सरकार की ओर से टैक्स में भारी भरकम छूट भी प्रदान की जा रही है। अतः भारत में डाटा केंद्र स्थापित करने की तो जैसे होड़ सी मच गई है। पिछले 5 वर्षों के दौरान भारत में डाटा केंद्रों की क्षमता दोगुनी हो चुकी है एवं आगे आने वाले 5 वर्षों के दौरान यह क्षमता बढ़कर 10 जीडब्ल्यू हो जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। वैश्विक स्तर पर डाटा केंद्र अब एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभर रहा है।

साथ ही, भारत में सेमीकंडक्टर उत्पादन इकाईयों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जा रहा है, इसके लिए 1,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि निर्धारित की गई है। इसका परिणाम यह है कि सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना हेतु भारत में 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जा चुका है, और यह आगे भी जारी हैं।

भारत आज उन चुनिंदा देशों में से एक है, जिनके पास स्पेस क्षेत्र से सम्बंधित नवीनतम तकनीकी उपलब्ध है। भारत में स्पेस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक 5 गुना तक बढ़ सकती है। वैश्विक स्तर पर एयरो स्पेस के क्षेत्र में मांग एवं आपूर्ति में असंतुलन के चलते भारत लाभ की स्थिति में पहुंच गया है क्योंकि कम लागत और कुशल इंजीनीयरिंग टैलेंट आज भारत में ही सम्भव है।

इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत आज केवल पुर्जों को इकट्ठा कर उत्पाद बनाने का कार्य करने तक सीमित नहीं है बल्कि इस क्षेत्र में उच्चस्तरीय उत्पादों का निर्माण भी करने लगा है। 6 वर्षों में मोबाइल कम्पोनेंट में घरेलू वैल्यू एडीशन लगभग 20 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

सोलर के क्षेत्र में भारत आज वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा सोलर पीवी का उत्पादक देश बन गया है। इसका परिणाम यह है कि वर्तमान में भारत की 35 जीडब्ल्यू की सोलर क्षमता चालू है एवं 100 जीडब्ल्यू की क्षमता पर निर्माण कार्य चालू है।

एशिया की सबसे बड़ी 100 कम्पनियों की सूची में आज भारत की 34 कम्पनियां शामिल हो



चुकी हैं। कुल मिलाकर, पूर्व में भारत केवल फार्मा, टेक्स्टायल, चमड़ा उत्पाद, कृषि उत्पाद (मसाला, आदि) स्टील, ऑटोमोबील एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में ही वैश्विक स्तर पर उक्त उत्पादों का निर्यात करने में सफल हो रहा था परंतु आज स्थितियां बदल गई हैं एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे डाटा केंद्र, सेमीकंडक्टर उत्पादन, स्पेस क्षेत्र, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र, सोलर क्षेत्र, सुरक्षा क्षेत्र में भी वैश्विक स्तर पर भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

भारत में उपलब्ध टैलेंट एवं श्रम के भरोसे विश्व की कई बड़ी कम्पनियों के बीच आज भारत में विशाल वैश्विक योग्यता केंद्रों (जीसीसी) की स्थापना करने की होड़ सी लग गई है। ब्रिटेन में फार्मा के क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनी - एस्ट्रा जेनेका ने चेन्नई में एक विशाल वैश्विक योग्यता केंद्र की स्थापना की है। बैंक ऑफ अमेरिका ने अपना सबसे बड़ा बैक ऑफिस कार्यालय पुणे में स्थापित किया है, इस बैंक के पूरे विश्व में बैक ऑफिस में कार्य कर रहे 11,000 कर्मचारी इस केंद्र का ब्रेन बन गए हैं। अमेरिका के सबसे पुराने वित्तीय संस्थानों में से एक बैंक ओफ न्यूयॉर्क, मेलोन ने पुणे एवं चेन्नई में वैश्विक योग्यता केंद्रों की स्थापना की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में कार्य करने वाली बोस्टन की एक कम्पनी ने फरवरी 2026 में हैदराबाद में विशाल स्तर पर अपने एक अंतरराष्ट्रीय कार्यालय की स्थापना की है। बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई एवं पुणे में आज 1,700 से अधिक वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, इन केंद्रों में 19 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। भारत आज आउटसोर्सिंग हब से आगे बढ़कर उच्च स्तरीय टैलेंट केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। भारत में स्थापित किए गए कुल वैश्विक योग्यता केंद्रों में से लगभग 65 प्रतिशत केंद्र अमेरिकी कम्पनियों द्वारा स्थापित किए गए हैं। इन कम्पनियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही रीसर्च का कार्य इन केंद्रों पर सम्पन्न हो रहा है एवं टेक्नॉलजी के क्षेत्र में नए नए उत्पादों का निर्माण भी इन्हीं केंद्रों में किया जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही अमेरिका की ही एक कम्पनी ट्रूब्रिज ने भी फरवरी 2026 में मुंबई में वैश्विक योग्यता केंद्र की स्थापना की है, इस केंद्र को आगे आने वाले समय में और अधिक विस्तार दिया जाने वाला है। इसी प्रकार, बीमा, बैंकिंग, स्वास्थ्य, साइबर सिक्युरिटी, फार्मा एवं सुरक्षा के क्षेत्रों में कार्यरत अनेक कंपनियां भारत में अपने वैश्विक योग्यता केंद्रों की स्थापना कर रही हैं।

पूर्व में, अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों को भारत से ब्रेन ड्रेन हो रहा था, परंतु अब परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं एवं अब विशेष रूप से अमेरिका से भारत को रिवर्स ब्रैन ड्रेन होने लगा है क्योंकि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के चलते अन्य देशों से अमेरिका में जाने वाले टैलेंट का अमेरिका में रहना अब मुश्किल हो रहा है। अमेरिका एवं अन्य यूरोपीयन देशों में पूंजीवाद एवं साम्यवाद की नीतियों के चलते इन देशों में जन्म दर भी लगातार कम हो रही है। इन देशों में समाज में प्रत्येक व्यक्ति केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित किए हुए है। विवाह जैसी अति पवित्र संस्था को पश्चिमी देशों ने केवल मौज मस्ती का माध्यम बना दिया गया है। केवल कामुकता के लिए विवाह नहीं किया जाता है जबकि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है। भारतीय दर्शन में अपने कुल को आगे बढ़ाने के लिए विवाह को एक पवित्र संस्था माना गया है। जबकि, पश्चिमी देशों में आज विवाह को आवश्यक ही नहीं माना जा रहा है बल्कि वहां के नागरिक लिव इन रिलेशनशिप में भी रहने लगे हैं। इन देशों में तलाक की दर में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हो रही है। इन देशों में सामान्य जीवन यापन की लागत बहुत अधिक महंगी हो रही है। साथ ही, पश्चिमी दर्शन में पुनर्जन्म में विश्वास नहीं किया जाता है, जो कुछ भी भोगना है केवल इसी जन्म में सम्पन्न करना है। अतः इन देशों में अपनी पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए बच्चे पैदा करना आवश्यक नहीं समझा जा रहा है। इन देशों में समाज की जीवन शैली ही इस प्रकार की बन गई है कि केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित करें एवं अपनी काया को किसी प्रकार का कष्ट नहीं होना चाहिए, परिवार पर एवं समाज पर किसी नागरिक का ध्यान बहुत कम है। पश्चिमी देशों में नागरिक, मैं और केवल मैं किस प्रकार अधिक से अधिक सुखी रह सकता हूं, इस विषय पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। यह विशेषताएं पूंजीवाद एवं साम्यवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं में बहुत मुखर रूप से उभर का सामने आती है। बच्चे पैदा करने का निर्णय भी बचत एवं खर्च की दृष्टि को सामने रखकर लिया जा रहा है। चूंकि मैं अपने बच्चे पर होने वाले खर्च को वहन नहीं कर सकता हूं अतः मुझे बच्चे पैदा ही नहीं करना है। पश्चिमी देशों में सामान्य परिवार चलाने की लागतें बढ़ती जा रही है अतः परिवार में डबल इनकम नो किड्ज़ (डिंक) का विचार भी जोर पकड़ता जा रहा है। इन देशों में पूंजीवाद एवं साम्यवाद पर आधारित आर्थिक नीतियों ने नागरिकों को दिमागी तौर पर दिवालिया बना दिया है। इन देशों में नागरिकों का पूरा ध्यान केवल भौतिकवादी विकास पर ही केंद्रित हो गया है। परिवार एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास समाप्त सा हो गया है।

आज पश्चिमी देशों के नागरिक, विशेष रूप से प्रौढ़ नागरिक, जीवन के अपने अंतिम पलों को सहज बनाने के उद्देश्य से भारत में शिफ्ट हो रहे हैं। भारत की अध्यात्म नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि स्थानों पर विकसित देशों के नागरिकों की जैसे बाढ़ सी आ गई है। कुछ देशों के नागरिक गोवा जैसे राज्यों में भी आकर बस रहे हैं।

# कार ने बदल दिया हमारा समाज? कैसे निजी वाहन ने लोगों को एक-दूसरे से दूर कर दिया

( सदाशिव श्रोत्रिय )

कार ने भारतीय जीवन में सिर्फ आवागमन की सुविधा नहीं बढ़ाई बल्कि लोगों की सामाजिक सोच और जीवनशैली को भी प्रभावित किया।

लोग ऐसा मानते हैं कि मोबाइल ने भारतीय जीवन को कई तरह से प्रभावित किया है, पर मेरी मान्यता है कि उससे भी पहले कार के आगमन ने भी उसे काफी गंभीरता से प्रभावित किया था। कार के आते ही हमारा समाज जैसे दो हिस्सों में बंट गया- कार वाले लोग और बिना कार वाले लोग। आमतौर पर होता यही है कि कार में बैठते ही हम अपने आप को साथ के बहुत से लोगों की दुनिया से अलग कर लेते हैं। उस दुनिया से, जिसमें लोग किसी सड़क पर थूकते हैं और उसी सड़क पर चलते भी हैं। उस दुनिया से, जिसमें लोग अपना सामान खुद ढोते हुए चलते हैं और जिसमें लोगों के लिए बहुत दूर की किसी जगह जाने के लिए सार्वजनिक वाहन ही एकमात्र विकल्प है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि मनोवैज्ञानिक तौर पर कार किसी व्यक्ति को बाहरी दुनिया से जैसे एक सुरक्षित पनाहगाह में ले जाती है। कार में बैठ कर उसे ऐसा लगता है, जैसे उसने बहुत से आक्रामक बलों से रक्षा के लिए कोई कवच धारण कर लिया हो। जैसे लोग पहले अपने किसी रिश्तेदार से या किसी परिचित से आलंबन की उम्मीद करते थे, वैसे अब वे अपने लिए सहारा कार, भूखंड या बैंक में रखे हुए धन में ढूंढते हैं।

अपनी निजी कार में बैठे हुए कोई अपने साथ के बहुत से लोगों से, अपने मां-बाप और उनके सपनों से कट जा सकता है। लोगों को पता भी नहीं चलेगा और वे सबसे कट जाएंगे। हालांकि इस बात को कोई भी आसानी से समझ सकता है कि भारत में लोगों के लिए आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाना है, तो इसके लिए सार्वजनिक परिवहन सेवा को मजबूत करना होगा। मगर आम आदमी के लिए इस सार्वजनिक परिवहन सेवा का हाल आज किसी से छिपा नहीं है।

एक पहलू यह भी है कि किसी व्यक्ति या परिवार की आर्थिक स्थिति पर कार एक बड़ा बोझ है। कार का होना लोगों को आलसी और फिजूलखर्ची बनाता है। अपनी आय का बहुत बड़ा भाग व्यक्ति कार पर खर्च कर डालता है। एक व्यक्ति की तनख्वाह लंबे समय तक अटकती है, तो वह उधार लेकर अपना काम चलाता है। लंबे समय के बाद जब उसे अपनी तनख्वाह का बकाया पैसा मिला, तो उसने देखा कि उसका बहुत बड़ा हिस्सा वह कार से इधर-उधर घूमने में उड़ा चुका होता है। कार पास में हो, तो व्यक्ति का अकारण ही कहीं भी उसी से जाने का मन हो जाता है। एक बार कार का चस्का लग जाए, तो बस या ट्रेन से यात्रा करना परेशानी भरा लगने लगता है।

कार श्रेष्ठता, शक्ति, प्रगति और साहसिक यात्रा का झूठा आभास कराती है, जबकि वास्तव में वह व्यक्ति पर एक तरह का बोझ और जिम्मेदारी लादती है। साइकिल चलाना हमारे जीवन को ज्यादा अर्थपूर्ण बनाता है, क्योंकि वह हमारी शारीरिक ऊर्जा को उपलब्धि और साहसिक यात्रा में बदल देता है।

हर व्यक्ति को किसी उपलब्धि के लिए स्वयं कुछ प्रयास और श्रम करना पड़ता है। पर कार को बहुत से लोग एक ऐसी 'रेडीमेड' या तैयार उपलब्धि के रूप में देखते हैं, जिसे एक व्यक्ति दूसरे के पास बिना कोई श्रम किए स्थानांतरित कर सकता है। कार के स्वामित्व से ही व्यक्ति की अर्हता में वृद्धि हो जाती है, ऐसी गलतफहमी बहुत-से लोगों को होती है। एक अमीर पिता अपने लड़के या लड़की को एक मंहगी कार दिला कर इस तरह की गलतफहमी पाल लेता है। अपने किसी गुणविहीन पुत्र को एक उम्दा कार दिला कर कई अमीर पिता यह मान लेते हैं कि उन्होंने अपनी संतान को सामाजिक दृष्टि से अधिक महत्त्वपूर्ण और सम्मानित बना दिया। इस तरह की सोच हास्यास्पद है, पर कारों के व्यापारी इस मनोवैज्ञानिक सोच से भलीभांति वाकिफ होते हैं।

कार से कहीं भी जाना-आना एक तरह का नशा है, जिसकी लत एक बार लग जाने पर बहुत मुश्किल से ही छूटती है। कार हाथ में आते ही आदमी अपनी हर इच्छित जगह जाने के लिए उतावला हो जाता है। कई बार गैरजरूरी तरीके से भी। इसके लिए उसे कितना पेट्रोल और पैसा खर्च करना पड़ेगा, इस बारे में वह अक्सर सोचना ही बंद कर देता है। अगर कार में घूमने वाला व्यक्ति परिस्थितिवश आवागमन के लिए किसी अन्य सार्वजनिक साधन का उपयोग करने के लिए मजबूर हो जाए, तो वह और उसके परिचित इसे उसके 'वर्गच्युत' हो जाने के रूप में ही देखते हैं। कई समृद्ध बुजुर्गों में अक्सर बहुत इधर-उधर जाने की शारीरिक क्षमता शेष नहीं रहती, फिर भी किसी कार का उपयोग करने के लिए वे महीने की तनख्वाह देकर एक ड्राइवर रखते हैं।

कार का स्वामित्व किसी व्यक्ति की सामाजिक चेतना को बड़ी गहराई से प्रभावित करता है। ऐसा व्यक्ति अक्सर किसी कार वाले को ही अपनी मैत्री और संबंधों के योग्य मानता है। कार-विहीन व्यक्ति ऐसे लोगों की नजर में अक्सर एक कमतर इंसान होते हैं। ऐसे उदाहरण आम हैं, जिनमें किसी कार के मालिक ने गरीब लोगों के साथ सिर्फ इसलिए दुर्व्यवहार किया, क्योंकि उसकी वजह से उसकी कार में कहीं खरोंच लग गया।

# कानून को चिढ़ाकर सडकों पर दौड़ते यमराज

**आम आवाम के टैक्स से जमा होने वाले पैसों से भारी पगार उठाने वाले कार्यपालिका के उत्तरदायी अधिकारियों को क्या केवल हादसों में मृतकों की गिनती करने के लिए ही नियुक्त किया गया है। नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से महोबा जा रही एसी स्लीपर बस का हादसा इसी असहज सवाल को फिर हमारे सामने खड़ा करता है। विगत 24 सितंबर की रात करीब 11 बजे बस में आग लगी और नौ यात्री जिंदा जल गए। बस में करीब 35 यात्री सवार थे। पुलिस जांच में आपातकालीन निकास के काम न करने, रास्ते में सामान भरे होने और यात्रियों के निकलने में कठिनाई जैसी बातें सामने आई हैं।**

( डा. रवीन्द्र अरजरिया)

देश में कार्यपालिका की कार्यशैली पर हमेशा प्रश्नवाची चिन्ह अंकित होते रहे हैं। किसी सड़क हादसे के बाद कुछ क्षणों के लिए व्यवस्था जागती है। संवेदनायें व्यक्त की जातीं हैं, मुआवजे की घोषणा होती है, कुछ अधिकारियों की बैठक होती है, कुछ वाहनों की जांच के आदेश निकलते हैं और फिर जिंदगी अपनी पुरानी रफ्तार पर लौट आती है लेकिन उन परिवारों की जिंदगी कभी सामान्य नहीं होती जिनके परिजन किसी बस की आग में जलकर, किसी सड़क दुर्घटना में कुचलकर या किसी अवैध रूप से संचालित यात्री वाहन में दम घुटने से हमेशा के लिए चले जाते हैं। आम आवाम के टैक्स से जमा होने वाले पैसों से भारी पगार उठाने वाले कार्यपालिका के उत्तरदायी अधिकारों को क्या केवल हादसों में मृतकों की गिनती करने के लिए ही नियुक्त किया गया है। नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से महोबा जा रही एसी स्लीपर बस का हादसा इसी असहज सवाल को फिर हमारे सामने खड़ा करता है। विगत 24 सितंबर की रात करीब 11 बजे बस में आग लगी और नौ यात्री जिंदा जल गए। बस में करीब 35 यात्री सवार थे। पुलिस जांच में आपातकालीन निकास के काम न करने, रास्ते में सामान भरे होने और यात्रियों के निकलने में कठिनाई जैसी बातें सामने आई हैं। कहा जाता है कि यात्रियों ने आग जैसी गंध आने की शिकायत भी की थी किन्तु चालक-परिचालक द्वारा उसे नजरअंदाज कर दिया गया। इस हादसे का सबसे विचलित करने वाला पहलु केवल नौ मौतें नहीं बल्कि वह पूरा तंत्र है जिसमें एक यात्री बस कई स्तरों पर नियमों की अनदेखी के बावजूद सड़क पर चलती रहती है। हादसे वाली बस बिहार में पंजीकृत है, उसका संचालक मध्य प्रदेश का है, फिटनेस प्रमाणपत्र राजस्थान से और प्रदूषण प्रमाणपत्र हरियाणा से लिया गया है। बस पर 19 चालान और लगभग 1.75 लाख रुपये का जुर्माना होने की जानकारी



भी सामने आई है। एक बस कई राज्यों की प्रशासनिक सीमाओं को धड़ल्ले से पार करती रही। संचालन पथ पर स्थापित सबंधित विभागों के किसी भी कार्यालय ने अपने दायित्वों की पूर्ति की होती तो निश्चय ही यह मौतें नहीं होतीं। इस तरह की अनेक घटनायें होती रहीं हैं। बानगी के तौर पर मई 2024 में हरियाणा के नूंह में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर एक यात्री बस आग की चपेट में आई थी। उसमें नौ लोगों की मौत हुई और 15 से अधिक यात्री घायल हुए थे। उस बस में लगभग 60 यात्री सवार थे और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया था कि मुख्य दरवाजा जाम हो गया था तथा यात्रियों को खिड़कियों से निकलना पड़ा। सन् 2025 में राजस्थान के मनोहरपुर के निकट एक निजी बस में ओवरहेड हाई-वोल्टेज तार से संपर्क के बाद आग लगी, जिसमें दो श्रमिकों की मौत और दस लोग घायल हुए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए संबंधित राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से रिपोर्ट मांगी थी। बस में 50 से अधिक श्रमिक सवार थे। इसी तरह के आंकडों का विस्तार बहुत लम्बा है। फरवरी 2026 में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राज्यसभा में बताया था कि देश में 49,616 पंजीकृत स्लीपर कोच हैं। उसी जवाब में मंत्रालय ने जैसलमेर-जोधपुर और कर्नूल-बेंगलुरु की घातक बस आग की घटनाओं के बाद सुरक्षा मानकों में गंभीर कमियां स्वीकारी थीं। कहीं बस की लंबाई अनुमति की सीमा से अधिक थी तो कहीं आपातकालीन दरवाजे मानक के अनुरूप नहीं थे। कहीं यात्रियों की सीटें आपात निकास का रास्ता रोक रही थीं तो कहीं अग्निशमन व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थी।

मंत्रालय ने साफ कहा था कि ऐसी कमियां वाहन के प्रमाणन और फिटनेस निरीक्षण के समय स्थानीय परिवहन अधिकारियों द्वारा पकड़ी जानी चाहिए थीं। इस जबाव के बाद भी किसी उत्तरदायी अधिकारी को दण्डित नहीं किया गया। किसी सरकारी सेवाकर्मी को मौतों के लिए जिम्मेवार नहीं माना गया। ऐसी बसों के मालिकों पर क्या कार्रवाही हुई, किसी को नहीं मालूम। निजी स्लीपर बसों में यात्रियों के लिए बनाए गए ढांचे के साथ-साथ ज्यादा सामान ढोने की भी व्यापक व्यवस्था भी दिखाई देती है। बस के निचले हिस्से में अतिरिक्त खंड बनाकर माल रखा जाता है तथा ऊपर दो-मंजिला स्लीपर बनाए जाते हैं। ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए बस के अन्दर की आवागमन वाली गैलरी तक में सामान भर लिया जाता है। यात्रियों की संख्या, सीटों की चौड़ाई, आपात निकास, अग्निशमन यंत्र, वायरिंग, एसी सिस्टम और वाहन की वास्तविक संरचना आदि सब कुछ व्यवसायिक मुनाफे की गणित के हवाले कर दिया गया है। नोएडा हादसे की जांच में भी रास्ते और सीटों के नीचे सामान भरे होने की बात सामने आई है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि महोबा के कबरई क्षेत्र की पत्थर मंडी में ब्लास्टिंग के लिए अवैध विस्फोटक भी इस रूट की निजी बसों में निरंतर जाता है जिसकी पूरी जानकारी संबंधित विभागों को रहती है। बसों का सार्वजनिक स्थानों से सवारियां भरना, एक ही मार्ग पर मनमाने किराये की वसूली, क्षमता से अधिक यात्री, सड़क किनारे अनधिकृत ठहराव और लंबी दूरी की बसों का लगातार संचालन किसी से छिपा नहीं है। अनेक विधानसभाओं के दस्तावेजों में भी विभिन्न क्षेत्रों में यात्रियों के डग्गामार वाहनों के इस्तेमाल और निजी वाहनों द्वारा इसका लाभ उठाने की समस्या उठ चुकी है परन्तु परिणाम ढाक के तीन पात से आगे कभी नहीं पहुंचे। परिवहन विभाग के पास फिटनेस, जांच, परमिट आदि का अधिकार है। पुलिस के पास यातायात और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी है। अग्निशमन विभाग सुरक्षा मानकों से जुड़ा है। जीएसटी विभाग वाणिज्यिक गतिविधियों और कर अनुपालन को देखता है। आबकारी विभाग का अपना नियामकीय क्षेत्र है। ऐसे में वर्षों से निरंतर नियम विरुद्ध संचालन कैसे चल रहा है। सरकार के बडे-बडे बजट डकारने वाले विभागों के ओहदेदारों के कर्तव्यों की समीक्षा की पारदर्शिता आम आवाम तक क्यों नहीं पहुंचती। नोएडा हादसे में दो ड्राइवर और परिचालक गिरफ्तार किए गए हैं तथा बाद में ट्रैवल कंपनी के प्रबंधक की गिरफ्तारी की खबर भी सामने आई है मगर उत्तरदायी बस मालिक अभी तक सलाखें के पीछे नहीं पहुंचा है। जांच केवल चालक, परिचालक, प्रबंधक तक सीमित रहती है या मालिक सहित उस पूरी श्रृंखला तक पहुंचती है जिसने वाहन को फिट घोषित किया, परमिट दिया, सड़क पर चलने दिया और अनेक उल्लंघनों के बावजूद रोक नहीं पाया। डिजटल युग में जहां स्लीपर बस मालिकों द्वारा वेबसाइट पर सुविधाओं की घोषणा, बुकिंग आदि की व्यवस्था की गई है वहां बस के चालक का नाम, उसका ड्राइविंग लाइसेंस नम्बर, बस मालिक का नाम, बस की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण, अग्निसुरक्षा, आपात निकास, सीट क्षमता और लंबित चालानों का रिकॉर्ड भी उपलब्ध होना चाहिए ताकि यात्री को बस के समस्त दस्तावेजों की पूरी जानकारी रहे परन्तु नक्कारखाने में तूती का आवाज सुनने वाला कोई नहीं हैं।

# सफाई मित्र सुरक्षा स्वास्थ्य शिविर में 105 लाभुकों की जांच : डॉ. आभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** नगर निगम परिसर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच एवं सफाई में सुरक्षा शिविर में 105 सफाई मित्रों और नगर निगम के कर्मचारियों की बीपी, शुगर, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी,सी वायरल मार्का का एमसीडी टीवी की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं नियमित जांच की महत्व के बारे में जानकारी दी गई सफाई विद्रोह की समर्पण मेहनत और स्वास्थ्य नगर निगम में उनके द्वारा महत्व के योगदान को बताया गया। कब सारे कर्मचारी का भी टेस्ट किया गया। डॉक्टर आभा कुमारी द्वारा सभी सफाई कर्मी को विशेष सलाह एवं महत्वपूर्ण जांच के लिए सदर अस्पताल आने की सलाह दी गई।कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर उषा देवी अग्रवाल एवं नगर निगम आयुक संतोष कुमार एवं पदाधिकारी एवं कर्मी मेडिकल टीम की उपस्थिति एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। स्वास्थ्य शिविर में नगर निगम के सफाई मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एवं सम्मान के लिए ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने चाहिए। इस शिविर को सफल बनाने में कटिहार सदर अस्पताल के मेडिकल टीम डॉक्टर सरफराज ,डॉक्टर आभा कुमारी ,डॉक्टर मिथिलेश कुमार ठाकुर, डीपीएम सोनिक प्रकाश ,मीनू कुमारी ,दिनेश कुमार कुशवाहा पिंकी कुमारी, पवन कुमार ,अनुराधा कुमारी , कमलेश कुमार चंदन कुमार का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉक्टर आभा कुमारी द्वारा बताया कि वायरल मार्का में किसी भी तरह की गड़बड़ी आने पर सरकार की तरफ से बहुत सारी सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं इसके लिए आप सदर अस्पताल के आईसीटीसी सेंटर या पीटी सेंटर से आकर विशेष जानकारी ले सकते हैं। किसी भी क्रॉनिक डिजीज को इलाज आप सदर अस्पताल में आकर करवा सकते हैं। किसी भी परेशानियों का सामना यदि आपको सदर अस्पताल में हो होता है तो आप हमसे संपर्क कर सकते हैं। डॉक्टर आभा कुमारी ने अपना मोबाइल नंबर साझा किया ।

## नियमित टीकाकरण और परिवार नियोजन अभियान की प्रगति की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार धीरज की अध्यक्षता में प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें नियमित प्रतिरक्षण कार्यक्रम, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, रात्रि रक्त संग्रह एनबीएस और परिवार नियोजन पखवाड़ा के क्रियान्वयन एवं अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को अभियान के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बच्चों और गर्भवती महिलाओं को समय पर टीका उपलब्ध कराने तथा छूटे हुए लाभुकों को चिह्नित कर टीकाकरण से जोड़ने पर चर्चा हुई। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों और महिलाओं में एनीमिया की पहचान एवं आवश्यक उपचार को लेकर भी जानकारी ली गई।

# आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक पद्धति है प्रेक्षाध्यान : मुनि प्रशांत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** मुनिश्री प्रशांत कुमार ,मुनिश्री कुमुद कुमार के सान्निध्य में प्रेक्षा प्रशिक्षक मंजू जी सिपाणी कोलकाता के निर्देशन में तेरापंथ सभा कटिहार की ओर से प्रेक्षाध्यान कार्यशाला आयोजित हुई।कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुनिश्री प्रशांत कुमार ने कहा - प्रेक्षाध्यान में जीवन विकास के प्रयोग है। ये आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक पद्धति है। इससे जीवन एवं विचारधारा में परिवर्तन आता है। इसमें उपदेश नहीं प्रयोग है।प्रेक्षाध्यान आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी की देन है। उन्होंने वर्षो तक ध्यान के विविध प्रयोग करके गहरा अनुभव प्राप्त किया। आगम सूत्रों में अनेकों जगह ध्यान के बारे में तत्व उपलब्ध थे उन्हें व्यवस्थित रूप देकर प्रेक्षाध्यान प्रणाली नाम दिया। वर्तमान में आसन, प्राणायाम को ही योग मान लिया जाता है वह तो सिर्फ प्रारम्भिक भूमिका है। ध्यान साधना का मूल उद्देश्य हैआत्म साक्षात्कार करना। प्रयोग तो माध्यम है।वीतरागता की स्थिति को प्राप्त करना यह लक्ष्य होना चाहिए।आर्तध्यान, रौद्र ध्यान अशुभ ध्यान है। धर्म ध्यान के माध्यम से शुक्ल ध्यान तक पहुंचना है।योग का अर्थ है जोड़ना।ध्यान के अनेक प्रयोग होते है।प्रेक्षा यानी देखना - भीतर में देखना। भीतर में जाने के लिए साधन है श्वास। ज्ञाता द्रष्टा भाव से देखना सीखें जिससे भीतर में जागरूकता बढ़ती है। प्रेक्षाध्यान जीवन जीने की शैली है। साधना का महत्वपूर्ण अंग है प्रेक्षाध्यान।प्रेक्षा प्रशिक्षक श्रीमती



मंजू सिपाणी कोलकाता ने कहा - योगक्षेम के लिए प्रेक्षाध्यान आवश्यक उपक्रम है। इसके द्वारा हम अपने शरीर मन एवं भावों को मजबूत बना सकते है। प्रेक्षाध्यान का आधार राग द्वेष मुक्त होकर देखो। अपने आप में आत्मा में स्थिर होना। इसके द्वारा समग्र जीवन का योगक्षेम कर सकते है। श्वास के द्वारा जीवन के सात का संचालन,नियमन और नियोजन होता है। कायोत्सर्ग तथा अनुप्रेक्षा के प्रयोग के माध्यम से महत्व को दशायें के साथ साथ प्रेक्षाध्यान की उपसम्पदा की विस्तार से जानकारी दी।तेरापंथ सभा मंत्री राजकुमार पुगलिया ने बताया कि- शिविरार्थियों ने प्रेक्षा गीत का संगान किया। मुनिश्री ने ध्यान का प्रयोग करवाया।संयोजक राजेश पटावरी, सभा अध्यक्ष विमल बैंगाणी ने विचार व्यक्त किए। अनिल बैद ने अपने अनुभव बताएं। तेरापंथ सभा द्वारा प्रेक्षा प्रशिक्षक श्रीमती मंजू सिपाणी का सम्मान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्राचीन शिव मंदिर से दानपेटी समेत दस घंटियां ले गए चोर

**हसनगंज/कटिहार(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनगंज थाना क्षेत्र के बलुआ पंचायत अंतर्गत स्थित अतिप्राचीन शिव मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी। चोर मंदिर के उत्तर दिशा स्थित दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किए और मंदिर में रखी दानपेटी समेत कुल दस घंटियों की चोरी कर फरार हो गए। चोरी की घटना की जानकारी सुबह पूजा करने पहुंचे पुजारी को हुई। इसके बाद मंदिर समिति के अध्यक्ष सह पंचायत के मुखिया कंदलाल मुर्मू को इसकी सूचना दी गई।घटना को लेकर मंदिर के अध्यक्ष सह मुखिया कंदलाल मुर्मू एवं पुजारी नरेश गोस्वामी ने हसनगंज थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुजारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि वह अन्य दिनों की तरह सुबह मंदिर में पूजा -अर्चना करने पहुंचे थे। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उत्तर दिशा के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। दरवाजे का ताला टूटा देखकर उन्हें चोरी की आशंका हुई। जब उन्होंने मंदिर के अंदर जाकर देखा तो मंदिर में रखी दानपेटी वहां से गायब थी। इसके बाद मंदिर परिसर का जायजा लेने पर कई घंटियां भी गायब मिलीं। पुजारी के अनुसार चोरों ने शिव मंदिर में लगी घंटियों के साथ-साथ मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर और पार्वती मंदिर में लगी घंटियों को भी नहीं छोड़ा। सभी को खोलकर चोर अपने साथ ले गए। उन्होंने बताया कि दानपेटी सहित कुल दस घंटियों की चोरी हुई है। घटना के बाद मंदिर में पूजा-अर्चना करने आने वाले श्रद्धालुओं के बीच भी चोरी की जानकारी फैल गई। इधर चोरी की सूचना मिलने के बाद मंदिर के अध्यक्ष सह बलुआ पंचायत के मुखिया कंदलाल मुर्मू मंदिर पहुंचे और पूरे परिसर का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पुजारी से चोरी की जानकारी मिलने के बाद वे तत्काल मंदिर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान दानपेटी और घंटियां गायब मिलीं। उन्होंने बताया कि दानपेटी में कितनी राशि रखी हुई थी, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं है। वहीं मंदिर से चोरी हुई दस घंटियों की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है।मंदिर समिति एवं स्थानीय लोगों के लिए यह घटना इसलिए भी गंभीर मानी जा रही है क्योंकि यह क्षेत्र का अतिप्राचीन शिव मंदिर है और यहां श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर परिसर में शिव मंदिर के अलावा हनुमान और पार्वती मंदिर भी स्थित हैं। एक ही रात में अलग-अलग मंदिरों से घंटियों की चोरी किए जाने से लोगों में चिंता है।इस संबंध में हसनगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर में चोरी को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से टीबी मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण

**कटिहार(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना टीबी मुक्त भारत अभियान के सफलता के लिए जिला पदाधिकारी सह रेडक्रॉस अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी के निदेशानुसार रेडक्रॉस कटिहार शाखा की ओर से विगत माह ही 20 मरीजों को गोद लिया गया। इसके तहत भारतीय रेडक्रोस सोसाइटी कटिहार शाखा दूसरी बार 20 टीबी मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण किया गया। वितरण करते हुए चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा ने कहा कि सरकार टीबी मरीजों की पहचान कर उसके इलाज और उनके खान पान का विशेष ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का प्रयास है कि



भारत टीबी मुक्त भारत बने। डॉक्टर रंजना झा ने कहा कि आज कटिहार जिले मे लगभग 4500 मरीज है जिनका इलाज चल रहा। टीबी छुआछूत नही है लेकिन यह हवा के द्वारा फैलता है, इसलिए उन्होंने मरीजों से अपील कि कि वे जहाँ तहन थूक न फेंके, हमेशा मास्क का प्रयोग करें। पैकेट वितरित करते हुए संस्था सचिव संतोष गुप्ता ने कहा कि टीबी मरीजों को खाने में एंटीऑक्सिडेंट्स भरपूर मात्रा में होने चाहिए। उन्होंने कहा कि टीबी के मरीजों के लिए केला, अनाज दलिया, मूंगफली की चिक्की, गेहूं और रागी जैसे खाद्य पदार्थ काफी फायदेमंद होते हैं। इसलिए कोशिश करें कि पीड़ित व्यक्ति को ऐसा खाना दें जिससे उसके शरीर में भरपूर कैलोरी पहुंचे जो उसके शरीर के लिए ताकत का स्त्रोत बन सकें।कोषाध्यक्ष पंकज पूर्वे ने कहा कि आहार किट मे चावल, दाल, सोयाबीन, चना, मूंगफली, सरसों तेल, आलू, नमक आदि सम्मिलित है। प्रबंध समिति सदस्य देवराज शर्मा, अमित जायसवाल विक्की ने कहा कि मरीज को खाने में प्रोटीन भी भरपूर लेना चाहिए। बीमारी से ग्रसित मरीज को एकसाथ खाने के बजाय थोड़ा-थोड़ा खाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम सबों को प्रयास करना है। उन्होंने मरीजों से दवाई समय पर लेने को कहा तभी टी बी खत्म हों सकेगा। ज्ञात हो कि कि रेडक्रोस द्वारा गोद लिए गये 20 टीबी मरीजों को छह माह तक फूड पैकेट का वितरण किया जाएगा। डॉक्टर रंजना झा, अनिल चमरिया, विवान सरकार, संतोष गुप्ता, आलोक सिंहा, बिमल सिंह बेंगानी, भुवन अग्रवाल, प्रो. श्याम नारायण पोद्दार आदि के सहयोग से आहार बांटा गया। इस मौके पर सदर अस्पताल के टीबी विभाग के अधिकारी कुमारी अनुराधा के साथ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### हत्या मामले में बलिया बेलौन पुलिस को बड़ी सफलता, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बलिया बेलौन पुलिस ने गला रेत कर हत्या के मामले में बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए आरोपी को 12 घंटा के अन्दर गिरफ्तार कर उपयोग की गयी चाकू एवं एक मोबाइल को जप्त किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मधाईपुर के वार्ड पांच विद्यानंदपुर निवासी मोहम्मद आरिफ का पुत्र खादिम (16) का सोमवार के देर रात में चाकू से वार कर गला रेत कर हत्या कर दिया था। मंगलवार के सुबह धान के खेत से शव बरामद होते ही बलिया बेलौन पुलिस हरकत में आ कर वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य जुटा कर एवं एफएसएल की टीम द्वारा जांच रिपोर्ट के आधार पर सही हत्यारा तक पहुंचते ही उनके घर से गिरफ्तार किया था। थानाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने बताया की मृतक के पिता आरीफ के आवेदन पर कांड संख्या 154/26 दर्ज करते हुए बुधवार को आरोपी हुसैन को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) 3(5) के तहत न्यायिक प्रक्रिया के लिए कटिहार न्यायालय भेजा गया है। वहीं से जेल भेज दिया गया है।उ न्होंने बताया की मामले की जांच के क्रम में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भंगहा के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फलका (कटिहार)।** जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भंगहा के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत पूरे जिले में परचम लहराया है। वॉलीबॉल स्पर्धा में भंगहा स्कूल की टीम ने विरोधियों को धूल चटाते हुए जिले में पहला स्थान हासिल कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय के छात्र सत्यम कुमार ने व्यक्तिगत स्पधाओं में दोहरा स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। खिलाड़ियों की इस दोहरी स्वर्णिम सफलता से विद्यालय परिवार सहित प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी समूचे फलका क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है प्रतियोगिता के दौरान वॉलीबॉल



टीम के खिलाड़ी विशाल कुमार, गगन कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, सत्यम राज, शिवम कुमार मंडल और प्रिंस कुमार ने खेल मैदान पर जबरदस्त तालमेल और अनुशासन का परिचय दिया। टीम को खिताब दिलाने में कोच व मैनेजर अरविंद गुप्ता, रिपु कुमार और संजय कुमार का मार्गदर्शन बेहद भूमिका रहा।

# जिलास्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में मावि अरिहाना की बालिका टीम का प्रदर्शन अव्वल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आजमनगर (कटिहार)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्कूली बच्चों के जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय अरिहाना की अंडर-17 बालिका कबड्डी टीम का प्रदर्शन अव्वल रहा।टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में टीम ने उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय दिघड़ी, कोढा की टीम को परास्त कर खिताब अपने नाम कर लिया।इसके पहले सेमीफाइनल मुकाबले में टीम ने मावि लक्ष्मीपुर, बरारी की टीम को बड़े अंतर से पराजित कर फाइनल मकाबले में अपनी जगह बनाने में सफल रही। टीम के कप्तान संगीता,नंदनी कुमारी के नेतृत्व में गुड्डी कुमारी,रुचि कुमारी, सुमन कुमारी, पायल कुमारी, रौशनी कुमारी,लता कुमारी एवं गुंजा कुमारी के प्रदर्शन और उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों ने टीम के सदस्यों का स्वागत करते हुए बधाई दी।तो वहीं शिक्षक विप्लव कुमार, नुरुल होदा,शिक्षा स्वयंसेवक सह टीम के कोच चंदन राय ने प्रमंडलस्तरीय प्रतियोगिता में भी अव्वल प्रदर्शन दुहराने को लेकर हौसला बढाया।

# बाढ़ राहत की सूची से छूटे परिवारों को भी मिले जीआर राशि और क्षतिपूर्ति : सुनील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जिले में बाढ़ प्रभावित परिवारों को जीआर राशि एवं फसल क्षतिपूर्ति का लाभ देने को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन से सूची के पुनरीक्षण की मांग की है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में कांग्रेस के एक शिष्टमंडल ने जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बाढ़ से प्रभावित, लेकिन राहत एवं मुआवजे की सूची में छूट गए परिवारों को भी लाभ देने की मांग की।जिला पदाधिकारी को दिए गए पत्र में कहा गया है कि हाल में आई बाढ़ के कारण कुरसेला, बरारी, समेली, मनसाही, मनिहारी एवं अमदाबाद प्रखंडों में बड़ी संख्या में आबादी प्रभावित हुई है। बाढ़ के दौरान जिला प्रशासन की ओर से बचाव एवं राहत कार्य चलाए



गए, जिसके लिए सांसद प्रतिनिधि ने प्रशासन के प्रयासों के प्रति आभार भी जताया। हालांकि ज्ञापन में जीआर राशि एवं फसल क्षतिपूर्ति के वितरण में कथित विसंगतियों का मुद्दा उठाया गया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राहत एवं क्षतिपूर्ति के लिए तैयार की गई सूची पिछले वर्षों में बाढ़ से प्रभावित परिवारों के आधार पर तैयार किए जाने के कारण इस बार बाढ़ की चपेट में आए कई परिवार सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। ऐसे परिवार सरकारी राहत एवं फसल क्षतिपूर्ति के लाभ से वंचित रह गए हैं। सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान बाढ़ की वास्तविक स्थिति को देखते हुए लाभुकों की सूची का दोबारा सत्यापन कराया जाना जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से जमीनी स्तर पर जांच कराकर यह सुनिश्चित करने की मांग की कि बाढ़ से वास्तव में प्रभावित कोई भी परिवार राहत एवं क्षतिपूर्ति के लाभ से वंचित न रहे। कांग्रेस शिष्टमंडल ने जिला प्रशासन से जीआर राशि एवं फसल क्षतिपूर्ति के लाभुकों की सूची का पुनरीक्षण कराने तथा छूटे हुए प्रभावित परिवारों को सूची में शामिल कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। मौके पर कांग्रेस नेता दिलीप कुमार विश्वास, विनोद यादव, अवधेश मंडल, अंजुमन कौसर उर्फ आम्रपाली यादव, कुमार गौरव,राजीद खान, गोपाल यादव, चंदन यादव, सुबोध यादव सहित कई कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावितों की सुरक्षा एवं राहत सरकार की प्राथमिकता : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** बिहार सरकार के मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में जिले में बाढ़ की स्थिति तथा संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की गई। बैठक में मंत्री ग्रामीण विकास विभाग -सह- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग श्रवण कुमार,मंत्री शिक्षा विभाग मिथिलेश तिवारी, मंत्री पथ निर्माण विभाग ई.कुमार शैलेन्द्र, पूर्व उप मुख्यमंत्री सह विधायक तारकिशोर प्रसाद, एमएलसी अशोक अग्रवाल, विधायक कोढ़ा कविता देवी मुख्य रुप से उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान उन्होंने बाढ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति एवं क्षेत्र में संचालित राहत कार्यों को



लेकर जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी 24 घंटे अलर्ट मोड में रहकर स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखें। राजस्व मंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा एवं उन्हें समय पर राहत उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए बजट अथवा संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

# गोरगामा में पांच दिवसीय बिहूला विषहरी पूजा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के फूलहरा पंचायत के वार्ड संख्या सात गोरगामा में श्री श्री 108 मां विषहरी पूजा समिति गोरगामा फुलहारा की ओर से पांच दिवसीय बिहुला विषहरी पूजा का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन स्थानीय मेला कमेटी के अध्यक्ष सुरेश ऋषि ने फीता काटकर किया। इस मौके पर श्री ऋषि ने कहा कि वर्षो से श्री श्री 108 विषहरी पूजा समिति गोरगामा के द्वारा पूजा का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादो मास के पूर्णिमा पर कराया जाता हैं। इस विषहरी मंदिर में हर वर्ष सरकारी प्रतिमा के साथ जो भी लोग मन्नत मांगते हैं उनका मन्नत पूरा होने पर बिहुला विषहरी की प्रतिमा स्थापित करते हैं । इस



वर्ष सरकारी बिहुला विषहरी की प्रतिमा के साथ 18 चढ़ावा बिहुला विषहरी की प्रतिमा स्थापित की गई हैं। साथ ही साथ भगत लखन यादव, राजेंद्र ऋषि पूजा पाठ कर रहे हैं। वहीं अमदाबाद प्रखंड के गोपालपुर के कलाकार के द्वारा पांच रात्रि में बिहुला उत्पत्ति से जीव दान तक का पाठ दिखा रहे हैं जो की आकर्षण का केंद्र हैं। साथ ही साथ कॉस्मेटिक, मिठाई, पान, खिलौने आदि की दुकान भी शोभा बढ़ा रही हैं। इस अवसर पर रामदेव ऋषि, राजेंद्र ऋषि, डोमन ऋषि, सहदेव ऋषि, विनय कुमार, इंद्रदेव यादव, राजकुमार चौधरी, अशोक प्रसाद यादव, महावीर ऋषि, उत्तम ऋषि, आजाद ऋषि, वकील ऋषि, हरी लाल ऋषि, नंदकिशोर यादव, मुकेश ऋषि, राजेश ऋषि, राजकुमार ऋषि, विनोद ऋषि, शंभू ऋषि, जितेंद्र ऋषि, संतोष कुमार पासवान, सुमन कुमार यादव, महेश शर्मा, उदय परिहार, मनोज परिहार, भगत परिहार, सुखदेव परिहार, उमेश ऋषि, उपेन ऋषि, विजय ऋषि आदि लोग अपना सहयोग इस बिहुला विषहरी पूजा में दे रहे हैं।

# सफाईमित्र सुरक्षा शिविर में स्वास्थ्य जांच, दिए गए फिटनेस प्रमाणपत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी (कटिहार)।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान को लेकर बुधवार को बरारी नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सफाईमित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन नगर पंचायत की मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव एवं रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.मुर्शफ हुसैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर में नगर पंचायत में कार्यरत सफाईमित्रों एवं उनके आश्रित परिवारजनों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य जांच के लिए चिकित्सकीय दल एवं स्वास्थ्यकर्मी शिविर में मौजूद रहे। चिकित्सकों ने सफाईमित्रों एवं उनके परिवार के सदस्यों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच की तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर आवश्यक परामर्श दिया।शिविर के दौरान जरूरत के अनुसार सफाईमित्रों एवं उनके आश्रितों के बीच दवाओं का भी वितरण किया गया।स्वास्थ्य जांच में स्वस्थ पाए गए।सफाईकर्मियों एवं उनके परिवारजनों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव ने कहा कि सफाईमित्र नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता जरूरी है।उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर इस प्रकार के शिविर का आयोजन उपयोगी है। रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ.मुर्शफ हुसैन ने भी सफाईमित्रों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा समय समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।नगर पंचायत की ओर से शिविर के सफल आयोजन को लेकर पदाधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहे।

# सफाई मित्रों की सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार की ओर प्रशाल भवन में सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य जांच एवं उपचार चिकित्सा अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच, आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना तथा उनके कार्य के प्रति सम्मान व्यक्त करना रहा। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के सफाई कर्मियों एवं जमादारों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर सफाई मित्रों द्वारा शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने में किए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महापौर उषा देवी अग्रवाल, नगर आयुक्त संतोष



कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य विपिन बिहारी चौबे, प्रमोद महतो, नितेश कुमार सिंह, आलोक कुमार वर्मा, जिम्मी प्रकाश सहित पार्षदगण व नगर निगम के पदाधिकारी ज्योति कृष्णा मूर्ति, कैलाश प्रसाद चौधरी,राहुल कुमार, नूर अली खान, अजय कुमार सिंह एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।नगर निगम द्वारा सफाई मित्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए जाने की बात कही गई। अधिकारियों ने कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके स्वास्थ्य एवं सम्मान की रक्षा नगर निगम की जिम्मेदारी है।

संक्षिप्त समाचार

## चाय के खर्च में शुरू करें निवेश और कमाएं 25% तक मुनाफा! देखें टॉप 5 फंड्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में निवेश के कई सारे विकल्प हैं, जहां लोग पैसे लगाकर एक समय के बाद अच्छी कमाई करते हैं। इस बीच हम यहां बात




म्यूचुअल फंड एसआईपी की कर रहे हैं। एसआईपी जिसे हम सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान कहते हैं, यह निवेश का एक ऐसा जरिया है, जहां तय राशि के साथ तय समय पर लगातार निवेश किया जाता है, जिसमें आप खासकर के लंबी अवधि में अच्छा-खासा पैसा बना लेते हैं। हम यहां ऐसे ही पांच इक्विटी म्यूचुअल फंड एसआईपी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने लंबी अवधि में 19.8 प्रतिशत से लेकर 24.6 प्रतिशत (करीब 25%) तक का रिटर्न दिया है। इसमें आप हर महीने का निवेश चाय के खर्च में भी शुरू कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, मान लीजिए एक चाय की कीमत कम से कम 10 रुपये है, अगर आप हर रोज भी एक चाय पीते हैं तो एक महीने में करीब 300 रुपये हो जाएंगे। लेकिन, यहां कम से कम 100 रुपये महीने से ही एसआईपी शुरू कर सकते हैं। अब आइए इन पांच फंड्स और इनके रिटर्न के बारे में जानते हैं। क्वांट श्वरूस्-टैक्स सेवर की बात करें तो इसमें आप कम से कम 500 रुपये से एसआईपी की शुरुआत कर सकते हैं। इसकी अभी की नेट एसेट वैल्यू 117.89 रुपये है। इसने बीते 10 साल में 19.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। यूनियन स्मॉल कैप ने 10 साल में कितना रिटर्न दिया है यूनियन स्मॉल कैप फंड की बात करें तो इसने 10 साल में अपने एसआईपी निवेशकों को 20 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसमें कम से कम आप 1000 रुपये का निवेश कर सकते हैं। इसकी अभी की 66.09 रुपये है। इन्वेस्को इंडिया मिड कैप में आप कम से कम 100 रुपये से एसआईपी की शुरुआत कर सकते हैं। इसकी अभी की एनएवी 232.6 रुपये है।

## 8वें वेतन आयोग से सिविलियन पेंशनर्स क्यों मांग रहे हैं 'वन रैंक, वन पेंशन'

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 8वें वेतन आयोग के सामने कर्मचारी और पेंशनर्स संगठनों ने अपनी मांगें रखनी शुरू कर दी हैं। इनमें एक प्रमुख मांग वन रैंक, वन पेंशन लागू करने की है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि एक ही पद या स्तर से अलग-अलग समय पर रिटायर हुए केंद्रीय कर्मचारियों की पेंशन में बड़ा अंतर नहीं होना चाहिए। वन रैंक, वन पेंशन यानी मूल उद्देश्य समान पद और समान सेवा अवधि वाले रिटायर्ड कर्मचारियों के बीच पेंशन की असमानता को कम करना है। मौजूदा व्यवस्था में अलग-अलग वेतन आयोगों के दौरान रिटायर हुए कर्मचारियों की पेंशन अलग हो सकती है। इसका कारण यह है कि समय के साथ सैलरी और पेंशन तय करने के नियम बदलते रहे हैं। केंद्र सरकार ने 2015 में सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए लागू किया था, जिसका वित्तीय लाभ 1 जुलाई 2014 से प्रभावी माना गया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों तथा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के लिए भी अलग पेंशन समानता व्यवस्था मौजूद है। अब कर्मचारी संगठन चाहते हैं कि इसी तरह की व्यवस्था केंद्र सरकार के लेवल 1 से 18 तक के नागरिक कर्मचारियों के लिए भी लागू की जाए। के सी. श्रीकुमार के अनुसार, पुराने वेतन आयोगों ने भी पुराने और नए पेंशनर्स के बीच पेंशन के अंतर को कम करने की जरूरत पर चर्चा की थी। 5वें वेतन आयोग ने 1986 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों की पेंशन को 1 जनवरी 1986 के आधार पर वेतन तय करके अपडेट करने का सुझाव दिया था। इसके लिए सेवारत कर्मचारियों पर लागू वेतन निर्धारण के फॉर्मूले को आधार बनाने की बात कही गई थी। आयोग ने यह भी सुझाव दिया था कि संबंधित पद के संशोधित वेतनमान के न्यूनतम वेतन का 50 फीसदी से कम पेंशन नहीं होनी चाहिए।

# एयू स्मॉल फायनांस बैंक ने एमएफआईबी खोलने में भी 1000 के जादुई आंकड़ों को पार कर लिया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंकों में से एक है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक। रिजर्व बैंक से इसे यूनिवर्सल बैंक में बदलने की इन-प्रिंसिपल मंजूरी भी मिल गई है। इसका माइक्रोफाइनेंस और फाइनेंशियल इनक्लूजन बिजनेस नेटवर्क अब 1,000 शाखाओं की संख्या को पार कर गया है। ये शाखाएं गांव-कस्बों में बैंकिंग एक्सेस बढ़ाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।




### ग्रामीण इलाकों में बढ़ेगी पैठ

नेटवर्क का विस्तार माइक्रोफाइनेंस प्लेटफ़ॉर्म से ज्यादा वित्तीय सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला तक बैंक को पहुंच प्रदान करता है। इसमें न सिर्फ सेविंग बैंक अकाउंट का सोल्यूशन मिलेगा बल्कि ग्राहकों को बीमा, आधार-सक्षम बैंकिंग सेवाएं, डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर एक्सेस, डिजिटल पेमेंट आदि सेवाएं भी मिलेंगी।

### भरोसे का प्रतीक

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल का कहना है '1000 शाखाओं की संख्या को पार करना हमारे लिए सिर्फ एक नेटवर्क मील का पत्थर नहीं है। यह उस भरोसे का प्रतिनिधित्व करता है जो ग्रामीण भारत के ग्राहक वर्षों से. में रखते आए हैं। बैंक भारत की ग्रोथ स्टोरी में सक्रिय तरीके से भागीदारी कर रहा है साथ ही अनगिनत परिवारों की समृद्धि में भी सहायक हो रहा है। एक नेटवर्क मील का पत्थर नहीं है। यह उस भरोसे का प्रतिनिधित्व करता है जो ग्रामीण भारत के ग्राहक वर्षों से. में रखते आए हैं। बैंक भारत की ग्रोथ स्टोरी में सक्रिय तरीके से भागीदारी कर रहा है साथ ही अनगिनत परिवारों की समृद्धि में भी सहायक हो रहा है।

### पिछले महीने ही मिली थी यह उपलब्धि

इस बैंक ने व्हीकल लोन कारोबार में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। तब बैंक का व्हीकल लोन पोर्टफोलियो 50,000 करोड़ रुपये के एसेट अंडर मैनेजमेंट के पार पहुंच गया था। बैंक के मुताबिक, उसके व्हीकल लोन कारोबार ने पिछले तीन वर्षों में 26% और पांच वर्षों में 29% की दर्ज की है। यह कारोबार स्मॉल फाइनेंस बैंक का सबसे बड़ा लेंडिंग बिजनेस है और बैंक के कुल लोन पोर्टफोलियो में करीब एक-तिहाई हिस्सेदारी रखता है। इस कारोबार से देशभर में 13.7 लाख से अधिक ग्राहक जुड़े हुए हैं।

### 17 राज्यों में हो गई पहुंच

स्मॉल फाइनेंस बैंक से मिली जानकारी के अनुसार इसकी 1,000+ शाखाएं उत्तर, मध्य, पूर्व और दक्षिण भारत के प्रमुख ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में फैली हुई हैं। बैंक का कहना है कि उसका नेटवर्क 20 लाख से अधिक ग्राहकों और 59,000+ गांवों में 58 लाख+ ग्रामीण बचत खाता धारकों को सेवा प्रदान करता है। यह 17 राज्यों और 1 केंद्रशासित प्रदेश में फैले हुए हैं।

## ऑयल सप्लाई युद्ध पूर्व स्तर के करीब पर कीमत अब भी 100 के पार, कहां डबल हुए डीजल के दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की मिडिल ईस्ट से सप्लाई युद्ध से पहले के स्तर के करीब पहुंच रही है। सऊदी अरब ने होर्मुज स्ट्रेट को बाईपास करने वाली पाइपलाइन से तेल भेजना फिर शुरू कर दिया है। हालांकि, ब्रेंट क्रूड अब भी 100 डॉलर प्रति बैरल के पार बना हुआ है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक इंटरनेशनल बेंचमार्क ब्रेंट 103 डॉलर के आसपास है। दूसरी ओर अमेरिकी बेंचमार्क पिछले सत्र में 3.5% गिरने के बाद 89 डॉलर प्रति बैरल की ओर फिसल गया है। इस बीच भारत की सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 30 सितंबर के पेट्रोल-डीजल के रेट जारी कर दी हैं। आज भी इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। बेंचमार्क दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये लीटर है। क्रूड के 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बने रहने से दुनिया के कई देश पेट्रोल-डीजल की महंगाई से जूझ रहे हैं। ईरान युद्ध के बाद से अबतक लेबनान और नाइजीरिया में डीजल की कीमत में 104 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। ग्लोबलपेट्रोलप्राइसेज डॉट कॉम पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक इंडोनेशिया, पनामा, बोलीविया और ग्वाटेमाला में डीजल के दाम करीब 81 से 87 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। सप्लाई युद्ध से पहले के स्तर का 98% पर जेपी मॉर्गन की नताशा कानेवा की टीम के मुताबिक, मिडिल ईस्ट से कच्चे तेल का निर्यात बढ़कर 17.5 मिलियन बैरल रोज हो गया है। यह युद्ध से पहले के स्तर का 98% है।

## एनपीएस में रिस्क क्षमता देखकर मिलेगी स्कीम, नया प्लैटफॉर्म लाने की तैयारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेंशन प्रोडक्ट्स को लेकर नियम-कायदों के सुरक्षा घेरे मजबूत करने और ग्राहकों को बेहतर विकल्प देने के मकसद से पेंशन फंड नियामक एक सूटेबिलिटी प्लैटफॉर्म लाने की तैयारी कर रहा है। यह प्लैटफॉर्म (नैशनल पेंशन सिस्टम) सब्सक्राइबर्स की जोखिम उठाने की क्षमता का आकलन करेगा और स्कीम चुनने से पहले उनसे इससे जुड़े जरूरी सवाल पूछेगा।

पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन एस. रमण ने कहा, हमारा पूरा फोकस इस बात पर है कि प्रोडक्ट ग्राहक की जरूरत के हिसाब से हो और उसकी रिस्क लेने की क्षमता का पता चले। चाहे प्लैटफॉर्म हो या ट्रस्ट का प्लैटफॉर्म, हर जगह सब्सक्राइबर्स से सही सवाल पूछे जाएंगे। हालांकि, स्कीम का आखिरी चुनाव उनका अपना ही होगा। लेकिन हमारा काम उनकी रिस्क क्षमता को बेहतर तरीके से समझना और तय करना है।

रमण ने कहा कि ग्राहकों की जरूरतों के हिसाब से सही विकल्प देने का एक जरिया लाइफसाइकल प्रोडक्ट्स भी हैं। रिस्क ऐपेटाइट के आधार पर चार लाइफसाइकल ऑप्शन उपलब्ध हैं। इनमें जैसे-जैसे सब्सक्राइबर की उम्र बढ़ती है, पैसों का निवेश अपने आप बदल जाता है। एक स्टडी के मुताबिक, भारतीयों की औसत उम्र बढ़ रही है और यह 78 साल तक पहुंच गई है। दूसरी तरफ औसतन परिवार का आकार घटकर 4.4 सदस्यों का रह गया है। इसके बावजूद, देश में पेंशन का दायरा अभी भी 17 से 18 फीसदी के निचले स्तर पर बना हुआ है। अध्ययन के मुताबिक, रिटायरमेंट के लिए एनपीएस को गंभीरता से चुनने वाले लोगों का आंकड़ा 2023 के मुकाबले 6 पॉइंट बढ़कर 59 पर पहुंच गया है। वहीं, बचत के मुख्य कारणों में बच्चों की पढ़ाई का स्थान अब इमरजेंसी सेविंग्स ने ले लिया है।

### ईपीएफ सीमा का असर

रमण ने कहा कि की सीमा बढ़ने से कोई असर नहीं पड़ेगा, कर्मचारी इस सीमा के बाद भी अन्य विकल्पों में निवेश कर सकते हैं। एस. रमण ने बताया कि लंबी अवधि के निवेशकों को डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो की जरूरत होती है और कम से कम 15 साल तक निवेशित रहने वालों को इक्विटी से काफी फायदा मिलता है। निवेश का दायरा बढ़ाते हुए इसमें अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स को भी शामिल कर लिया है।

# दुनिया को पड़ सकते हैं खाने के लाले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया आगाह, आने वाला है बहुत संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान और यूक्रेन युद्ध के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक बड़े संकट के प्रति दुनिया को आगाह किया है। उन्होंने कहा कि ईरान और यूक्रेन युद्धों के कारण दुनिया में उर्वरक की कमी हो गई है। इससे आने वाले दिनों में एक बड़ा खाद्य संकट आ सकता है। उन्होंने कहा कि खासकर ग्लोबल साउथ की अर्थव्यवस्थाओं के लिए स्थिति बहुत तनावपूर्ण है। भारत भी ग्लोबल साउथ का हिस्सा है।

जयशंकर ने न्यूयॉर्क में 'एशिया सोसाइटी' में कहा, 'यह हमारे लिए बड़ी चिंता की बात है। अगर आप इन दोनों युद्धों यूक्रेन और अब ईरान-खाड़ी संघर्ष को देखें, तो इनका ग्लोबल साउथ की अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत बुरा असर पड़ा है।' ग्लोबल साउथ का मतलब उन विकासशील और अल्प विकसित देशों से है जो मुख्य रूप से एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका में स्थित हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि ऊर्जा की स्थिति को लेकर खास चिंता है, क्योंकि बाजार में आपूर्ति बहुत कम है और ऊपर से, अगर लोग इस पर राजनीति करते हैं, तो इससे बाजार में मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। इससे कीमतें उस वक्त बढ़ेंगी, जब असल में लोगों को कीमतों को स्थिर करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया में उर्वरक की भारी कमी हो सकती है, क्योंकि इसके मुख्य उत्पादक देश पश्चिम एशिया और रूस हैं और वहां उर्वरक



के उत्पादन पर असर पड़ा है।

जयशंकर ने कहा, 'तो इसका एक हिस्सा असल में तेल की आपूर्ति की सुरक्षा से जुड़ा है, और दूसरा हिस्सा तेल की आपूर्ति की राजनीति से। ये दोनों एक-दूसरे पर असर डाल रहे हैं और एक दोहरा संकट या और गंभीर संकट पैदा कर रहे हैं। आज हम ऐसी स्थिति देख रहे हैं, जिसमें अनाज के कुछ बड़े निर्यातक देश अपनी खेप नहीं भेज पाएंगे, खासकर काला सागर मार्ग से।'

सुपर अल नीनो जैसे मौसम के पैटर्न के असर का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा, 'आगामी महीनों में शायद एक बड़ा खाद्य संकट आ सकता है। तो अगर ऊर्जा की भारी कमी हो, और उसके साथ ही खाद्यान्न और उर्वरक की भी कमी हो, और साथ में वित्तीय समस्या भी हो - क्योंकि जब भी कोई टकराव होता है, तो पैसा सुरक्षित जगहों की तरफ चला जाता है और 'ग्लोबल साउथ' से दूर हो जाता है - तो इन सबका कुल नतीजा बहुत तनावपूर्ण रहा है।' उन्होंने कहा कि नीति बनाने वाले यह नहीं कह सकते कि ऐसी स्थिति पैदा करने का उनका इरादा नहीं था। जयशंकर ने कहा, 'देशों को इतना स्वार्थी नहीं होना चाहिए कि वे अपने फैसले लें और फिर कहें कि 'मेरा मकसद आपका जीवन मुश्किल बनाना नहीं था।'

**यूक्रेन युद्धः** जयशंकर ने कहा कि समझदारी से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बहुत सारे देशों की बुनियादी जरूरतों को इतना नजरअंदाज न किया जाए कि वे मुश्किल हालात में फंस जाएं, और यही हमारी चिंता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट अस्थिरता पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हमने यूक्रेन युद्ध के बाद पहले ही यह देख लिया है। हमने अपने पड़ोस में राजनीतिक अस्थिरता के रूप में इसका सीधा असर देखा है, और मुझे डर है कि ईरान और खाड़ी क्षेत्र में जो हो रहा है, उससे यह स्थिति और बिगड़ेगी।'

## अमेरिका में ज्यादा ऑप्शन थे, लेकिन...' नौकरी छोड़ भाई के साथ अपना काम, आज 25 करोड़ की कंपनी के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है अहमदाबाद के दो भाइयों की। इनके नाम हैं अतीश शाह और आशील शाह। निजी जरूरत के अनुभव से उन्हें आइडिया मिला। इसे भाइयों ने सफल बिजनेस में तब्दील कर दिया। उनके स्टार्टअप का नाम 'पोल्का टॉट्स' है। यह ब्रांड नवजात शिशुओं से लेकर आठ साल तक के बच्चों के लिए कपड़े, स्वैडल्स (बच्चों को लपेटने वाले मुलायम कपड़े) और रोजमर्रा के एसेंशियल्स बेचता है। आज इसका ग्रॉस टर्नओवर 25 करोड़ रुपये के पार निकल गया है। आइए, यहां अतीश शाह और आशील शाह की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

साल 2016 की बात है। आशील शाह के घर पहले बच्चे का आगमन होने वाला था। अमेरिका में रह रहे उनके भाई अतीश शाह भारत के लिए बेबी प्रोडक्ट्स की तलाश कर रहे थे। इस दौरान



उन्हें महसूस हुआ कि यह सेक्टर बेहद असंगठित है। बाजार में अच्छे ऑप्शंस की भारी किल्लत है। इसी व्यक्तिगत निराशा और खालीपन ने उन्हें आइडिया दिया। नौकरी छोड़कर उन्होंने भाई के साथ साल 2018 में अपने स्टार्टअप की नींव डाली। अतीश ने एक इंटरव्यू में कहा, 'अमेरिका में बेशक ज्यादा विकल्प थे। लेकिन, हम चर्चा कर रहे थे कि भारत में प्रोडक्ट्स ढूंढना इतना मुश्किल क्यों है। इसलिए हमने भारत में तलाश शुरू की। पाया कि यह सेक्टर पूरी तरह से असंगठित है।' शुरुआत में शाह भाइयों ने स्वैडल्स के सिर्फ 3 स्यह्य के साथ अमेजन पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरुआत की। वहां उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती भारतीय माता-पिता के बीच नए और आधुनिक उत्पादों की जागरूकता पैदा करने की थी। सफेद कपड़ों या इस्तेमाल किए गए कपड़ों का इस्तेमाल करते थे। इसे बदलने के लिए भाइयों ने ऑनलाइन तस्वीरों और वीडियो कंटेंट के जरिए उत्पादों की खूबियों को समझाना शुरू किया। शुरुआत में वे अपने 90% उत्पाद चीन से मंगाते थे। लेकिन, अपने कड़े डिजाइन स्टैंडर्ड्स और बेहतरीन क्वालिटी के दम पर उन्होंने धीरे-धीरे भारतीय बाजार में अपनी मजबूत जगह बनानी शुरू कर दी।

# यू ट्यूब से कमाई का बढ़ा ट्रेंड, जीडीपी में 18000 करोड़ रुपये का योगदान, 9.6 लाख को मिला रोजगार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में यूट्यूब का क्रिएटर इकोसिस्टम तेजी से बड़ा आर्थिक क्षेत्र बनता जा रहा है। यूट्यूब की 2025 इम्पैक्ट रिपोर्ट के मुताबिक, प्लेटफॉर्म के क्रिएटिव इकोसिस्टम ने साल 2025 में भारत की जीडीपी में 18000 करोड़ रुपये से ज्यादा का योगदान दिया। इसके साथ ही इस इकोसिस्टम ने 9.6 लाख से ज्यादा फुल-टाइम नौकरियों के बराबर रोजगार को सपोर्ट किया। यह रिपोर्ट ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स की रिसर्च पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक इकोसिस्टम से सिर्फ कंटेंट क्रिएटर्स को ही फायदा नहीं मिल रहा, बल्कि सिनेमैटोग्राफर, साउंड इंजीनियर, स्क्रिप्ट राइटर और प्रोडक्शन से जुड़े प्रोफेशनल्स समेत कई तरह के क्रिएटिव और टेक्निकल क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक यूट्यूब के क्रिएटर इकोसिस्टम का भारत की जीडीपी में योगदान पिछले साल के मुकाबले बढ़ा है। इससे पहले के साल में इस इकोसिस्टम ने 16000 करोड़ रुपये से ज्यादा का आर्थिक योगदान दिया था और 9.3 लाख से अधिक फुल-टाइम नौकरियों के बराबर रोजगार को




सपोर्ट किया था।

यूट्यूब के मुताबिक, प्लेटफॉर्म का आर्थिक प्रभाव अब सिर्फ बड़े मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं है। जयपुर, लखनऊ और कोच्चि जैसे नॉन-मेट्रो शहरों में भी नए क्रिएटिव क्लस्टर उभर रहे हैं। इन शहरों में स्थानीय प्रतिभाओं को तकनीकी और प्रोफेशनल स्किल विकसित करने के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अपना काम और कारोबार बढ़ाने के अवसर मिल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक साल में यूट्यूब पर मोनेटाइजेशन करने वाले क्रिएटर्स के इकोसिस्टम ने 3 लाख से ज्यादा अप्रेंटिस को सपोर्ट किया। इससे डिजिटल क्रिएटर इकोनॉमी में युवाओं के लिए ट्रेनिंग और रोजगार के अवसर बढ़ने का संकेत मिलता है। भारत यूट्यूब का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। देश में प्लेटफॉर्म के 50 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं। यही वजह है कि भारत यूट्यूब के लिए वैश्विक स्तर पर ग्रोथ का एक बड़ा केंद्र है। कंपनी के मुताबिक, जून 2026 तक भारत में 20,000 से ज्यादा यूट्यूब चैनल 10 लाख सब्सक्राइबर का आंकड़ा पार कर चुके थे।

भारतीय क्रिएटर्स की पहुंच अब सिर्फ घरेलू दर्शकों तक सीमित नहीं है। यूट्यूब के अनुसार, भारतीय चैनलों पर बनाए गए कंटेंट के कुल वॉच टाइम का 15% से ज्यादा हिस्सा देश के बाहर के दर्शकों से आता है। यह भारतीय क्रिएटर्स के कंटेंट की बढ़ती वैश्विक पहुंच को दर्शाता है।

यूट्यूब ने बताया कि पिछले एक साल में भारत के 2 लाख से ज्यादा चैनलों ने पहली बार प्लेटफॉर्म से कमाई शुरू की। वहीं, सालाना 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा कमाने वाले चैनलों की संख्या में साल-दर-साल 20% से अधिक की वृद्धि हुई। कमाई करने वाले क्रिएटर्स में से 73% ने यूट्यूब को अपनी आय का मुख्य स्रोत बताया है।

## 10 ग्राम सोने पर 10000 का डिस्काउंट! महंगे गोल्ड के बीच बढ़ा कैश का खेल, बिना रसीद के बिक रहे गहने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतों में हालिया गिरावट के बावजूद इसकी कीमतें अब भी काफी ऊंचे स्तर पर हैं। करीब एक साल पहले के मुकाबले सोना लगभग 28% महंगा है। ऐसे में ज्वेलरी खरीदने वाले ग्राहकों के बीच सस्ता सोना पाने के लिए कैश में बिना बिल खरीदारी का चलन बढ़ने की खबर है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ खरीदार आधिकारिक सिस्टम से बाहर जाकर बिना रसीद के सोना और ज्वेलरी खरीद रहे हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी मात्रा में सोना खरीदने पर अनौपचारिक कैश डील के जरिए मौजूदा बाजार कीमत से करीब 6% तक कम कीमत मिल सकती है। यह डिस्काउंट प्रति 10 ग्राम सोने पर 10 हजार रुपये तक हो सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार, कैश में लेनदेन करने वाले कुछ डीलर टैक्स और अन्य लागत से बचने का फायदा ग्राहकों के साथ साझा करते हैं। 55 साल की एक महिला ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए ज्वेलरी खरीदी और उन्हें 10 ग्राम सोने पर 5000 रुपये का डिस्काउंट मिला। हालांकि, इस खरीदारी के बदले उन्हें कोई रसीद नहीं दी गई। महिला ने कहा कि सोने की कीमतें बहुत ज्यादा होने के कारण यह ऑफर छोड़ना मुश्किल था और उन्हें ज्वेलर पर भरोसा था।

भारत में सोने पर आयात शुल्क बढ़ने से आधिकारिक चैनल से आने वाले सोने की लागत बढ़ गई है। इसके अलावा, खुदरा खरीदारों को सोने की



खरीद पर 3% जीएसटी भी देना होता है। ऐसे में कुछ खरीदार अतिरिक्त लागत से बचने के लिए कैश और बिना बिल वाली खरीदारी का विकल्प चुन रहे हैं। भारत के अनौपचारिक कैश मार्केट में सोना घरेलू बाजार की मौजूदा कीमत से 200 डॉलर प्रति औंस तक कम कीमत पर उपलब्ध होने की बात सामने आई है। हालांकि, इस अनौपचारिक बाजार में कीमतें तय नहीं होतीं और ग्राहक तथा डीलर के बीच बातचीत के आधार पर अलग-अलग हो सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा ग्राहक भी ज्वेलर से मोलभाव करके हर 10 ग्राम पर 10000 रुपये तक का डिस्काउंट हासिल कर सकते हैं।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि : डीटीओ

## वाहनों में सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन जरूरी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने को लेकर जिला परिवहन विभाग की ओर से गैर-सरकारी विद्यालयों के वाहनों का विशेष भौतिक निरीक्षण अभियान चलाया गया। उपायुक्त के आदेश और जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल, पाकुड़ के विद्यालय वाहनों की जांच की गई।
निरीक्षण के दौरान वाहनों में निर्धारित सुरक्षा प्रावधानों और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। विद्यालय प्रबंधन को सभी वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित एवं दुरुस्त रखने तथा परिवहन विभाग और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया गया।
जिले के सभी निजी विद्यालयों को निर्देश दिया गया कि यदि किसी विद्यालय वाहन में कोई कमी या त्रुटि पाई जाती है, तो उसे एक सप्ताह के भीतर दूर कर पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों से भी बच्चों की सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई।
जिला परिवहन विभाग ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विद्यालय प्रबंधन और वाहन संचालक नियमित निरीक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान मोटरयान निरीक्षक अमित कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, सड़क यांत्रिक विश्लेषक मो. अजहद अंसारी सहित विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंध निदेशक एवं अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चावल लदे ट्रक ने साइकिल सवार युवक को कुचला

## गुस्साई भीड़ ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र के मनईटांड़ भगत जी मंदिर के समीप बुधवार रात करीब 9:45 बजे एफसीआई के चावल लदे ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार 70 वर्षीय सुरेश चौरसिया की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक डहुआटांड़ स्थित कटिहार मार्केट के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।
घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। इस दौरान कुछ ट्रकों में तोड़फोड़ की भी सूचना है। धनसार थाना समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। मृतक के परिजन और स्थानीय लोग मुआवजा तथा मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर सड़क पर डटे रहे।
स्थानीय लोगों का कहना है कि बरमसिया एफसीआई गोदाम से मनईटांड़ होते हुए जोड़ाफाटक तक सड़क कई जगह संकरी और भीड़भाड़ वाली है। इसके बावजूद शाम के समय भारी वाहनों का आवागमन होता है। लोगों ने दावा किया कि एफसीआई ट्रकों से जुड़ी दुर्घटनाओं में यह तीसरी मौत है।
घटना के बाद अफरा-तफरी के बीच कुछ लोगों द्वारा ट्रक में लदे सरकारी चावल की बोरियां चोरी किए जाने की बात भी सामने आई। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब आधे ट्रक का चावल गायब हुआ है। पुलिस ने चावल ले जा रहे कुछ लोगों को पकड़ा है और मामले की जांच कर रही है।
पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल समेत कई समाजसेवी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं, कुंभनाथ सिंह ने दाह संस्कार के लिए तत्काल 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी।

# तीन दिवसीय छऊ संगीत कार्यशाला एवं छऊ चौपाल का समापन

## सरायकेला, मयूरभंज और पुरुलिया की छऊ प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मोहा मन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** एसएनए छऊ केंद्र, चंदनकियारी में आयोजित तीन दिवसीय सरायकेला छऊ संगीत कार्यशाला एवं छऊ चौपाल का बुधवार को विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन सरायकेला के प्रसिद्ध छऊ कलाकार एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित तपन पटनायक ने सरायकेला छऊ की परंपरा, संगीत, वादन और नृत्य शैली पर व्याख्यान-प्रदर्शन दिया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कलाकारों और विद्यार्थियों को छऊ की बारीकियों से अवगत कराया।
त्रिनेत्र कला केंद्र की ओर से आयोजित तीन दिवसीय सरायकेला संगीत कार्यशाला में सरकारी विद्यालयों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने संगीत से जुड़े प्रशिक्षण और जानकारी प्राप्त की।
शाम को छऊ चौपाल के अंतिम दिन सरायकेला के प्रसिद्ध छऊ गुरु मनोरंजन साहू एवं उनके दल ने छऊ नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद मयूरभंज के छऊ गुरु सृष्टिधर मोहंता एवं उनके दल तथा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से कृष्णा कुमार महतो एवं उनके दल ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। तीनों शैलियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा।
बोकारो जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा मिलता है। केंद्र के समन्वयक डॉ. संजय कुमार चौधरी के निर्देशन में आयोजन संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छऊ की विभिन्न शैलियों के संरक्षण के साथ कलाकारों और नई पीढ़ी के बीच संवाद एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं। आयोजन की सफलता में केंद्र के कर्मियों दिलीप कुमार जेना, विजय कुमार, आशुतोष कुमार सहित अन्य सहयोगियों का योगदान रहा।

# स्वास्थ्य शिविर में 141 बच्चों की जांच



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़िया प्रखंड के मोहलपहाड़ी पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहलपहाड़ी में नव भारत जागृति केंद्र एवं एसबीआई फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और निःशुल्क दवाएं दी गईं।
शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय दास ने कुल 141 बच्चों की जांच और इलाज किया।
इस दौरान एचबी की 90, ब्लड ग्रुप की 110, शुगर की 4 जांच के अलावा एलएफटी, सीबीसी, केएफटी और लिपिड प्रोफाइल की जांच की गई। बच्चों का ब्लड प्रेशर और वजन भी मापा गया।
शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। मौके पर कोऑर्डिनेटर राजीव रंजन, टीम मैनेजर राजकुमार घोष, लैब टेक्नीशियन छोटू कुमार भंडारी, फार्मासिस्ट खालिदा बेगम, नर्स पिंकी कुमारी, मोबाइल मेडिकल वाहन चालक सुबोध कुमार मंडल और विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल मरांडी सहित अन्य मौजूद रहे।

# सोच ने पटना में किया विस्तार

## राज्य में छठा स्टोर शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत के प्रमुख ओकेजन वियर ब्रांड सोच ने पटना में अपना एक और स्टोर शुरू करने की घोषणा की है। इसके साथ ही पटना में सोच के स्टोर की संख्या छह हो गई है। अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए पहचाना जाने वाला पटना, शाम के खास मौकों पर पहने जाने वाले कपड़ों (इवनिंग ऑकेजन वियर) के लिए एक बेहतरीन बाजार बनकर उभरा है। इसी वजह से सोच ने यहां अपने विस्तार के लिए यह स्थान चुना है। नया स्टोर बेली स्क्वायर मॉल, सेकंड फ्लोर, मौजा शेखपुरा, पटना में स्थित है।
1,800 वर्ग फीट में फैला यह नया स्टोर ग्राहकों को बेहतर खरीदारी का अनुभव देने के लिए तैयार किया गया है। ब्रांड के आधुनिक और आकर्षक डिजाइन को ध्यान में रखते हुए, स्टोर में सूट सेट, साड़ियां, कुर्ते, लहंगे, ड्रेस, कफ्तान और फ्यूजन वियर का बड़ा कलेक्शन उपलब्ध है। यहां अलग-अलग मौकों और ग्राहकों की पसंद के अनुसार कई तरह के कपड़े मिलेंगे। सोच भारतीय फैशन को




बढ़ावा देते हुए ग्राहकों के लिए बिना स्टाइल से समझौता किए बेहतरीन क्वालिटी वाले एथनिक कपड़े खरीदना आसान बना रहा है। सोच के साथ तैयार होने की खुशी का अनुभव करें और एक स्टाइलिश व शानदार खरीदारी अनुभव का आनंद लें।
इस नए स्टोर के साथ, सोच ने उत्तर भारत में अपनी मौजूदगी और मजबूत की है। सोच उन महिलाओं के लिए एक पसंदीदा ब्रांड बना हुआ है, जो ऐसे एथनिक कपड़े पसंद करती हैं, जिनमें पारंपरिक और आधुनिक स्टाइल का बेहतरीन मेल हो।
सोच पिछले 20 सालों से भारतीय एथनिक वियर बाजार में एक प्रमुख ब्रांड के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है। 70 शहरों में 175 से अधिक एक्सक्लूसिव स्टोर्स के साथ, सोच अपने कलेक्शन को बड़ी संख्या में ग्राहकों तक पहुंचाता है। सोच की मजबूत ऑनलाइन मौजूदगी से ग्राहकों के लिए खरीदारी और भी आसान हो गई है। ग्राहक सोच की वेबसाइट के साथ-साथ अमेजन, मिंत्रा और अजियो जैसे प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से भी आसानी से खरीदारी कर सकते हैं।
लेटेस्ट ऑफर और समय-समय पर अपडेट पाने के लिए सोचस्टोर्स को इंस्टाग्राम पर फॉलो करें। सोच फेसबुक, यूट्यूब और पिंटरेस्ट पर भी मौजूद है। अधिक जानकारी और ऑनलाइन शॉपिंग के लिए सोच की आधिकारिक वेबसाइट सोच डॉट कॉम पर जाएं।

# टीडीएस-टीसीएस जागरूकता सेमिनार का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** आयकर विभाग के टीडीएस वार्ड, बोकारो की ओर से बुधवार को डीएवी विद्यालयों के अधिकारियों एवं लेखा विभाग के कर्मियों के लिए नए आयकर अधिनियम, 2025 के तहत स्त्रोत पर कर कटौती और स्त्रोत पर कर संग्रह से संबंधित प्रावधानों पर जागरूकता सह प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएवी के प्राचार्य एसके मिश्रा सहित चार डीएवी विद्यालयों के लेखा विभाग के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यालयों में स्त्रोत पर कर कटौती और स्त्रोत पर कर संग्रह से जुड़े प्रावधानों की व्यावहारिक जानकारी देना तथा कर कटौती, जमा करने, विवरणी दाखिल करने, प्रमाणपत्र जारी करने एवं अन्य अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान नए आयकर अधिनियम, 2025 के तहत कर कटौती एवं कर संग्रह से जुड़े प्रावधानों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। साथ ही अनुपालन में आने वाली सामान्य समस्याओं और उनसे बचने के उपायों पर भी चर्चा की गई।
सेमिनार में आयकर अधिकारी दीपक कुमार एवं रूपेश कुमार तथा आयकर निरीक्षक नितेश कुमार एवं अविनाश कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आयकर निरीक्षक विनोद कृष्ण ने किया। उन्होंने कर संबंधी प्रावधानों के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए दैनिक अनुपालन में सावधानी बरतने पर जोर दिया। सेमिनार का उद्देश्य आयकर विभाग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय, कर जागरूकता तथा नियमों के अनुरूप कर संबंधी प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना रहा।

# जागरूकता अभियान के तहत भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा आगामी सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 तथा वर्तमान में संचालित तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि पर आधारित इस अभियान के तहत सेक्टर-9ई एवं सेक्टर-2सी स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूलों में भाषण, चित्रांकन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवा पीढ़ी में सत्यनिष्ठा, नैतिक मूल्यों, पारदर्शिता एवं शुचिता के प्रति जागरूकता विकसित करना है। डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-9ई में आयोजित हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में सुभी चौधरी (कक्षा 11-ए) ने प्रथम, मानसी कुमारी (कक्षा 10-ए) ने द्वितीय तथा अनुराग कश्यप (कक्षा 11-ए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यशोदा कुमारी (कक्षा 9-बी) को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में परी कुमारी (कक्षा 12-ए) ने प्रथम, शिप्रा (कक्षा 12) ने द्वितीय तथा शबनम कुमारी (कक्षा 12) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि श्रेया (कक्षा 12-ए) को सांत्वना पुरस्कार मिला।
इसी क्रम में डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-2सी में पोस्टर मेकिंग एवं हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचारों एवं रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं नैतिक आचरण के महत्व को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में पलक गुप्ता (कक्षा 11-सी) ने प्रथम, जानवी कुमारी (कक्षा 12-सी) ने द्वितीय तथा नंदनी कुमारी (कक्षा 12-सी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सपना राय (कक्षा 11-बी) को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। दोनों विद्यालयों के विजेता प्रतिभागियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

# किशन पटनायक की पुण्य तिथि पर विचार संगोष्ठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक किशन पटनायक की 22 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर समता सम्पर्क अभियान, लोक समिति, जय किसान आंदोलन, समाजवादी चेतना मंच, समाजवादी जन मजदूर किसान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सासाराम स्थित कुशवाहा सभा भवन के सभागार में दो सत्रों में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता और संचालन क्रमशः किसान नेता भोला नाथ सिंह, गाँधीवादी सुरेश प्रसाद ,आशुतोष कुमार और मथुरा सिंह ने की। गोष्ठी के पहले किशन पटनायक सहित उनके सहयोगी एवं शिष्यों दिवंगत भाई वैद्य पूर्व मंत्री , संजीव साने (महाराष्ट्र), सोमनाथ त्रिपाठी (उत्तर प्रदेश), बानी मंजरी दास (उड़ीसा), राम इकबाल बरसी, सच्चिदानंद सिन्हा, रामदुलारी देवी, शिवपूजन सिंह पूर्व विधायक, इंजीनियर महेंद्र दुबे, घनश्याम शुक्ला ,लक्ष्मण चौधरी राज नारायण शाह (बिहार) विश्वनाथ बागी (झारखंड), सुनील (मध्य प्रदेश) के तेल चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।
कार्यक्रम के संयोजक एवं बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने संगोष्ठी के मुख्य विषय विकल्पहीन नहीं है दुनिया पर विषय प्रवेश कराया। इसके अलावा वक्ता के रूप में हरियाणा से लोकतंत्र सेनानी कामरेड दिलीप सिंह, डॉ रामनाथ सिंह,पूर्व प्रबंधक, पूर्व जिला पार्षद के अलावा इंजीनियर रविंद्र कुमार सिन्हा, इंजीनियर चेखुर प्रसाद प्रजापति वाराणसी उत्तर प्रदेश, नरेंद्र कुमार राय पत्रकार एवं अधिवक्ता भानु प्रसाद राय, ववन विद्रोही, हरदेव पाल, काशीनाथ सिंह, चंद्रशेखर सिंह, जानकी भगत नौशाद खान, डॉ विकास कुमार शर्मा, हीरालाल, वीरेंद्र सिंह, बृज बिहारी राय, विक्की कुमार यादव, शशिकांत सिंह, सोमनाथ सिंह, कासिम अंसारी, रविंद्र कुमार सिंह, भगवान सिंह, सुग्रीव प्रसाद सिंह, कामता सिंह, परमानंद कुशवाहा मुन्ना यादव आदि ने प्रमुखता से अपने विचार रखे। पूरे कार्यक्रम की बेहतरीन व्यवस्था के लिए साथी शिवजी सिंह का विशेष आभार प्रदर्शन किया गया।

# पीएम श्री स्कूलों के 100 छात्रों ने किया नवाचार केंद्र का भ्रमण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस, कांड्रा, चास में बुधवार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित नवाचार एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत क्षेत्र भ्रमण गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें बोकारो जिले के दो पीएम श्री विद्यालयों के कुल 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्लस टू राजकीय पीएम श्री हाई स्कूल, सतनपुर और प्लस टू राजकीय पीएम श्री हाई स्कूल, हरनाद, कसमार से 50-50 विद्यार्थी विद्यालय के शिक्षकों एवं प्राचार्यों के नेतृत्व में कॉलेज पहुंचे। सतनपुर विद्यालय की ओर से वरीय शिक्षक पवन कुमार तिवारी तथा हरनाद विद्यालय की ओर से प्राचार्य जयप्रकाश रजक मौजूद रहे। सतनपुर के छात्रों को झारखंड उद्यमी संघ के अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद ने नवाचार और उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। वहीं हरनाद विद्यालय के छात्रों का मार्गदर्शन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कांड्रा शाखा की वरीय बैंकिंग पदाधिकारी अपूर्वा कुमारी ने किया। विद्यार्थियों ने संस्थान के नवाचार, प्रशिक्षण एवं उद्यम केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान नवाचार, उद्यमिता, नए व्यवसाय और स्वरोजगार से जुड़े विषयों पर गतिविधियां आयोजित की गईं। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने 25 से अधिक नए विचार प्रस्तुत किए तथा उनकी उपयोगिता, संभावनाओं और सामाजिक प्रभाव पर चर्चा की। निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में प्रारंभिक स्तर से नवाचार और उद्यमिता की सोच विकसित करना है। विद्यार्थियों को समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए नए विचार विकसित करने और उन्हें भविष्य में स्वरोजगार से जोड़ने का अवसर मिलना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की सफलता पर संस्था के अध्यक्ष तरसेम सिंह और सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आयोजन टीम को बधाई दी। कार्यक्रम के आयोजन में प्रोफेसर गौतम कुमार, सरिता कुमारी, शहनाज फरीन, रोहित वर्मा, सुमित कुमार पांडे और पंकज राय सहित अन्य की भूमिका रही।

# दारुल कजा का मकसद लोगों को इंसाफ दिलाना : फैसल रहमानी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** इमारत-ए-शरिया बिहार, बंगाल, ओडिशा एवं झारखंड के अमीर-ए-शरियत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने कहा कि दारुल कजा का मुख्य उद्देश्य लोगों को इंसाफ दिलाना और आपसी विवादों का शांतिपूर्ण समाधान करना है। बुधवार को पाकुड़ में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने महेशपुर प्रखंड के ईदगाह मैदान में प्रस्तावित दारुल कजा के उद्घाटन को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इमारत-ए-शरिया लंबे समय से पाकुड़ में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। दारुल कजा के माध्यम से मुस्लिम समाज के लोगों को शरीयत के अनुसार पारिवारिक और आपसी विवादों के समाधान का अवसर मिलेगा। पति-पत्नी तथा विवाह से जुड़े मामलों समेत अन्य विवादों को इस्लामी कानून की रोशनी में समझकर समाधान किया जाएगा।
फैसल रहमानी ने शिक्षा को समाज और देश की तरक्की का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि शिक्षित समाज में सामाजिक बदलाव और विकास की गति तेज होती है। इमारत-ए-शरिया विभिन्न राज्यों में शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है। प्रेस वार्ता में सदर काजी मौलाना मुफ्ती अंजार आलम कासमी, नाजिम मौलाना मुफ्ती मोहम्मद सईदुर रहमान, काजी मौलाना मोहम्मद हबीबुर रहमान, मौलाना अंजर कासमी समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में 30 सितंबर 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे 36 कर्मियों के सम्मान में मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) उपस्थित थे। इस अवसर पर संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी तथा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिजन भी उपस्थित रहे।
समारोह के दौरान मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी निष्ठा, समर्पण एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए बधाई दी तथा उनके सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। सितंबर 2026 में बीएसएल से कुल 36 कार्मिक, जिनमें 08 अधिशासी एवं 28 कर्मचारी शामिल हैं, सेवानिवृत्त हो रहे हैं।
इस अवसर पर सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी के सेवा-काल एवं उपलब्धियों से संबंधित बायो-डाटा प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को सेवा प्रमाण-पत्र एवं उपहार भेंट किया गया।
इसी क्रम में बोकारो स्टील प्लांट की मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) अनिमा कुशवाहा एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (गुणवत्ता) मनोहर लाल के सम्मान में भी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोकारो



स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी, अधिशासी निदेशक सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी ने बोकारो स्टील प्लांट में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं।
कर्मचारियों एवं अधिकारियों का निष्ठापूर्ण सेवाकाल बोकारो इस्पात संयंत्र की औद्योगिक प्रगति एवं सुदृढ़ संगठनात्मक विरासत की महत्वपूर्ण आधारशिला रहा है। अपने अनुभवी कार्मिकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने की यह परंपरा उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के साथ-साथ संयंत्र की समृद्ध कार्य-संस्कृति, आपसी सम्मान एवं आत्मीयता को भी प्रतिबिंबित करती है।

## नगर निगम में रार शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम चुनाव हुए सात माह बीत चुके हैं। वार्डों की समस्याओं का समाधान होने के बजाय परेशानी बढ़ती जा रही है। इससे पार्षदों को स्थानीय लोगों का आक्रोश झेलना पड़ रहा है।
वार्ड 42 के पार्षद मुनीलाल रविदास ने मंगलवार को लोदना मोड़ स्थित अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर धनबाद के मेयर संजीव सिंह पर वार्डों के विकास कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है।
पार्षद ने कहा कि 11 वर्षों बाद नगर निगम का चुनाव हुआ है। इससे लोगों को वार्डों के विकास की काफी उम्मीदें थीं। चुनाव के सात माह बीत जाने के बावजूद अब तक एक भी योजना का काम धरातल पर शुरू नहीं हुआ है।
बोर्ड की बैठक में प्रत्येक पार्षद से पांच-पांच योजनाओं की सूची मांगी गई थी। पार्षदों ने योजनाओं की सूची भी सौंप दी, लेकिन अब तक किसी योजना को स्वीकृति नहीं मिली है। सभी योजनाएं लंबित हैं।
उन्होंने कहा कि बोर्ड की बैठक में प्रत्येक वार्ड में 100 स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना पारित हुई थी। इसकी निविदा तक नहीं हुई है।

# सफाईकर्मी चौथे दिन भी रहे हड़ताल पर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था पिछले चार दिनों से लगभग ठप है। स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ के आह्वान पर आउटसोर्सिंग एजेंसी के 65 सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने से शहर के विभिन्न इलाकों में कचरे का ढेर बढ़ता जा रहा है। इससे आम लोगों की परेशानी के साथ-साथ संक्रमण और गंदगी को लेकर चिंता भी बढ़ने लगी है।
नगर परिषद के महज कुछ सफाई कर्मचारियों के भरोसे शहर के चुनिंदा हिस्सों में किसी तरह सफाई का काम कराया जा रहा है। सीमित कर्मचारियों के कारण पूरे शहर की नियमित सफाई संभव नहीं हो पा रही है। कई प्रमुख सड़कों, बाजार क्षेत्रों और मोहल्लों में जगह-जगह कूड़ा जमा है। हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पिछले तीन माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। अक्टूबर माह में उनका बकाया बढ़कर चार माह का हो जाएगा। लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उनकी समस्या के बावजूद आउटसोर्सिंग एजेंसी और नगर परिषद की ओर से अब तक ठोस पहल नहीं की गई है। शहर के थाना टोली रोड, बालिका विद्यालय क्षेत्र, तेतरतर, गुदरी बाजार, कचहरी मोड़, तिवारीदुरा रोड, कालेज रोड और न्यू रोड सहित कई स्थानों पर कचरा जमा है।

## तीन माह से मानदेय का भुगतान नहीं

संक्षिप्त समाचार

## भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने जीता गोल्ड

### चीनी तीरंदाजों को हराया

**ओकाजाकी ।** एशियन गेम्स 2026 में बुधवार को भारतीय दल का आर्चरी में स्वर्णिम सफर जारी है। भारतीय आर्चरी टीम ने तीसरा गोल्ड जीत लिया है। कुशल दलाल, साहिल जाधव और गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु वाली भारतीय पुरुषों की




कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने फाइनल में चीन को हराकर गोल्ड मेडल जीता। कुशल दलाल, साहिल जाधव और गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु की तिकड़ी ने एक रोमांचक फाइनल में चीन के जियाओ लियाओ, जिनयी लियू और जिंग्यू शी को 238-237 से हराकर भारत के कंपाउंड तीरंदाजों के लिए गोल्ड मेडल की हैट्रिक पूरी की। यह जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत फाइनल में दो पॉइंट से पीछे था और चीन की बढ़त को खत्म करने के लिए उसे एक मजबूत फिनिश की जरूरत थी।

## कपिल पोखरिया को करना पड़ा ब्रॉन्ज मेडल से संतोष

### सेमीफाइनल में मिली हार

**निशियो ।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय पुरुष मुक्केबाज कपिल पोखरिया को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा है। कपिल को 90 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में उज्बेकिस्तान के तुरबेक खबीबुल्लाव के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल मुकाबले में कपिल तुरबेक के सामने संघर्ष करते नजर आए



और फाइनल में जगह बनाने का उनका सपना साकार नहीं हो सका। हालांकि, वह अपने एशियन गेम्स डेब्यू में ही ब्रॉन्ज मेडल जीतने में जरूर सफल रहे। तुरबेक ने शुरुआत से ही मैच में अपनी पकड़ बनाए रखी और पहले राउंड को 5-0 से जीता। इसके बाद दूसरे राउंड में भी उज्बेकिस्तान के मुक्केबाज का दबदबा देखने को मिला और वह राउंड को 4-1 से अपने नाम करने में सफल रहे।

## गुलवीर ने लगाई मेडल की हैट्रिक, 5000 मीटर दौड़ में जीता ब्रॉन्ज

**नागोया ।** गुलवीर सिंह ने एशियन गेम्स 2026 में इतिहास रचते हुए मेडल की हैट्रिक पूरी कर ली है। भारतीय धावक ने मंगलवार को मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में पुरुषों की 5000 मीटर




दौड़ के फाइनल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। गुलवीर ने इस रेस को 13:32.75 सेकंड में पूरा किया। बहरीन के बिरहानु बालेव ने 13:30.79 के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि जापान के यामागुची टोमोनोरी 13:31.43 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे।




# श्री चरणी ने रच दिया इतिहास

## आईसीसी विमेंस टी20 बॉलिंग रैंकिंग में बनाया नया रिकॉर्ड

**दुबई ।** भारत की श्री चरणी ने आईसीसी विमेंस टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में अब तक की सबसे ज्यादा रेटिंग का नया रिकॉर्ड बनाया है। एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद बाएं हाथ की स्पिनर अपने करियर के बेस्ट 817 प्वाइंट्स तक पहुंच गईं। श्री चरणी पहले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट में 'वर्ल्ड नंबर-1' गेंदबाज हैं। अब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के (806 रेटिंग प्वाइंट्स) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिसे मेगन ने नवंबर 2018 में बनाया था। चरणी ने भारत की सफल यात्रा में अहम भूमिका निभाई और एशियन गेम्स में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए भारत को अपना गोल्ड मेडल बचाने में मदद की। एशिया कप 2026 में श्री चरणी ने 12 विकेट लेकर भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 20 रन देकर 4 विकेट हासिल किए थे।

श्री चरणी ने एशियन गेम्स 2026 में जापान के खिलाफ 10/4 का अपना करियर-बेस्ट प्रदर्शन करते हुए भारत को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में मदद की थी। खिताबी मैच में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 13 रन देकर 2 विकेट लिए। भारत ने यह मैच 147 रन से जीतकर गोल्ड मेडल जीता।




एशियन गेम्स 2026 के फाइनल में दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के विरुद्ध 6 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने 754 प्वाइंट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 723 प्वाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने एशियन गेम्स के फाइनल में 79 रन की पारी खेली थी, जिसके साथ उन्होंने टी20 फॉर्मेट में बल्लेबाजी की रैंकिंग में टॉप-5 में वापसी कर ली है।

दूसरी ओर, हरारे में जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के बीच जारी सीरीज ने वनडे फॉर्मेट में काफी बदलाव किया है। यह सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। वेस्टइंडीज की ऑल-राउंडर हेली मैथ्यूज ने सीरीज के पहले मैच में 182 रनों की दमदार पारी खेली थी, जिसके बाद वह 711 प्वाइंट्स के साथ बैटिंग रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। उनकी साथी रियलीना ग्रिमंड 34 पायदान ऊपर चढ़कर 270 प्वाइंट्स के साथ संयुक्त रूप से 102वें स्थान पर पहुंच गईं।

इस बीच, जिम्बाब्वे की न्याशा ग्वांजुरा ने वनडे बॉलिंग रैंकिंग में एक अहम स्थान हासिल किया; उन्होंने दूसरे वनडे में 18 रन बनाने के साथ 4 विकेट हासिल किए। इस तरह वह 52 पायदान ऊपर चढ़कर 156वें स्थान पर पहुंच गईं।

### महिला तीरंदाजी टीम ने रचा इतिहास

# वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी, गोल्ड जीता



**आइची-नगोया (जापान)।** एशियन गेम्स 2026 में बुधवार का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्णिम शुरुआत लेकर आया। भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने असाधारण और अचूक निशानेबाजी का मुजाहिरा पेश करते हुए देश की झोली में 7वां स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) डाल दिया। महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा के रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने मजबूत प्रतिद्वंद्वी चीन को 238-234 के अंतर से पराजित किया।

### राजेश-चिकिथा ने मिक्स्ड कंपाउंड टीम इवेंट में जीता गोल्ड

## ओलंपिक 2028 का टिकट भी हुआ पक्का

**ओकाजाकी ।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय मिक्स्ड कंपाउंड आर्चरी टीम ने गोल्ड पर निशाना लगाया है। महिला टीम के गोल्ड जीतने के बाद राजेश जाधव और चिकिता तनिपार्थी की जोड़ी ने मिक्स्ड कंपाउंड इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए साउथ कोरिया को एक रोमांचक शूट-ऑफ में हराया। फाइनल में मुकाबला 157-157 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद भारतीय जोड़ी ने शूट-ऑफ में साउथ कोरिया के पार्क जुंगयून और चोई योंगही को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट का कोटा भी हासिल कर लिया है। यह इवेंट पहली बार ओलंपिक में शामिल किया जाएगा। इससे पहले, महिला टीम के गोल्ड मेडल जीतने के बाद, यह चिकिथा का आइची-नागोया में दूसरा गोल्ड है। एशियन गेम्स




2026 में यह भारत का आठवां गोल्ड है। कुल मिलाकर, भारत के मेडल अभी 54 हैं, जिसमें आठ गोल्ड, 21 सिल्वर और 25 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। चिकिथा और साहिल ने शानदार शुरुआत की, दोनों तीरंदाजों ने अपने शुरुआती शॉट में 10-रिंग हासिल की। ??शुरुआती रोटेशन के बाद कोरियाई खिलाड़ियों ने उनकी बराबरी करते हुए स्कोर 20-20 कर दिया। इसके बाद भारत को पहला फायदा तब मिला जब पार्क ने 9 का स्कोर किया। चिकिथा और साहिल ने 10 की एक और जोड़ी के साथ जवाब दिया और पहले एंड के आखिर में 40-39 से आगे हो गए। भारतीय जोड़ी ने दूसरे एंड में भी बेहतरीन निशाने लगाए और अपनी बढ़त दो अंक तक बढ़ा ली। चिकिथा और साहिल ने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए शुरुआती चारों शॉट में 10-10 अंक हासिल किए।

## लवलीना रोमांचक मुकाबले में नताल्या बोगदानोवा को हराकर फाइनल में पहुंचीं

**ओकाजाकी ।** भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने एशियन गेम्स 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। 75 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने कजाकिस्तान की मुक्केबाज नताल्या बोगदानोवो को स्प्लिट फैसले में 3-2 से हराया। इस जीत के साथ ही लवलीना ने एशियन गेम्स 2026 में कम से कम अपना सिल्वर मेडल पक्का कर लिया है। हालांकि, भारतीय मुक्केबाज से देश को गोल्ड मेडल की आस है।



लवलीना लगातार दो एशियन गेम्स में फाइनल तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बन गई हैं। फाइनल मुकाबले में लवलीना ने जबरदस्त वापसी की। पहले राउंड में लवलीना लय में दिखाई नहीं दीं और उन्हें यह राउंड 2-3 से गंवाना पड़ा। हालांकि, इसके बाद भारतीय मुक्केबाज ने अपनी रणनीति में बदलाव किया, जिसका असर उनके खेल में भी नजर आया। लवलीना ने दूसरा और फिर तीसरा राउंड अपने नाम किया। लवलीना के एक के बाद दमदार पंचों के आगे कजाकिस्तान की महिला मुक्केबाज मुश्किल में दिखाई दी। दूसरे राउंड में लवलीना को पांच जजों की ओर से 10-10 प्वाइंट मिले। वहीं, तीसरे राउंड में दो जज ने लवलीना को 10, जबकि तीन जजों ने 9 प्वाइंट दिए। हालांकि, भारतीय महिला मुक्केबाज प्रिया घंघस को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। उन्हें सेमीफाइनल में चीन की यांग चेंग्यू के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। प्रिया सेमीफाइनल मैच में लय में दिखाई नहीं दीं और उनके पास चीन की मुक्केबाज के पंचों का कोई जवाब नहीं था। प्रिया ने मुकाबले की शुरुआत जरूर आक्रामक अंदाज में की, लेकिन यांग चेंग्यू का डिफेंस काफी मजबूत नजर आया। पुरुष भारतीय मुक्केबाज अंकुश पंघाल 80 किलोग्राम के फाइनल में पहुंच चुके हैं। वहीं, नरेंद्र ने सेमीफाइनल मैच हारने के बाद ब्रॉन्ज मेडल जीता। नरेंद्र को सेमीफाइनल में ओरलबे ने एकतरफा अंदाज में 0-5 से हराया। महिला मुक्केबाज परवीन हुड्डा 65 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में पहुंच चुकी हैं।

## नीरू ढांडा और किनान चेनाई की जोड़ी ने मिक्स्ड ट्रैप शूटिंग इवेंट में भारत को दिलाया गोल्ड मेडल

**ओकाजाकी ।** एशियन गेम्स 2026 में बुधवार को भारत की झोली में एक और गोल्ड मेडल आया है। शूटिंग के मिक्स्ड ट्रैप इवेंट में नीरू ढांडा और किनान चेनाई की जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश को इस टूर्नामेंट का 9वां गोल्ड मेडल दिलाया। नीरू और किनान की जोड़ी ने 34 प्वाइंट्स अर्जित करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। वहीं, कतर ने 32 प्वाइंट्स हासिल करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया, जबकि चीन 23 प्वाइंट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रहा। ईरान फाइनल में 12 प्वाइंट्स के साथ चौथे स्थान पर रहा। नीरू का यह एशियन गेम्स 2026 में तीसरा मेडल है। इससे पहले, नीरू ने महिलाओं के ट्रैप टीम इवेंट में सिल्वर



मेडल जीता था। इसके साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत ट्रैप शूटिंग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। वह ट्रैप शूटिंग में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनीं। मिक्स्ड ट्रैप इवेंट के फाइनल में नीरू और किनान ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली सीरीज में 6 प्वाइंट हासिल किए, जबकि दूसरी सीरीज में यह भारतीय जोड़ी 16 प्वाइंट अर्जित करने में कामयाब रही। तीसरी सीरीज के अंत तक भारत ने 26 प्वाइंट हासिल किए और चौथी और आखिरी सीरीज में स्कोर को 34 पर पहुंचाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

बुधवार को यह भारत ने तीसरा गोल्ड मेडल जीता है। इससे पहले, आर्चरी के मिक्स्ड कंपाउंड इवेंट में राजेश जाधव और चिकिता तनिपार्थी की जोड़ी ने देश को गोल्ड मेडल दिलाया। उन्होंने रोमांच से भरपूर फाइनल मुकाबले में साउथ कोरिया को शूट-ऑफ में हराया।



### महिला 4X400 मीटर रिले टीम को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक पर

# प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किरण पहल, एमआर पूवम्मा, प्राची चौधरी और विथ्या रामराज को मंगलवार को एशियाई खेलों में महिला 4×400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। कड़े मुकाबले वाले फाइनल में भारतीय टीम ने 3:29.69 का समय निकालकर बहरीन (3:30.21) और चीन (3:31.02) को पीछे छोड़ दिया, जिससे भारत ने एशियाई खेलों में महिला 4×400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक का लंबा इंतजार खत्म किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि एशियाई खेलों में महिला 4×400 मीटर रिले में शानदार प्रदर्शन के लिए किरण पहल, पूवम्मा एमआर, प्राची और विथ्या रामराज को हार्दिक बधाई। उनकी गति और दृढ़ संकल्प ने भारत को शीर्ष स्थान पर पहुंचाया। यह भारतीय एथलेटिक्स के लिए गर्व का क्षण है और टीम वर्क की उपलब्धियों का एक बेहतरीन उदाहरण है! खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।



फाइनल में भारत ने छठे लेन से शुरुआत की, जिसमें किरण ने पहला लेग दौड़ा और फिर तीसरे स्थान पर अनुभवी पूवम्मा को बैटन सौंपा। पूवम्मा ने दूसरे लेग में दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत को शीर्ष स्थान पर ला खड़ा किया।

प्राची ने भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा और फिर एंकर लेग के लिए बैटन विथ्या को सौंप दिया।

विथ्या ने शानदार फिनिशिंग करते हुए 200 मीटर के निशान के पास अपनी बढ़त बनाई और अंतिम क्षणों में बहरीन की सलवा ईद नस्र को पछाड़कर भारत के लिए स्वर्ण पदक पक्का किया। यह जीत एशियाई खेलों के पिछले संस्करण में महिलाओं की 4×400 मीटर रिले में भारत के रजत पदक से कहीं बेहतर प्रदर्शन था।

विथ्या के लिए भी यह खेल यादगार रहा, क्योंकि उन्होंने प्रतियोगिता में अपना तीसरा पदक जीता। इससे पहले उन्होंने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में रजत और कांस्य पदक जीते थे और रिले फाइनल से एक दिन पहले राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। जापान 3:31.44 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहा, उसके बाद वियतनाम, कजाकिस्तान, श्रीलंका और चीनी ताइपे रहे।

## भारतीय पुरुषों ने 4X400 मीटर रिले में जीता ब्रॉन्ज

### कुल 24 मेडल के साथ एथलेटिक्स में अभियान समाप्त




**नागोया ।** भारत ने मंगलवार को पुरुषों की 4×400 मीटर रिले में ब्रॉन्ज मेडल के साथ 'एशियन गेम्स 2026' में अपने एथलेटिक्स अभियान का समापन किया। मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में धर्मवीर चौधरी, मनु थीक्किनिल, जय कुमार और विशाल थेन्नारासु की भारतीय चौकड़ी ने 3:01.61 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। जापान ने 3:00.75 के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि कतर ने 3:00.93 के समय के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया। भारत चैंपियन टीम से 0.86 सेकंड पीछे रहा। फाइनल में धर्मवीर ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई और मनु को बैटन सौंपी, तब तक टीम मेडल की दौड़ में मजबूती से बनी हुई थी। दूसरे लेग के दौरान मनु को भीड़ का सामना करना पड़ा और उन्हें ट्रैक पर अपनी जगह बनाने के लिए घूमना पड़ा, जिससे जब जय कुमार ने दौड़ संभाली तो भारत चौथे स्थान पर था।

## समाचार सार

### अलीगंज की मुख्य सड़कें जर्जर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अलीगंज/जमुई ।** स्टेट हाइवे की मुख्य मार्ग अलीगंज जमुई जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। स्टेट बैंक अलीगंज के समीप सड़क पर बड़ी बड़ी गढ़े बन गई है जिससे वाहनों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश में मुख्य सड़कें तालाब में तब्दील हो गया है आपको बताते चलें कि इस मार्ग होकर मुंगेर, पटना, रांची आदि स्थानों की बसें गुजरती है। इसके साथ ही पर्यटक वाहन भी आते जाते रहता लेकिन सड़क मार्ग टुट जाने से वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पटना कृष्ण मुरारी के चालक बताते हैं कि इन दिनों सड़कों पर बड़े बड़े गढ़े बन गई है जिससे वाहनों का गुला टुटने का डर बना रहता है। श्रावण मास आने वाला है अलीगंज जमुई होकर बाबा धाम देवघर जाने का मुख्य मार्ग सड़क है लेकिन आज तक सड़कों पर गढ़े नहीं भरीं जा सकी है, जिससे वाहनों के साथ साथ आवागमन में भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### दिव्यांगों को दी गई आपदा सुरक्षा प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता खैरा/जमुई ।** खैरा प्रखंड स्थित बुनियाद केंद्र खैरामें बुधवार के दिन आपदा सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई । जिसमें मुख्य रूप से प्राकृतिक आपदा एवं मानव निर्मित आपदा के संबंध में विस्तार पूर्वक से जानकारी दी गई। आपदा मित्र इंद्रजीत कुमार मौके पर दिव्यांग जनों को छड़ी भी वितरण किया गया ।बुनियाद केंद्र जमुई के जिला प्रबंधक मुनमुन पांडे सरवत कुमार अनुप्रिया एवं खुशबू कुमारी आदि ने दिव्यांगजनों को बहुत ही मधुर वाणी से संबोधित किया एवं बुनियाद केंद्र में उपस्थित सारी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर दिव्यांग संघ के जिला संरक्षक सह पूर्व जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार सगीर अंसारी प्रमोद कुमार यादव, रामबालक यादव, पंकज पासवान, परशुराम कुमार बमबम कुमार, साजिद मियां सहित दिव्यांगजन मौजूद थे।

# बुझायात में एसएसबी ने 160 ग्रामीणों का किया मुफ्त इलाज

## मेडिकल सिविक एक्शन कार्यक्रम में जरूरतमंदों के बीच दवाओं का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता खैरा/जमुई।** गोली पंचायत के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित बुझायात गांव में सोमवार को 16वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की समवाय परासी की ओर से मेडिकल सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यवाहक कमांडेंट बांके बिहारी के दिशा-निर्देश एवं उपस्थिति में आयोजित शिविर में चिकित्सा अधिकारी सहायक कमांडेंट डॉ. हरिकृष्णनन आर. मेनन ने करीब 160 जरूरतमंद ग्रामीणों की जांच कर उनका उपचार किया। इस दौरान ग्रामीणों के बीच आवश्यक दवाओं का भी निशुल्क वितरण किया गया।

शिविर में गोली, आमकोली, एकतरवा, बुझायात, बखण्दर, कसैया, सलैया, पिपराखांड़ और मुरबरों सहित आसपास के गांवों से पहुंचे गरीब एवं जरूरतमंद ग्रामीण लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में समवाय के समवाय कमांडर निरीक्षक पंकज कुमार सहित एसएसबी के करीब 20 जवान मौजूद रहे। डॉ. हरिकृष्णनन आर. मेनन ने कहा कि एसएसबी की ओर से सीमावर्ती एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गरीबों, किसानों और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है।उन्होंने कहा कि एसएसबी अपने ध्येय वाक्य सेवा, सुरक्षा, बंधुत्वह्व के अनुरूप नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा के साथ जनकल्याण के कार्य भी कर रही है। ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ने के साथ बल और आम जनता के बीच विश्वास एवं भाईचारा भी मजबूत हो रहा है।

# जिले में हो रहा विकास कार्य : विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिला परिषद एजेंसी के द्वारा जिला योजना अनाबद्ध निधि से पांच योजनाओं का शिलान्यास संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया,जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, सांसद प्रतिनिधि नईमुद्दीन खान, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, मौके पर जिप अध्यक्ष ने कहा जिले का हो रहा है संपूर्ण विकास।

पंचायती राज का पहली प्राथमिकता गांव का विकास करना शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने के लिए जिले का प्रत्येक जर्जर स्कूल भवन का मराम्मति व निर्माण कार्य किया जा रहा है।

डाहु जराटोली में अतिरिक्त 02 क्लास का निर्माण कार्य,रंगरोड़ी में अतिरिक्त 02 क्लास का निर्माण कार्य, लोवा चंदुका टोली में सबन कण्डुलना जी के घर से सोहराई कण्डुलना जी के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण कार्य, मनाहातु में अतिरिक्त 02 क्लास का निर्माण कार्य, खटंगा चुरदा में अतिरिक्त 02 क्लास का निर्माण कार्य होने हैं।

कार्यक्रम में विकास गोप, घूरन नायक, अजय गुप्ता, जोन कन्डुलना, उज्जवल चौधरी, प्रवीण गुप्ता, जितेन सोए ग्रामीण मौजूद थे।

# डीपीआरओ ने आदर्श मध्य विद्यालय सोनो का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** जिले के शैक्षणिक वातावरण में व्यापक सुधार और शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक बड़ी पहल की। डीएम के निर्देश पर जिले के सभी वरीय अधिकारियों ने धरातल पर उतरकर विभिन्न विद्यालयों का गहन निरीक्षण किया। इसी क्रम में डीपीआरओ बीरेंद्र कुमार ने सोनो प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय सोनो का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति , पठन-पाठन की गुणवत्ता , मध्याह्न भोजन की स्वच्छता व मात्रा , शौचालय एवं बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं और विद्यालय के अभिलेखों का बारीकी से जायजा लिया। डीपीआरओ ने इसी क्रम में एक शिक्षक की भांति कक्षा में जाकर स्वयं बच्चों को पढ़ाया। अत्यंत सहजता के साथ विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने बच्चों के वास्तविक ज्ञान स्तर को परखा।उल्लेखनीय है कि विगत दिनों जिला समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने सभी अधिकारियों को एक-एक विद्यालय गोद लेने का निर्देश दिया था। आज का यह निरीक्षण उसी महत्वाकांक्षी व्यवस्था को सुचारू और प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में उठाया गया एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

डीपीआरओ बीरेंद्र कुमार ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय भेजें और जिला के साथ बिहार को विकसित प्रदेश बनाने में सहयोग करें। मौके पर प्रधानाध्यापक सुनील कुमार सिंह, दिनेश कुमार, संतोष कुमार मिश्र,समेत कई अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



**खूँटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं जिला परिषद अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन, पूर्ण एवं लंबित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रखंडों में लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने तथा योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

साथ ही शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य पूर्ण करने, एरिया ऑफिसर मॉनिटरिंग ऐप पर नियमित रिपोर्टिंग करने एवं सामग्री मद के भुगतान को नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिन लाभुकों को किस्त की राशि उपलब्ध करा दी गई है। उनके निमार्णाधीन एवं लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

# जमुई में आंगनमिलन के तहत आंगनबाड़ी केन्दों पर मनाया गया अन्नप्राशन उत्सव

## आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित महिलाओं को पोषण युक्त भोजन के बारे में जानकारी दी गई





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के 1555 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुधवार को अन्नप्राशन उत्सव मनाया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत अन्नप्राशन उत्सव में जनप्रतिनिधि समेत दर्जनों महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और छह माह के बच्चों का अन्नप्राशन करवाया गया। अन्नप्राशन उत्सव को लेकर सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका समेत दर्जनों अन्य अधिकारी आंगनबाड़ी केंद्रों पर निरीक्षण करते हुए दिखें गए। अन्नप्राशन उत्सव कार्यक्रम में सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका आंगनवाड़ी केन्द्रों पर जाकर जायजा लेते हुए छः माह के बच्चों को अन्नप्राशन करवाया। मौके पर सीडीपीओ सुश्री बंदना दास, बीनू कुमारी,नीलम कुमारी सुश्री इंदु कुमारी , ने पूरक पोषाहार के बारे में जानकारी दी गयी। आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित महिलाओं को पोषण युक्त भोजन के बारे में जानकारी दी गई। वही अपने बच्चों को पोषण से भरपूर आहार खिलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में पौष्टिक सब्जी, दाल, चावल, अंडा फल आदि का प्रदर्शनी भी किया। प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों सेविकाओं द्वारा अन्नप्राशन दिवस के अवसर पर धात्री माताओं को पोषाहार संबंधी जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धात्री माताओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में बच्चों को कटोरी एवं चम्मच भी बांटा गया। बच्चों की मुस्कान के पीछे आंगनबाड़ी सेविका का अहम रोल निभाते हुए ग्रामीण और केन्द्र के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर पूरक पोषाहार, स्कूल पूर्व शिक्षा समेत स्वास्थ्य सेवा देती है।

# सड़क किनारे सूखा पेड़ मौत को दे रहा आमंत्रण

## सुखे पेड़ आमलोगों के लिए खतरा बन गये है ● सूखे पेड़ दुर्धटना को आमंत्रित कर रहे हैं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता अलीगंज/जमुई।** अलीगंज सिकंदरा मुख्य मार्ग दरखा मोड से 100मीटर आगे सडक किनारे सुखा पेड़ सड़क की ओर है। सुखे पेड़ आमलोगों के लिए खतरा बन गये है। सुखे पेड़ दुर्धटना को आमंत्रित कर रहे हैं। अलीगंज सिकंदरा रोड दरखा के समीप सुखा पेड़ है पेड़ का अधिकतर हिस्सा सड़क की ओर है कई साल से सुखा पेड़ गर्मी, बारिश के मौसम को झेलते के मौसम को झेलते हुए कमजोर हो चुका है। इस सड़क पर काफी लोगों का आवाजाही होती है। कई प्रमुख स्कूल के बच्चों से लेकर अन्य पर्यटक वाहन का आना जाना है। किसी भी दिन पेड गिरा तो बडा हादसा हो सकता है। स्थानीय प्रशासन या वनविभाग का इस ओर ध्यान नहीं हैं। वहां से गुजरने वाले लोगों का ध्यान पेड़ पर ही होता है। इसके अलावा भी क्षेत्र में कई जगहों पर सुखे पेड़ दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं।ऐसी सभी सुखे पेड़ों को चिन्हित कर कटवाने की आवश्यकता है। लोगों ने विभाग से सड़क किनारे सुखे पेड़ों को कटवाने की मांग किया है।

**कभी भी गिर सकता है सूखा पेड़**

### लोन दिलाने के नाम पर बायोमेट्रिक लेकर निकाले फर्जी सिम, ग्रामीणों में रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता चकाई,/जमुई।** प्रखंड के बामदह पंचायत अंतर्गत नावाडीह, चहबच्चा और गोला गांव के ग्रामीणों को ग्रुप लोन दिलाने का झांसा देकर उनके नाम से अवैध सिम कार्ड निकालने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने नावाडीह निवासी श्रवण दास पर गंभीर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।पीड़ित कार्तिक दास, फुगला देवी और अंकिता देवी ने बताया कि आरोपी ने उत्कर्ष व चैतन्य बैंक से लोन दिलाने की बात कहकर आधार कार्ड लिए और सफेद कपड़े के आगे खड़ा कर फोटो व आंखों-उंगलियों के बायोमेट्रिक निशान ले लिए। बाद में पता चला कि इन दस्तावेजों से फर्जी सिम जारी कर लिए गए। चहबच्चा निवासी मंटू यादव ने बताया कि उनके नाम पर दो और भाई बिनोद यादव के नाम पर तीन सिम निकाले गए हैं। बालमुकुंद दास ने भी पत्नी के नाम पर अवैध सिम एक्टिवेट कराने का आरोप लगाया।ठगी के शिकार लोगों में ललिता देवी, कांग्रेस दास, राजकिशोर दास, रानी देवी, तुलसी दास, भरत दास और विष्णुदेव पासवान भी शामिल हैं।

# स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य जांच के लिए पंचायत भवनों में लगा शिविर

## बीपी, मधुमेह समेत कई जांच कर स्वास्थ्यकर्मियों ने दी दवा व जरूरी परामर्श



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता झाझा/जमुई।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण के तहत स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान को सफल बनाने के लिए बुधवार को प्रखंड की सभी पंचायतों में स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिलाधिकारी श्री नवीन के निर्देश पर पंचायत भवनों में आयोजित इन शिविरों में स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।शिविर संचालन के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झाझा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा नवाब ने विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शिविर में सीएचओ के अलावा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। स्वास्थ्य टीम ने शिविर में पहुंचे स्वच्छता कर्मियों का रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की। जांच के बाद जरूरत के अनुसार दवा उपलब्ध कराने के साथ चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

# अंडर-17 फुटबाल में एकलव्य विद्यालय झाझा बना विजेता

## पेनल्टी शूटआउट से मिला अंतिम नतीजा



**फाइनल मुकाबले में विद्यालय की टीम ने अंबेडकर आवासीय विद्यालय बामदह को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता झाझा/जमुई।** वार्षिक खेल 2026-27 के तहत जमुई में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-17 फुटबाल प्रतियोगिता में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झाझा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में विद्यालय की टीम ने डा. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय बामदह को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। दोनों विद्यालयों के बीच खेला गया मुकाबला शुरूआत से ही काफी रोमांचक रहा। निर्धारित समय तक दोनों पक्षों के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर कई हमले किए, लेकिन किसी भी टीम को सफलता नहीं मिली। निर्धारित समय समाप्त होने तक स्कोर बराबरी पर रहने के बाद निर्णायक ने पेनल्टी शूटआउट के माध्यम से परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया। इसमें झाझा की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3-2 से जीत दर्ज कर ली।विद्यालय के प्राचार्य कमल किशोर साहू ने सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा साबित की है। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय है।बताया कि गुरुवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार विजेता दल के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। सफलता की जानकारी मिलने के बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता कर्मियों के लिए लगा जांच शिविर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता खैरा/जमुई।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बुधवार को खैरा अस्पताल परिसर में स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में स्वच्छता कार्य से जुड़े कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

इस दौरान कर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और कार्य के दौरान जरूरी सावधानियां बरतने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खैरा प्रखंड विकास पदाधिकारी शेखर सुमन, डीसी नीरज कुमार, डीसी संजय कुमार, डीसी राकेश कुमार, बीसी मंजूर आलम, स्वच्छता पर्यवेक्षक वरुण कुमार, निलेश कुमार एवं फिरतौश आलम सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। शिविर के दौरान स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को जाना गया और आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता कर्मी गांव और प्रखंड क्षेत्र को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे नियमित रूप से सफाई कार्य में जुटे रहते हैं, ऐसे में उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच भी जरूरी है।

**कर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और कार्य के दौरान जरूरी सावधानियां बरतने की दी गई जानकारी**

कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों को साफ-सफाई के दौरान व्यक्तिगत सुरक्षा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ रहकर ही कर्म कर सकते हैं।

### खूंटी में बस स्टैंड की बदलेगी तस्वीर,सीसीटीवी से ऑटो जोन तक की सुविधाएं

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी सृष्टि दिप्रिया मिंज ने बुधवार को नगर पंचायत क्षेत्र स्थित बस स्टैंड और नवनिर्मित पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड में यात्रियों को होने वाली परेशानियों की जानकारी ली और सुविधाओं को बेहतर करने के लिए संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सृष्टि दिप्रिया मिंज ने बताया कि बस स्टैंड में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। यात्रियों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था की जायेगी। बस स्टैंड के दूसरे छोर पर भी आवागमन के लिए रास्ता बनाया जायेगा।

# पितृ पक्ष में श्राद्ध व तर्पण करने से सम्पूर्ण फल की होती प्राप्ति

## पितृ दोष से मिलती है मुक्ति : पंडित कृष्ण मोहन पाण्डेय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता सोनो/जमुई।** अपने पूर्वजों को पितृपक्ष में तर्पण , श्राद्ध कर्म ,पिंडदान करने से हमारे पितृगण को तृप्ति मिलती है , और फल स्वरूप हमें आशीर्वाद प्राप्त होती है , और हम सब पितृदोष से मुक्त होते हैं । उक्त बातें पंडित कृष्ण मोहन पाण्डेय ने कही। पाण्डेय ने बताया कि ऐसी मान्यता है की पितृपक्ष के समय सभी पितृगण पृथ्वीलोक में निवास करते हैं, और उम्मीद करते हैं कि उनके कुल के वंशज , सन्तान श्राद्ध , पिंडदान, तर्पण करें जिससे पितृगण तृप्त होवें। इस संबध में महाभारत के 13वें अध्याय में एक प्रसंग जरत्कारु ऋषि की आती है जो ब्रह्मचर्य जीवन ब्यतीत करते हुए जंगल में तपस्या कर रहे थे। एक दिन संध्या काल को जंगल में घूमने निकले थोड़ी दूर जाने पर एक पेड़ पर कुछ पितृगण उल्टा टँगे दिखाई पड़ा, तो ऋषि जरत्कारु ने उन पितरों के पास जाकर पूछा कि आप लोग कौन हैं, और इस तरह उल्टे क्यों टँगे हैं , इसका कारण एवं मुक्ति का उपाय बताइए। तब पितरों ने बताया कि हमारे कुल में वंश बृद्धि की परम्परा समाप्त हो जाने के कारण हमारे कुल में कोई नहीं बचा है, जो हम सबों को पितृपक्ष में तर्पण, श्राद्ध, पिंडदान कर सके जिससे हम सबों की मुक्ति हो सकें। पितरों ने बताया की हमारे वंश में एक ब्यक्ति बचा है जिसका नाम जरत्कारु है, और वह भी व्रहमचर्य हो गया है। यह सुनकर जरत्कारु ऋषि को बड़ा ही अतिशय दुख हुआ। तब ऋषि ने अपना परिचय देते हुए बताया कि वह अभागा जरत्कारु में ही हूँ जिस कारण आपलोगों को मुक्ति नहीं मिल रही है। इतना सुनते ही सभी पितृगण काफी खुश हुए और बोले कि बड़ी सोभाग्य की बात है कि आपसे मुलाकात हो गयी। अगर आप हम सबों को मुक्ति दिलाना चाहते हैं तो यथा शीघ्र विवाह कर वंश बृद्धि करिए और पितृपक्ष के अवसर पर अपने कुल के पितरों के नाम से श्राद्धकर्म, पिंडदान, तर्पण करिए जिससे हम सबों की मुक्ति होगी। इस प्रकार आश्विन मास के कृष्णपक्ष की पूरे पन्द्रह दिन पितरों को समर्पित पितृपक्ष कहलाता है। सभी सनातन धर्मावलंबियों को पितृपक्ष के अवसर पर अपने कुल के पितरों के प्रति आस्था रखते हुए श्राद्ध पिंडदान, एवं तर्पण अवश्य करनी चाहिए।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### मवेशी तस्करी की कोशिश नाकामः ग्रामीणों ने घेरा तो वाहन छोड़ भागे चालक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार देर रात फुसरो-पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी मेन रोड पर ग्रामीणों की मुस्तैदी से मवेशी तस्करी की कथित कोशिश नाकाम हो गयी. ग्रामीणों ने मवेशी लदे तीन पिकअप वाहनों को रोककर पकड़ लिया. हालांकि, ग्रामीणों की भीड़ जुटती देख तीनों वाहनों के चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये. घटना की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल पेटरवार पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पेटरवार थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा और बेरमो पुलिस की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची. पुलिस ने तीनों पिकअप वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वाहनों में लदे मवेशियों को कहां से लाया गया था और उन्हें किस स्थान पर ले जाया जा रहा था. इसके साथ ही वाहनों से जुड़े दस्तावेज और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है. मामले में पुलिस फरार चालकों और पिकअप वाहनों के मालिकों का पता लगाने में जुटी है. वाहनों की पहचान और उनसे जुड़े रिकॉर्ड के आधार पर आगे की जांच की जा रही है. पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि तीनों वाहनों के पीछे किसी संगठित नेटवर्क की भूमिका है या नहीं. अधिकारियों के अनुसार, जांच में सामने आने वाले तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी.

### बीएकेएस का जोरदार विरोध प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन के द्वितीय चरण के सातवें दिन कोक ओवन सीजीएम कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कोक ओवन और आरएमएचपी विभाग में कार्यरत नियमित कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। संघ के अनुसार, बीएसएल कर्मचारियों से जुड़े 45 से अधिक मामले सेल कॉर्पोरेट स्तर पर, जबकि 60 से अधिक मुद्दे बोकारो इस्पात संयंत्र स्तर पर लंबित हैं। वेज रिवीजन 2017, एरियर, बोनस फॉर्मूला, एनजेसीएस में सुधार और ग्रेच्युटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर यूनियनों ने अलग-अलग न्यायालयों में मामले भी दायर किए हैं। सभा को संबोधित करते हुए विभागीय प्रतिनिधि विशेश्वर रजवार और आशीष टोपनो ने कहा कि वर्तमान बोनस फॉर्मूला कर्मचारियों के हितों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर अब आमरण अनशन और मौन जुलूस जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों से आंदोलन का समर्थन देने की अपील की। महासचिव हरिओम, अध्यक्ष दिलीप कुमार, उपाध्यक्ष कृष्ण रजवार और कोषाध्यक्ष राहुल साव समेत कार्यकारिणी सदस्यों ने भी सभा को संबोधित किया। संघ ने कहा कि विभिन्न स्तरों पर मांग पत्र और शिकायतें देने के बावजूद समाधान नहीं हुआ है। ऐसे में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### बच्चों ने रंगों में उकेरा विकसित भारत का सपना

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत पेटरवार स्थित पूज्य तपस्वी श्री जग जीवन जी महाराज ज्योति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 'विकसित भारत' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से विकसित और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को कागज पर उकेरा। बच्चों ने स्वच्छ एवं हरित भारत, आधुनिक परिवहन, डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट स्कूल, बेहतर आवास व्यवस्था और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर आकर्षक चित्र बनाए। विद्यार्थियों ने 'विकसित भारत-मेरा गर्व', 'हम सबका सपना-सुंदर भारत अपना' और '2047 का भारत' जैसे संदेशों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता के बाल वर्ग में आदित्य चंद्र ने प्रथम, दिव्या कुमारी ने द्वितीय और आरती कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग में साक्षी कुमारी प्रथम, सुनील कुमार द्वितीय और प्रतीक्षा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव सह भाजपा जिला महामंत्री संजय सिन्हा, जिला परिषद सदस्य प्रहलाद महतो, संरक्षक शांतिलाल जैन, प्रधानाचार्य नवीन कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार और जिला कोषाध्यक्ष रवि शंकर जायसवाल समेत विद्यालय के आचार्य एवं दीदी मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

### दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आजाद नगर वेलफेयर ट्रस्ट और साथी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में धनबाद डेंटल हॉस्पिटल के सहयोग से आजाद नगर गफ्फार कॉलोनी स्थित सिल्वर डव स्कूल परिसर में मौखिक एवं दंत चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्कूल के बच्चों, अभिभावकों और आसपास के स्थानीय लोगों की दांत एवं मौखिक स्वास्थ्य की जांच की गई। धनबाद डेंटल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक डॉ. विकास कुमार और डॉ. सुष्मिता कुमारी ने मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी दी गईं। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित रूप से दांतों की सफाई, सही तरीके से ब्रश करने और खान-पान में सावधानी बरतने की सलाह दी। इससे पहले आजाद नगर वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष शाहिद कमर एवं शाहिदा कमर ने चिकित्सकों का बुके देकर स्वागत किया। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। आयोजकों ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग के लिए चिकित्सकों, धनबाद डेंटल हॉस्पिटल, साथी फाउंडेशन के सचिव इरफान आलम, मीडिया प्रभारी इश्राउल हक समेत सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

### बीएसएल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक दायित्व विभाग की ओर से ग्रामीण स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के तहत बुधवार को ग्राम कुन्दौरी स्थित सरदार पटेल विद्यालय में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 852 से अधिक ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकीय परामर्श के बाद जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। शिविर में बोकारो जनरल अस्पताल के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। इसमें चर्म रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, दंत रोग, सामान्य चिकित्सा, ईएनटी, शिशु रोग और शल्य चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ शामिल रहे। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच के साथ ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण और स्वस्थ जीवनशैली को लेकर आवश्यक जानकारी दी। शिविर के आयोजन में पीरामल स्वास्थ्य की मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम ने भी तकनीकी एवं चिकित्सकीय सहयोग प्रदान किया।



# सड़क हादसों में घायलों की जान बचाने में पुलिस का त्वरित रिस्पॉन्स अहम : डीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस लाइन, बोकारो में बुधवार को पुलिस जवानों के लिए सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा और पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने पुलिस जवानों को आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी तरीके से रिस्पॉन्ड करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा हो या विधि-व्यवस्था, किसी भी आपात स्थिति में पुलिस का रिस्पॉन्स सबसे पहले दिखाई देता है। ऐसे में पुलिस जवानों के लिए प्राथमिक उपचार की जानकारी बेहद उपयोगी है। सड़क दुर्घटना के बाद गोल्डन आवर महत्वपूर्ण होता है। घायल को कम से कम समय में अस्पताल पहुंचाने के साथ रास्ते में आवश्यक प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस के माध्यम से अब तक करीब पांच हजार नागरिकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। दुर्घटना की सूचना तत्काल प्रशिक्षित लोगों तक पहुंचाने के लिए सिविल डिफेंस के व्हाट्सऐप ग्रुप को पुलिस व्यवस्था से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक पुलिस वाहन और थाना में फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की जा रही है। एसपी नाथू सिंह मीणा ने जवानों से प्रशिक्षण में सीखी प्राथमिक उपचार, रक्तस्राव रोकने, घायल को सुरक्षित संभालने और शीघ्र अस्पताल पहुंचाने की तकनीकों का जरूरत पड़ने पर प्रभावी उपयोग करने की अपील की। प्रशिक्षकों ने डीआरएससीएबी के तहत प्राथमिक उपचार, सीपीआर, रक्तस्राव रोकने तथा घायल को सुरक्षित संभालने की व्यवहारिक जानकारी दी। मौके पर मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी, जवान और सिविल डिफेंस के प्रशिक्षक मौजूद थे।



## एसएससी सीजीएल परीक्षा केंद्र का डीडीसी ने किया निरीक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कर्मचारी चयन आयोग (पूर्वी क्षेत्र), भारत सरकार द्वारा आयोजित संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-2026 (टियर-1) बुधवार से चास अनुमंडल क्षेत्र स्थित टीसा टेक्नोलॉजी, ई/176, मेन रोड, चिराचास परीक्षा केंद्र पर शुरू हुई। परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर प्रशासन की ओर से केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा की वरीय पदाधिकारी-सह उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने नोडल पदाधिकारी-सह डीपीआरओ मो. सफीक आलम और नगर समन्वयक-सह डीएसई अतुल कुमार चौबे के साथ परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्र प्रबंधन से आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। परीक्षा केंद्र पर कर्मचारी चयन आयोग के एसओपी के अनुरूप अभ्यर्थियों का ससमय और व्यवस्थित प्रवेश कराया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा संचालन प्रक्रिया, अभ्यर्थियों के प्रवेश तथा केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं का भी अवलोकन किया। डीडीसी ने संबंधित अधिकारियों और केंद्र प्रबंधन को आयोग के दिशा-निदेर्शों एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रशासन की ओर से परीक्षा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं पर निगरानी बनाए रखने की बात कही गई।

## वैध आवासधारियों से वैकल्पिक आवंटित आवासों में शिफ्ट होने की अपील

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लगभग दो वर्ष पहले एनआईटी, पटना के विशेषज्ञों से बीएसएल टाउनशिप के कुछ आवासों का स्ट्रक्चरल सेफ्टी सर्वे कराया गया था जिसके उपरान्त सेक्टर 12 के 149 ब्लॉक्स के 1242 आवासों को विशेषज्ञों द्वारा असुरक्षित घोषित किया गया. ये ऐसे आवास हैं जिनका रूटीन मरम्मत करने मात्र से समस्या का निदान संभव नहीं है, अतः इन्हें खाली कराने का निर्णय लिया गया. बीएसएल द्वारा जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि चिन्हित आवासों में जितने भी अलग-अलग श्रेणी के वैध आवासधारी हैं, उन्हें चरणबद्ध तरीके से दूसरे वैकल्पिक आवास आवंटित किए गए हैं और उन्हें कई बार वैकल्पिक आवासों में शिफ्ट होने की अपील की गई है. इसके पहले सार्वजनिक नोटिस के जरिए और व्यक्तिगत नोटिस के माध्यम से भी उन्हें सुरक्षा पहलुओं के आलोक में वैकल्पिक आवासों में शिफ्ट करने का आग्रह किया गया परन्तु अभी इसके अपेक्षित नतीजे नहीं मिल पाए हैं. जितने भी वैकल्पिक आवास आवंटित किए जा रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बीएसएल द्वारा मरम्मत कराया जा रहा है और आवश्यक रिपेयर के बाद ही उसे हैंडओवर किया जाएगा। इस क्रम में कई नव-आवंटित आवासों का मरम्मत समपन्न भी हो चुका है और हैंडओवर के लिए तैयार है. सभी प्रभावित आवासधारियों से पुनः अपील की जाती है कि उचित फोरम में संवाद के माध्यम से सभी पहलुओं के निराकरण के प्रयासों में बीएसएल का सहयोग करें, साथ ही सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए वैकल्पिक आवासों में यथासंभव जल्द से जल्द शिफ्ट करें।

### रोजगार भारती महिला आजीविका संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा आयोजित

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत सभागार में बुधवार को रोजगार भारती महिला आजीविका संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, बुंडू की वार्षिक आमसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति, उर्मिला देवी, जोशना कुमारी, रोशन कुमार, रंजीत कुमार एवं नमन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। संकुल-1 के अंतर्गत बुंडू, पेटरवार, सदमा कला, कोह, चरगी एवं अरजुवा पंचायतों के 29 ग्राम संगठनों के लेखापालों ने वर्षभर की गतिविधियों, उपलब्धियों और वित्तीय लेन-देन का विस्तृत विवरण आमसभा के समक्ष प्रस्तुत किया। उपस्थित सदस्यों ने सभी विवरणों को सर्वसम्मति से पारित किया। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना संकुल स्तरीय संघ की दीदियों ने प्रस्तुत की। कार्ययोजना में संगठन की आगामी गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी दी गई।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, रांची के. रवि कुमार ने बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय नाथ झा के साथ बीएस सिटी कैंप टू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से संवाद कर जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 की प्रगति और अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एसआईआर कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला स्तर पर नियमित बैठक और अद्यतन जानकारी साझा करने की बात कही। इसके बाद उन्होंने चंदनकियारी और बोकारो विधानसभा क्षेत्र के वज्रगृह तथा वीवीपैट वज्रगृह का भी निरीक्षण किया। संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर एसआईआर-2026 की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कार्यों को निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, ईआरओ-सह-एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, ईआरओ-सह-डीसीएलआर अनुराधा कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**एसआईआर-2026 की प्रगति की ली जानकारी**



## जर्जर आवास को लेकर संग्राम, बीएसएल ईडी पीएंडए के आवास का घेराव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के जर्जर आवासों को खाली कराने का मुद्दा बुधवार को उस समय गरमा गया, जब आवास बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने बीएसएल के ईडी पीएंडए राज श्री बनर्जी के आवास का घेराव कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और ईडी के आवास के गेट के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। आंदोलनकारियों का आरोप है कि बीएसएल प्रबंधन जर्जर घोषित आवासों को खाली कराकर लोगों को वैकल्पिक क्वार्टर आवंटित कर रहा है। उनका कहना है कि जिन वैकल्पिक आवासों में लोगों को भेजा जा रहा है, उनकी स्थिति भी रहने लायक नहीं है। समिति की मांग है कि पहले वैकल्पिक आवासों की आवश्यक मरम्मत कराई जाए और इसके बाद ही लोगों को वहां स्थानांतरित किया जाए। प्रदर्शन के दौरान एक वृद्ध महिला बेबी कुमारी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। आंदोलन को देखते हुए प्रशासन की ओर से प्रदर्शनकारियों को टू टैंक गार्डन में वार्ता के लिए बुलाने का प्रस्ताव दिया गया। हालांकि, समिति के सदस्यों ने ईडी के आवास के सामने ही बातचीत करने की मांग रखी। बीएसएल के मुख्य संचार अधिकारी मणिकांत धान ने बताया कि सुरक्षा जांच के दौरान सेक्टर-12 के 169 ब्लॉक जर्जर पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रबंधन वैकल्पिक आवासों में जरूरी मरम्मत कराने के लिए तैयार है। आवास के मुद्दे पर प्रदर्शन के कारण क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित किया गया। समिति ने अपनी मांगों को लेकर आगे भी आंदोलन जारी रखने की बात कही है।





### फर्जी तरीके से सिम उपलब्ध कराने वाले दो एजेंट चढ़े पुलिस के हत्थे

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साइबर अपराध के खिलाफ बोकारो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साइबर अपराधियों को फर्जी तरीके से सिम उपलब्ध कराने के आरोप में दो प्वाइंट ऑफ सेल एजेंट को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने जुलाई से अगस्त के बीच 180 से अधिक सिम साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराए थे। प्रत्येक सिम के बदले उन्हें 800 रुपये मिलते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड बरामद किए हैं। बरमसिया ओपी क्षेत्र से सामने आए इस मामले में साइबर पुलिस ने प्वाइंट ऑफ सेल एजेंट प्रदीप दास और मुकेश गोप को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, प्रदीप दास ने 140 से अधिक, जबकि मुकेश गोप ने 42 सिम साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराए थे। चास के अपर पुलिस अधीक्षक वेदांत शंकर के मुताबिक, दोनों आरोपी दूसरे लोगों के आधार कार्ड और अंगुलियों के निशान लेकर सिम सक्रिय करते थे और इसके बाद सिम साइबर अपराधियों तक पहुंचाते थे। पूछताछ में दोनों ने पैसे के लालच में ऐसा करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, इन सिम का इस्तेमाल फर्जी खाते बनाने, लोगों से साइबर ठगी करने और अन्य आपराधिक गतिविधियों में किया जाता था।

## इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स एसोसिएशन की 93वीं वार्षिक आम सभा में औद्योगिक विकास पर मंथन




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कोयलांचल की औद्योगिक पहचान को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स एसोसिएशन की 93वीं वार्षिक आम सभा उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुई। सभा में हार्डकोक उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने वर्तमान औद्योगिक परिस्थितियों, चुनौतियों और विकास की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। अध्यक्ष बीएन सिंह की अनुपस्थिति में एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष एसके सिन्हा उर्फ पलटन बाबू ने अध्यक्षीय अभिभाषण पढ़ा। उन्होंने कहा कि हार्डकोक उद्योग धनबाद की औद्योगिक और आर्थिक संरचना का महत्वपूर्ण आधार है। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका जुड़ी है। ऐसे में उद्योग की मजबूती रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था से भी जुड़ी है। उन्होंने कहा कि बदलते औद्योगिक परिदृश्य में नई तकनीक, आधुनिक उत्पादन प्रणाली, गुणवत्ता और ऊर्जा दक्षता को अपनाना जरूरी है। चुनौतियों को अवसर में बदलने के लिए उद्योग जगत में एकजुटता और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। साथ ही आधारभूत संरचनाओं के विकास तथा प्रशासन और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। सभा में उद्यमियों ने सड़क, बिजली और परिवहन जैसी सुविधाओं में निरंतर सुधार की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि प्रशासन और उद्योग जगत के बीच बेहतर संवाद तथा समस्याओं के त्वरित समाधान से औद्योगिक गतिविधियों को गति मिल सकती है। 93 वर्षों की यात्रा एसोसिएशन की लंबी औद्योगिक विरासत और निरंतर सक्रिय भूमिका को दशार्ती है। सभा में औद्योगिक विकास, रोजगार के विस्तार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के समग्र विकास का सशक्त केंद्र बनाएं: उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 के तहत बुधवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के बीच जिला स्तरीय पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, डीडीसी शताब्दी मजूमदार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। जिले की 11 आईसीडीएस परियोजनाओं से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने स्थानीय एवं पारंपरिक खाद्य सामग्रियों से तैयार पौष्टिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए। उपायुक्त ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यंजनों का स्वाद चखा और सेविकाओं-सहायिकाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पोषण माह केवल एक माह की गतिविधि नहीं, बल्कि निरंतर जनभागीदारी का अभियान है। आंगनबाड़ी केंद्र गांव के बच्चों के समग्र विकास का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। उन्होंने गांवों में बच्चों की पहचान और मैपिंग कर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई बच्चा पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। प्रतियोगिता में बेरमो, कसमार और नावाडीह परियोजनाओं को संयुक्त रूप से प्रथम, पेटरवार, चंद्रपुरा, चंदनकियारी और जरीडीह को द्वितीय तथा गोमिया, चास सिटी और चास रूरल को तृतीय पुरस्कार मिला। बेरमो की माला देवी का रागी मोमो और चंद्रपुरा की रंजीता देवी का मड़वा पिज्जा विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम में सात नव चयनित आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। दो बच्चों का अन्नप्राशन और तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी कराई गई।



## गंभीर औद्योगिक अशांति को न्योता दे रहा है वर्तमान बीएसएल प्रबंधनः कुमार अमित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और भारतीय उद्योग मजदूर संघ के महामंत्री कुमार अमित ने वर्तमान बीएसएल प्रबंधन के रवैये पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रबंधन आत्ममुग्धता में लीन है और अपने ही कार्य शैली से सभी स्टेकहोल्डर्स को एक साथ चुनौती दे रहा है। श्री अमित ने कहा कि एक ओर प्रबंधन सेक्टर-12 के क्षतिग्रस्त ब्लॉक के नाम पर अपने ही नियमित कर्मचारियों को जबरन गैर-पसंदीदा आवासों में शिफ्ट कर रहा है, वहीं दूसरी ओर इसी प्लांट में अपनी पूरी जवानी खपाने वाले सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मियों को परिवार सहित सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया है। प्रबंधन की कार्यशैलियों ने विस्थापित अप्रेंटिसों को भी उनके हक के लिए बार-बार सड़क पर उतरने को विवश किया है। 39 माह के बकाया एरियर को रोककर प्रबंधन ने अपने नियमित कर्मचारियों को भी अपने विरोध में खड़ा कर लिया है। इतना ही नहीं, प्लॉटधारियों की दुकानों को बिना किसी ठोस कारण के तोड़ा जा रहा है, जिससे बोकारो के व्यापारी वर्ग में भी भारी आक्रोश है। कर्मचारियों के छोटे-मोटे निर्माण को नियमों का हवाला देकर तोड़ा जा रहा है, वहीं अधिकारियों/कर्मचारियों को जबरन रिटायरमेंट का भय दिखाया जा रहा है। ठेका श्रमिकों के मामले में भी प्रबंधन का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है। जो ठेका कर्मी 'कट मनी' नहीं लौटा रहे हैं, उन्हें नौकरी से निकाला जा रहा है, जबकि विस्थापितों के मुद्दों पर कोई सार्थक वार्ता नहीं हो रही है। श्री अमित ने आरोप लगाया कि वर्तमान प्रबंधन कुछ चुनिंदा मजदूर संगठनों के साथ साठ-गांठ कर बैठक का कोरम पूरा दिखाकर मंत्रालय को दिग्भ्रमित कर रहा है। वर्तमान प्रबंधन अपने इस रवैये के कारण कर्मचारियों, रिटायर्ड कर्मचारियों, ठेका मजदूरों, विस्थापितों, अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं, प्लॉटधारियों, व्यापारियों, ठेकेदारों सहित सभी स्टेकहोल्डर्स को एक साथ चुनौती दे रहा है। प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि संवाद का द्वार खुला रखे और बेहतर औद्योगिक संबंध कायम करे। श्री अमित ने कहा। उन्होंने कहा कि बोकारो के हजारों लोगों ने अपने प्रिय प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर स्थगित विस्तारीकरण को फिर से बोकारो की धरती पर लाया है। यदि इसी प्रकार औद्योगिक अशांति बढ़ती रही तो राष्ट्रीय इस्पात नीति-2017 के तहत बोकारो का प्रस्तावित विस्तारीकरण प्रभावित होगा, जो न केवल बोकारो के लिए, बल्कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने पर भी कुठाराघात होगा।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com